चैत्र कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 8 अप्रैल 2024
वर्ष 4, अंक 50, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

हमले में छह सुरक्षाकर्मी समेत 12 आतंकवादी ढेर 14

कंगना ने फिल्म इमरजेंसी बनाने की वजह बतायी 13

एक नजर

जम्मू-कश्मीर में तीन आतंकियों की संपत्ति कुर्क

श्रीनगर। जम्मू- कश्मीर पुलिस ने बारामुला जिले में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में घुसपैठ करने वाले तीन आतंकियों की संपत्तियां कुर्क की। आतंकियों की पहचान सुल्तानदाकी निवासी मोहम्मद लतीफ, मदियान के सदर दीन और सिंगटुंग गौहालन के अजीज दीन के रूप में हुई है, जो पुलिस द्वारा घुसपैठ के आरोप में भगोड़ा घोषित हुए हैं। पुलिस ने रविवार को कहा, उप न्यायाधीश उरी से आदेश के बाद क्रमश: 18 कनाल और 6 मरला, 9 मरला और 12 कनाल संपत्ति कुर्क की गई है। पुलिस ने कहा कि जांच में पाया गया कि यह संपत्तियां घोषित अपराधियों से संबंधित है।

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में भूकंप के झटके लगे

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने कहा कि सुबह करीब 2.47 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.5 आंकी गई। इससे पहले शनिवार को भी जिले में 3.8 तीव्रता का भूकंप आया था। पिछले एक हफ्ते से इस केन्द्र शासित प्रदेश के कुछ हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए जा रहे हैं।

चुनाव और त्योहारों के मद्देनजर ड्राई डे घोषित

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने अप्रैल से जून के दौरान चुनाव और त्योहारों के मद्देनजर शुष्क दिवस (ड्राई डे) घोषित कर दिए हैं। आबकारी विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि दिल्ली में शराब की दुकानें ईद-उल-फितर (11 अप्रैल), राम नवमी (17 अप्रैल), महावीर जयंती (21 अप्रैल), बुद्ध पूर्णिमा (23 मई) और ईद-उल-जुला (17 जून) को बंद रहेंगी। उत्तर प्रदेश के बागपत, गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर में लोकसभा चुनाव के कारण 24 अप्रैल शाम 6 बजे से 26 अप्रैल शाम 6 बजे तक शुष्क दिवस रहेगा। दिल्ली की सात सीट पर मतदान के तहत दुकानें 23 मई की शाम 6 बजे से 25 मई की शाम 6 बजे तक बंद रहेंगी।

हेमंत सोरेन के खिलाफ सबूतों में फ्रिज और स्मार्ट टीवी के बिल

- पूर्व सीएम पर 8.86 एकड़ भूमि अवैध तरीके से हासिल करने का आरोप

नई दिल्ली/रांची। ईडी ने अपने दस्तावेज में फ्रिज और स्मार्ट टीवी का बिल सबूत के रूप में शामिल किया है कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 31 करोड़ से ज्यादा की कीमत की 8.86 एकड़ जमीन अवैध तरीके से हासिल की थी।

जांच एजेंसी ने रांची के दो डीलर से ये रसीदें प्राप्त कीं और उन्हें पिछले महीने झामुमो नेता और चार अन्य के खिलाफ दायर आरोप पत्र में शामिल किया। रांची में न्यायाधीश राजीव रंजन की विशेष पीएमएलए अदालत ने चार अप्रैल को आरोप-पत्र पर संज्ञान लिया। सोरेन के सीएम पद से इस्तीफा देने के तुरंत बाद 31 जनवरी को भूमि हड़पने से संबंधित धनशोधन मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। वह रांची के होटवार के बिरसा मुंडा जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी के अनुसार, दोनों उपकरण संतोष मुंडा के परिवार के सदस्यों के नाम पर थे।

कांग्रेस के घोषणापत्र से तुष्टिकरण की राजनीति की बू आ रही : मोदी

नवादा, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उसके द्वारा हाल में जारी घोषणापत्र में 'तुष्टिकरण की राजनीति' की बू आ रही है और ये ऐसा है मानो इसे मुस्लिम लीग लेकर आई है।

बिहार के नवादा जिले में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष कोई छोटा पद नहीं है। वह कहते हैं कि धारा 370 का राजस्थान से क्या लेना-देना है। यह टुकड़े-टुकड़े गैंग की मानसिकता है। उनके विचार राजस्थान और बिहार के सुरक्षाकर्मियों का अपमान हैं, जिन्होंने जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ते हुए प्राण गंवाए और उनके शव तिरंगे में लिपटे हुए वापस आए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, बिहार में उसकी सहयोगी राजद और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटक संविधान के बारे में बात करना बहुत पसंद करते हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में बाबा साहेब आम्बेडकर के संविधान को लागू क्यों नहीं किया। यह केवल मोदी के शासन में ही संभव हो सका। प्रधानमंत्री ने तीन तलाक प्रथा के खिलाफ अपनी सरकार के कदम का भी जिक्र किया और कहा, दो दिन पहले कांग्रेस ने जो अपना घोषणा पत्र जारी किया है, उसमें भी मुस्लिम लीग के विचारों की छाप है। कांग्रेस ने घोषणा घोषणा पत्र नहीं, तुष्टिकरण पत्र जारी किया है।

- बिहार के नवादा जिले में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को घेरा

आज पूरी दुनिया में बज रहा भारत का डंका

प्रधानमंत्री ने कहा कि 10 वर्षों में बिहार के लोगों ने देश हित में लिए गए अनेक बड़े निर्णय देखे हैं। आज भारत में बिहार में, आधुनिक आधारभूत संरचना का निर्माण किया जा रहा है। आज आधुनिक एक्सप्रेसवे बन रहे हैं। रेलवे स्टेशनों आधुनिकरण हो रहा है। वंदे भारत जैसी ट्रेनें बढ रही हैं। डिजिटल क्रांति ने सरकार की सेवाओं को आपके मोबाइल में पहुंचा दिया है। आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। यह कैसे हो रहा है। यह मोदी के कारण नहीं हो रहा है। यह आपके वोट के कारण हो रहा है। आपके उस वोट की ताकत है जिसने देश को मजबूत सरकार दी और उसके कारण देश मजबूत कदम उठा रहा है।

प. बंगाल में हमले के बाद एनआईए की टीम पर ही हो गई एफआईआर

गिरफ्तार टीएमसी नेता की पत्नी ने लगाया मारपीट और बदतमीजी करने का आरोप

कोलकाता, एजेंसी

- भूपतिनगर में हुए हमले में एनआईए का एक अधिकारी हुआ था घायल

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के गिरफ्तार नेता मनोब्रत जना की पत्नी मोनी जना ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के अधिकारियों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि अधिकारियों ने जांच के बहाने भूपतिनगर स्थित उनके आवास में जबरन घुसकर उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाने की कोशिश की। एनआईए ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के पुरबा मेदिनीपुर जिले में 2022 में हुए विस्फोट के मामले में दो प्रमुख साजिशकर्ता मनोब्रत जना और बलाई चरण मेइती को गिरफ्तार किया था। विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई थी।

टीएमसी नेता की पत्नी ने भूपतिनगर पुलिस थाने में दायर कराई अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि एनआईए के अधिकारियों ने शनिवार सुबह छापेमारी के दौरान उनके आवास पर तोड़फोड़ भी की। पुलिस के अनुसार महिला की शिकायत पर प्राथमिकी में आईपीसी की धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला करना) जोड़ी गई है। मेदिनीपुर जिले में 2022 में हुए एक विस्फोट के मामले में दो प्रमुख साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार करने गई एनआईए की एक टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया था, जिसके बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी ने एजेंसी के अधिकारियों पर ग्रामीणों पर हमला करने का आरोप लगाया। हमले में एनआईए का एक अधिकारी घायल हो गया और एक वाहन भी क्षतिग्रस्त हुआ था।

एनआईए ने कहा- हमला बिना किसी उकसावे के हुआ

नई दिल्ली। एनआईए ने दो साल पुराने विस्फोट के मामले में छापेमारी और गिरफ्तारी करते समय दुर्भावनापूर्ण इरादा होने संबंधी आरोप का रविवार को खंडन किया। मामले में शनिवार को दो लोगों को गिरफ्तार करने गई एनआईए की टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया था, जिसमें एक अधिकारी घायल हो गया था और एक वाहन क्षतिग्रस्त हुआ था। एनआईए ने पूरे विवाद को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और स्पष्ट किया कि उनकी टीम पर हमला बिना किसी उकसावे के किया गया था।

जांच एजेंसियां भाजपा में शामिल होने को कह रहीं : ममता

पुरुलिया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसियां टीएमसी नेताओं से या तो भाजपा में शामिल होने या कार्रवाई का सामना करने के लिए कह रही हैं। पुरुलिया जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि ईडी, सीबीआई, एनआईए और आयकर विभाग जैसी एजेंसियां भाजपा के हथियार के रूप में काम कर रही हैं। टीएमसी नेताओं को परेशान करने के लिए एजेंसियां बिना किसी पूर्व सूचना के छापेमारी कर रही हैं।

एनआईए-भाजपा के बीच अपवित्र गठजोड़ : टीएमसी

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने रविवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच अपवित्र गठजोड़ है। पार्टी ने यह भी कहा कि निर्वाचन आयोग ने इस मुद्दे पर स्पष्ट रूप से चुप्पी साध ली है। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि एनआईए और भाजपा के बीच बनता गठजोड़ महसूस हो रहा है। तृणमूल नेताओं और आदर्श आचार संहिता के खिलाफ साजिशें रची जा रही हैं।

गुंडों का बंगाल के कई क्षेत्रों पर नियंत्रण : राज्यपाल

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि कानून-व्यवस्था पूरे राज्य में खराब नहीं है और राज्य के कुछ हिस्सों में हिंसा के लिए वर्तमान तृणमूल कांग्रेस सरकार को पूरी तरह से जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि इसका कारण अतीत की विरासत हो सकता है। बोस ने कहा कि उनकी और बनर्जी की धारणाएं अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन वे एक उचित शिष्टाचार बनाए रखते हैं। उन्होंने कहा कि संदेशखालि में महिलाओं का सम्मान खंडित किया गया था, यह चिंताजनक स्थिति थी।

पिता-भाई ने युवती की हत्या कर जलाया शव

संवाददाता, एटा

- अधजले शव को चिता से उतारकर पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा, आरोपी फरार

अमृत विचार : नयागांव थाना क्षेत्र में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। पिता और भाई ने 20 वर्षीय युवती की गोली मारकर हत्या कर दी, जिसके बाद शव को जला दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चिता से अधजले शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आरोपी पिता और भाई को तलाश रही है।

शनिवार को नयागांव थाना पुलिस को सूचना मिली कि गांव गाही में युवती को गोली लगी है। उसको सीएचसी अलीगंज लाया गया है। पुलिस अस्पताल पहुंची तो पता चला कि युवती की मौत हो गई और परिजन शव लेकर घर चले गए। गांव में पुलिस पहुंचने तक अंतिम संस्कार कर दिया गया।

पड़ताल में पता लगा कि युवती की गोली मारकर हत्या की गई। गांव का महेन्द्र सिंह अपनी बेटी सपना (20) के चाल चलन से खुश नहीं था। शनिवार को बेटी से झगड़ा होने पर गुस्साए महेंद्र ने बेटे रिन्कू के साथ मिलकर बेटी को गोली मार दी। किसी को पता न लगे इसलिए शव को खेत में ले जाकर लकड़ियां, कंडे एकत्रकर जला रहे थे। किसी ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस को देख आरोपी भाग निकले। चिता से उतारकर पुलिस ने अधजले शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। मौके से फील्ट यूनिट, डॉग स्क्वायड ने साक्ष्य जुटाए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाह, पुलिस उपाधीक्षक सुधांशू शेखर ने मौके पर पहुंचकर जांच की। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बेटी के चरित्र पर शक के चलते हत्या की गई। क्षेत्राधिकारी अलीगंज सुधांशु शेखर ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास हो रहे हैं।

चिता के पास जांच-पड़ताल करते एएसपी धनंजय सिंह और डॉग स्क्वॉयड।

युवती ने प्रेमी से मिलकर की दूसरे प्रेमी की हत्या

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- युवती की निशानदेही पर पुलिस ने बरामद किया बदायूं के युवक का शव

> युवक की हत्या त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग में की गई है। युवती की निशानदेही पर शव बरामद कर लिया गया है।
> -संदीप सिंह, सीओ द्वितीय

अमृत विचार : बदायूं में दो अप्रैल से लापता युवक की हत्या कर दी गई। उसका शव रविवार को बरेली के सुभाष नगर इलाके से बरामद हुआ। युवक का कादरचौक थाना क्षेत्र के एक गांव की लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उस लड़की का पहले इस युवक के दोस्त से प्रेम प्रसंग था। इसी त्रिकोणीय प्रेम संबंध में युवती ने पहले प्रेमी के साथ मिलकर दूसरे प्रेमी की हत्या कर दी। पुलिस ने युवती को गिरफ्तार करके उसकी निशानदेही पर शव बरामद कर लिया है।

बदायूं के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के आर्यपुर नवादा निवासी निकलेश गौतम उर्फ बबलू का 21 वर्षीय बेटा शिवांशु बीएससी का छात्र था। वह पिता की परचून की दुकान पर बैठता था। दो अप्रैल को शाम साढ़े पांच बजे शिवांशु दोस्त के घर जाने की बात कहकर निकला था। इसके बाद उसका पता नहीं चला तो परिजनों ने पांच अप्रैल को उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

परिजन व पुलिस उसकी तलाश कर रहे थे। कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस को उसकी प्रेमिका कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव निजामाबाद निवासिनी तनु के बारे में पता लगा। पुलिस ने तनु को पकड़कर पूछताछ की तो पता लगा कि उसने अपने पहले प्रेमी सनी निवासी विजनगर थाना कोतवाली के साथ मिलकर बरेली में शिवांशु की हत्या कर दी और शव सुभाषनगर थाना क्षेत्र में सनैइया की तलैया शैतान अड्डा की झाड़ियों में फेंक दिया।

तनु की निशानदेही पर बदायूं पुलिस ने सुभाषनगर पुलिस के सहयोग से शिवांशु का शव बरामद कर लिया। शव पर अंडरवियर के अलावा कोई कपड़ा नहीं था। सीओ द्वितीय संदीप सिंह, इंस्पेक्टर सुभाषनगर सतीश कुमार राय, इंस्पेक्टर थाना सिविल लाइंस बदायूं और फील्ड यूनिट की टीम मौके पर पहुंची। शव मिलने के बाद बदायूं पुलिस ने गुमशुदगी हत्या में तरमीम कर दी है। पुलिस ने बताया कि तनु मल्टीलेवल कंपनी में नेटवर्किंग का कार्य करती है। वहीं किसी अस्पताल से नर्सिंग का कोर्स भी करती है।

तनु के चक्कर में सनी ने दोस्त के खून से रंगे हाथ

पुलिस के अनुसार सनी कश्यप और शिवांशु दोनों अच्छे दोस्त थे। सनी ने ही तनु से शिवांशु को मिलवाया था। बाद में तनु और शिवांशु में प्रेम प्रसंग हो गया। यहीं से सनी मन ही मन शिवांशु से रंजिश मानने लगा। दो अप्रैल को सनी ने तनु से कॉल कराकर शिवांशु को बरेली बुलाया। तनु और शिवांशु बातें कर रहे थे। इसी बीच सनी आ गया। सनी को देख शिवांशु जाने लगा तो सनी और तनु ने उसे रोक लिया। रात को नशीला पदार्थ देकर शिवांशु का गला घोंटकर हत्या कर दी। शव को बांधकर गद्दे में लपेटा और चोकर की बोरी में भर लिया। शिवांशु की ही बाइक पर शव रखकर तनु व सनी ने सनैइया स्थित शैतान तलैइया अड्डा पर झाड़ियों में फेंक दिया।

ललित नारायण मिश्र हत्याकांड

हाईकोर्ट ने सुनवाई को याचिका की सूचीबद्ध

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने 48 साल पहले बिहार के समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर पूर्व रेल मंत्री ललित नारायण मिश्र की हत्या की निष्पक्ष जांच कराने की उनके पोते की याचिका 16 मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की है।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की पीठ ने वैभव मिश्र की अर्जी दोषियों की अपील के साथ सूचीबद्ध की। अपील में, हत्या के लिए दोषसिद्धि और आजीवन कारावास की सजा सुनाने को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 13 अक्टूबर को वैभव को दोषियों की अपील पर अंतिम सुनवाई में सहायता करने की अनुमति दी थी, जिसके बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री के पोते ने हाईकोर्ट का रुख किया।

तीन और षड़यंत्रकारी गिरफ्तार

तीनों आरोपी पीलीभीत, रामपुर और शाहजहांपुर से दबोचे गए

संवाददाता, नानकमत्ता

बाबा तरसेम हत्याकांड

- संरक्षण देने के आरोप में चार षड़यंत्रकारियों को पुलिस पहले ही कर चुकी है गिरफ्तार

अमृत विचार : नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में पुलिस ने तीन और षड़यंत्रकारियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने ही शूटर्स को पौनिया राइफल और कार उपलब्ध कराई थी। चार षड़यंत्रकारी पूर्व में ही गिरफ्तार हो चुके हैं। वहीं, दोनों शूटर्स अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

बाबा तरसेम सिंह की 28 मार्च को डेरे में घुस कर बाइक सवार दो शूटर्स ने गोली मारकर हत्या करके भाग गए थे। घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरों में कैद था, जिससे दोनों शूटर्स की पहचान हुई थी। हाल ही में पुलिस ने शूटर्स हायर कर घटना को अंजाम दिलाने के आरोप में दिलबाग सिंह, बलकार सिंह, हरविंदर सिंह उर्फ पिंदी और अमरदीप को गिरफ्तार किया था। उनके कब्जे से दो कार भी बरामद हुई थी।

इधर, एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने रविवार को तीन और षड़यंत्रकारियों की गिरफ्तारी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि परगट सिंह पुत्र सोबरन सिंह निवासी तुलापुर (पीलीभीत), सुल्तान सिंह ग्राम दडहा, विलासपुर (रामपुर) और सतनाम सिंह निवासी कुइयां महोलिया, बंडा (शाहजहांपुर) भी बाबा तरसेम सिंह की हत्या में शामिल हैं। घेराबंदी कर परगट सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। हत्या में इस्तेमाल की गई 315 बोर की पौनिया राइफल जसपाल सिंह भट्टी उर्फ मिंटू पुत्र सतपाल सिंह निवासी केशोवाला मोड और सुखदेव सिंह गिल उर्फ सोनू गिल पुत्र सत्यपाल सिंह निवासी बन्नाखेड़ा ने हत्यारों को मुहैया कराई थी। दोनों हत्यारोपी अमरजीत और सरबजीत सिंह को जसपाल ने 17 मार्च को कार भी दी थी। पुलिस ने शनिवार को जसपाल सिंह भट्टी और रविवार को सुखदेव सिंह गिल को गिरफ्तार कर लिया।

भाजपा में शामिल हुए दिनेश अग्रवाल

- शनिवार को कांग्रेस के सभी पदों से पूर्व मंत्री ने दिया था त्यागपत्र

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में स्टार प्रचारक रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री दिनेश अग्रवाल ने कांग्रेस छोड़कर रविवार को भाजपा की सदस्यता ले ली। शनिवार को ही उन्होंने कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया था।

दिनेश अग्रवाल लंबे समय से कांग्रेस में थे। कांग्रेस ने उन्हें स्टार प्रचारक बनाया था। शनिवार को लंबे गिले-शिकवों के बाद उन्होंने कांग्रेस को छोड़ था। इधर, दिनेश अग्रवाल ने रविवार को भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, हरिद्वार से भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र रावत की मौजूदगी में सदस्यता ली। दिनेश अग्रवाल 1993 और 1996 में उत्तर प्रदेश के समय देहरादून विधानसभा सीट से चुनाव लड़े, लेकिन भाजपा के हरबंस कपूर से हार गए। राज्य बनने के बाद 2002 व 2007 में लगातार दो चुनाव में उन्होंने लक्ष्मण चौक सीट पर भाजपा के नित्यानंद स्वामी को हराया। फिर 2012 में धर्मपुर विधानसभा सीट पर प्रकाश ध्यानी को हराकर कांग्रेस विधायक बने। वह कैबिनेट मंत्री भी रहे थे।

भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक व त्रिवेंद्र सिंह रावत ने दिनेश अग्रवाल को भाजपा की सदस्यता दिलाई।

निपुण भारत मिशन बेसिक शिक्षा परिषद का प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों में लक्ष्य को पूरा करने पर जोर

लक्ष्य के लिए अग्रिम आदेश तक काम करते रहेंगे एआरपी

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

- शिक्षा महानिदेशक की ओर से शासन को भेजा गया प्रस्ताव
- 31 मार्च को सभी एआरपी का समाप्त हो गया था कार्यकाल

अमृत विचार: बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों में निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को 2025-26 में हर हाल में पूरा करना है। शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने लक्ष्य पर जोर देते हुए प्रदेश में तैनात एआरपी (एकेडमिक रिसोर्स पर्सन) को अग्रिम आदेश तक काम करने की अनुमति दी है। दरअसल 31 मार्च को सभी एआरपी का कार्यकाल समाप्त हो गया था। इसलिए वह इसे लेकर असमंजस में थे। दरअसल शासन ने पिछले वर्ष 5 जनवरी को एआरपी के सेवा अवधि का विस्तार करते कार्यकाल 31 मार्च 2024 कर दिया था। इस बार फिर अग्रिम आदेश तक मौका दिया गया है। इस स्थिति में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, क्रियाकलापों को जारी रखना होगा। साथ ही बेहतर समन्वय, गैप एनालिसिस, सतत अनुश्रवण व अकादमिक पहलुओं के संचालन के संबंध में प्रत्येक माह राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से केपीआई (की परफार्मेंस इंडीकेटर्स) अप्रैल माह 2024 के लिए भेजे गए हैं। सभी कार्यों को समय पर पूरा करना होगा। जिम्मेदार अधिकारी को भी निर्देश दिए गए हैं कि वह प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित केपीआई को समय पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इसकी प्रगति की समीक्षा मासिक बैठकों में की जाएगी।

> निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है। अभी एआरपी अपने पदों पर रहते हुए कार्य करते रहेंगे। उनके लिए नये शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए जो दिशा निर्देश जारी किए गये हैं उनके अनुसार सभी कार्यों को समय से पूरा करना होगा।
> -कंचन वर्मा, स्कूल शिक्षा महानिदेशक

आचार संहिता के बाद की जाएगी छंटनी

विभागीय जानकारों ने बताया कि आचार संहिता के बाद जिन एआरपी ने बेहतर कार्य किया है उनका कार्यकाल जारी रहेगा। जिनका कार्य अच्छा नहीं रहा है उनकी जगह दूसरों को मौका दिया जायेगा। दरअसल कई एआरपी की कार्यशैली पर भी सवाल उठते रहे हैं।

2019 में शुरू की गई थी व्यवस्था

निपुण भारत मिशन के लिए शिक्षा महानिदेशक विजय किरण आनंद की पहल पर 2019 में ब्लॉक संसाधन एवं न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रों के पुनर्गठन का फैसला किया गया था। बीआरसी में पूर्व नियुक्त एबीआरसी एवं न्याय पंचायतों के एनपीआरसी की मूल विद्यालयों में वापसी कर इनके स्थान पर हर ब्लॉक में 6 एआरपी की नियुक्ति की गई थी। प्रत्येक ब्लॉक में 5 एआरपी चयन प्रक्रिया द्वारा एवं एक एआरपी डायट मेंटर के रूप में पदेन रूप में पदस्थापित किए गए थे।

रखरखाव के अभाव में खासी पहचान नहीं बना पाई झील, टापू है इसका मुख्य आकर्षण का केंद्र

भीमताल झील के सौंदर्यीकरण की उठने लगी मांग

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : कोई शक नहीं है कि भीमताल झील जनपद की अन्य झीलों की तरह सुंदर है, पर यह झील रखरखाव के अभाव के चलते खासी पहचान नहीं बना पाई है। अब जबकि शासन स्तर पर झीलों के संरक्षण और रखरखाव के लिए खास धन अवमुक्त किया जा रहा है तो भीमताल झील के सौंदर्यीकरण की मांग भी उठने लगी है। भीमताल झील का मुख्य आकर्षण का केंद्र इसका टापू है।

वहीं झील की विशेष आकृति इसको विशेष पहचान दिलाती है। भीमताल झील के चारों तरफ लगभग दर्जन भर से भी अधिक स्थान ऐसे हैं जिसकी दीवारें झील में समाई हुई हैं वहीं कई स्थान ऐसे हैं जिसकी रेलिंग टूटकर झील में गिरी हुई है।

इतना ही नहीं भीमताल के चारों ओर पानी में गंदगी तैरती नजर आती है। झील के पानी को स्वच्छ करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिसके चलते कई स्थानों पर झील के पानी से बदबू भी आती है।

वहीं झील के पानी के रिसाव को कम करने के लिए शासन स्तर पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

> भीमताल नगर पालिका को भीमताल झील का स्वामित्व दिया जाना चाहिए। इससे न केवल नगर पालिका की आमदनी होगी बल्कि भीमताल झील को एक विशेष पहचान भी मिलेगी।
>
> –**हितेन्द्र बिष्ट**, सामाजिक कार्यकर्ता

> भीमताल झील के चारों तरफ जो गंदगी है उसको हटाया जाना नितांत आवश्यक है, बल्कि एक व्यापक योजना के अंतर्गत इस पर कार्य किया जाना चाहिए।
>
> –**विपिन चंद्रा, सामाजिक कार्यकर्ता**

> भीमताल झील का स्वामित्व दिए जाने को लेकर शासन स्तर पर कई बार पत्राचार किया गया था। यह मामला अभी शासन स्तर पर लंबित है।
>
> –**देवेन्द्र चनौतिया, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष**

स्थानीय लोगों के मुताबिक झील पर कई परिवारों की आजीविका निर्भर है। ऐसे में भीमताल झील को विशेष रखरखाव की आवश्यकता है।

वहीं कई लोगों ने भीमताल झील का स्वामित्व नगर पालिका को देने की मांग भी की है। इधर निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र चनौतिया बताते हैं कि उनके द्वारा कई बार स्वामित्व दिए जाने की मांग को लेकर उनके कार्यकाल में पत्राचार प्रारंभ किया गया था।

ऊर्जा निगम ने 90 प्रतिशत पूरा किया वसूली का लक्ष्य

नैनीताल : ऊर्जा निगम ने इस वित्तीय वर्ष बकायेदारों से लगभग 12 करोड़ का लक्ष्य रखा था। जिस पर ऊर्जा निगम ने सरकारी विभागों लोनिवि, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और निजी कनेक्शनों से लगभग 10.50 करोड़ की वसूली की। ऊर्जा निगम को अभी लगभग 1.50 करोड़ की वसूली और करनी है।

ऊर्जा निगम के सहायक अभियंता आरएस बिष्ट ने बताया कि शासन की ओर से ऊर्जा निगम को लगभग 12 करोड़ की वसूली का लक्ष्य दिया था, जिसमें से लगभग 10.50 करोड़ की वसूली की जा चुकी है। अभी दो दिन का समय और है लक्ष्य को पूरा करने की कोशिश की जाएगी।

धारी में निजी सड़क बनाने को पेड़ काटे

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : धारी में शनिवार को वन पंचायत मझेला में ग्राम सभा कौल के निजी मोटर मार्ग निर्माण में कई पेड़ काट डाले। सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची व जांच में जुट गई। स्थानीय बिल्डर पर पेड़ों पर आरी चलाने का आरोप है। ग्रामीणों के मुताबिक काटे गये पेड़ों की संख्या 10 से भी अधिक हो सकती है।

मौके पर पेड़ों के खूट व कटी लकड़ी मिली है। वहीं वन विभाग की टीम के पहुंचने से पहले ही निर्माण कार्य में जेसीबी चालक मशीन लेकर फरार हो गया। प्रमोद कुमार आर्या वन क्षेत्र अधिकारी ने बताया कि धारी में पेड़ काटने का मामला सामने आया है। जांच के लिए टीम भेजी है। सरपंच सोना देवी ने वन विभाग की टीम के साथ निरीक्षण किया। आरोपी के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। इस मौके पर प्रमोद कुमार आर्या वन क्षेत्र अधिकारी उत्तरी गौला रेंज, वन दरोगा पूरन मेलकानी, वन रक्षक चन्दन सिंह मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गये।

काटे गए हरे पेड़ों की लकड़िया।

सार-संक्षेप

हरमन माइनर शिक्षण संस्थान ने मनाया विश्व स्वास्थ्य दिवस

भीमताल : हरमन माइनर शिक्षण संस्थान में ऑनलाइन माध्यम से विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता, व्यायाम आदि गतिविधियों को इसमें शामिल किया गया। विद्यार्थियों ने इसमें बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। पोस्टर, चार्ट, व्यायाम आदि के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। संस्थान की प्राचार्य डॉ. मुक्ता ने स्वास्थ्य से संबंधित विचारों से बताया कि हम शरीर में जो कुछ डालते हैं उसका सीधा असर हमारे शरीर पर पड़ता है हमारा शरीर हमारे भोजन से ऊर्जा पोषक तत्व प्राप्त करता है। इस उपलक्ष में डॉ. गीता, शालिनी, भारती समेत संस्थान के शिक्षक व कर्मचारी आदि मौजूद थे।

विधिक साक्षरता और जागरूकता शिविर का आयोजन

नैनीताल : विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर नैनीताल में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला न्यायाधीश सुबीर कुमार के निर्देशानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीनू गुलयानी के नेतृत्व में डीएसबी कॉलेज के छात्रावास में विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्राओं को बताया गया कि वर्ष 2024 में विश्व स्वास्थ्य दिवस का विषय है "मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार"। जागरूकता शिविर में दंत विशेषज्ञ डॉ सोनाली ने स्वास्थ्य संबंधित जानकारियां छात्रों को दी। बीनू गुलायनी ने महिला सशक्तिकरण, पोक्सो एक्ट, नशा एवं संबंधित अधिनियम एवं नशे के दुष्प्रभाव, किशोर न्याय संबंधित जानकारी देने के साथ साथ नालसा टोल फ्री नंबर 15100, स्थाई लोक अदालत आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

कांग्रेस प्रत्याशी के लिए किया जनसंपर्क

भीमताल : कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मल्लीताल विकास भवन, सालम बस्ती, औद्योगिक क्षेत्र में जनसंपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के पक्ष में घर-घर जाकर मतदान की अपील की। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष डीके डालाकोटी, पूर्व चेयरमैन देवेंद्र सिंह चनौतियां, जिला युवा उपाध्यक्ष नीरज कुमार, महिला अध्यक्ष हेमा परगाई, निर्मला आर्य, रीना आर्य, इंद्रजीत बिष्ट, गुंजन रौतेला, कुमुद बृजवासी, मनोज कुमार, आमिरबैग, सुभम नैनवाल, सूरज बोरा आदि मौजूद थे।

स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

भीमताल : भीमताल पुलिस ने 19 वर्षीय युवक को 7 .20 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। थाना अध्यक्ष जगदीप सिंह नेगी ने बताया कि 19 वर्ष की नमनभान पुत्र अरुण भान निवासी ग्राम नगारी थाना भवाली को सलरी में पुलिस गश्त के दौरान हरीनगर को जाने वाले रास्ते में गिरफ्तार किया गया।

सूर्याजाला में आयोजित बर्ड फेस्टिवल के दौरान पुरस्कार पाते प्रतिभागी।

फोटोग्राफर्स ने मनाया मनोरा बर्ड फेस्टिवल

हल्द्वानी : वाइल्ड टस्कर्स सोसाइटी ने रविवार को मनोरा बर्ड फेस्टिवल मनाया। भुजियाघाट के समीप सूर्याजाला में पर्यटन विभाग, वन विभाग और बलौट क्लब के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर एसीएफ वन विभाग राजकुमार शर्मा और जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी ने कहा कि प्रकृति के साथ रहने के लिए उसे बचाना बेहद जरूरी है। संस्था के अध्यक्ष विकास किरौला ने कहा कि कई बर्ड फोटोग्राफर्स ने मनोरा रेंज क्षेत्र में 150 से अधिक पक्षियों की प्रजाति को ढूंढा है। साथ ही बड़े पैमाने पर फोटोग्राफी भी की है। कार्यक्रम में विशाल ठाकुर, गनी शमा, मोनाल त्रिवेदी, सोनल परमार, मनोज पाई, राजू पटेल, मृदुला गोघरे, लोकेश लखोरकर, रामवीर, विशाल मोनाकर, सौरभ छाबरा, डॉ. आबिद अली खान, धर्मेंद्र जाट, राजबीर, अख्तर खान, त्रिलोक सिंह बिष्ट आदि रहे।

मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

हल्द्वानी : पाल कॉलेज में संस्थान के वर्तमान और पूर्व मेधावी छात्र-छात्राओं को शत-प्रतिशत उपस्थिति, सर्वोच्च अंक और खेल गतिविधियों के लिए पुरस्कृत किया गया। वार्षिकोत्सव के मौके पर छात्र-छात्राओं ने कुमाउंनी, बॉलीवुड, हरयाणवी, पंजाबी, नेपाली आदि के गीतों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस दौरान चैयरमेन नारायण पाल ने छात्र-छात्राओं को विज्ञान, तकनीक और सामाजिक ज्ञान के क्षेत्र में हो रहे परिवर्तन के लिए सजग रहने को प्रेरित किया। शिक्षा सलाहकार डॉ. केके पांडे ने छात्रों को समय का सदुपयोग करने को कहा। इस मौके पर सचिव कामिनी पाल, सीईओ निर्भय पाल, निदेशक प्रो. शुभो चट्टोपाध्याय, पूजा पडियार आदि मौजूद रहे।

देश हित में मतदान करने की अपील

लालकुआं : शहीद-ए-आजम भगत सिंह के भांजे प्रोफेसर जगमोहन सिंह ने बिन्दुखत्ता काररोड में आयोजित सभा में जात पात व धर्म को छोड़कर देश हित में मतदान करने की अपील की। प्रोफेसर जगमोहन सिंह अपने सहयोगी पर्यावरण विद डॉ रवि चोपड़ा के साथ कांगेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री हरिश्चंद्र दुर्गापाल, भाकपा माले नेता कैलाश पांडे, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू, महामंत्री प्रदीप बथ्याल, पूर्व अध्यक्ष बलवंत सिंह दानू, अमित बोरा, कैप्टन इंद्र सिंह पनेरी, कुंदन सिंह मेहता, मीना कपिल, हेमा आर्या आदि मौजूद रहे।

विभाग ने भेजा टैंकर, नहीं मिला पर्याप्त पानी

हल्द्वानी : राजपुरा के वार्ड 12 में पेयजल समस्या बरकरार है। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। रविवार को जल संस्थान ने वार्ड में टैंकर भेजा, लेकिन लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पाया। बता दें कि पिछले एक माह से क्षेत्र के लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई गई पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिसके चलते आपूर्ति ठप है। लोगों ने कई बार जल संस्थान के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। बीते शनिवार को लोगों के प्रदर्शन के बाद जल संस्थान ने रविवार को पानी का टैंकर भेजा, लेकिन लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पाया। सामाजिक कार्यकर्ता प्रीती आर्या ने बताया कि जल संस्थान की लापरवाही के चलते लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। यदि समय रहते क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन की जगह नई पाइप लाइन बिछा दी जाती तो दिक्कत नहीं होती। इसके लिए विभाग को प्रस्ताव भी तैयार कर दिया गया था।

विकास के दम पर तीसरी बार भी प्रधानमंत्री बनेंगे नरेंद्र मोदी : धामी

रामगढ़ के पास लेटीबुंगा में जनसभा में बोले मुख्यमंत्री, उमड़ा जन सैलाब

लेटीबुंगा में जनसभा में मौजूद मुख्यमंत्री और प्रत्याशी अजय भट्ट। ● अमृत विचार

लेटीबुंगा में जनसभा में मौजूद लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : रामगढ़ के समीप लेटीबुंगा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाया। कहा कि कांग्रेस चाहे कितनी भी कोशिश करे जनता भाजपा के साथ है। विकास के दम पर नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। इस बार भाजपा 400 से अधिक सीटों पर विजयी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने जो अपना घोषणा पत्र जारी किया है वह मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र है। बताया कि केंद्र सरकार ने यूसीसी बिल लागू किया, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, धारा 370 हटाई। प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के विकास में महत्वपूर्ण और सर्वाधिक कार्य किए हैं। प्रधानमंत्री ने जमरानी बांध, कुमाऊं में एम्स, हल्द्वानी में विकास की धनराशि दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वनभूलपुरा में हिंसा करने वालों को कठोर सजा दी जा रही है तो नकल के लिए भी कानून सरकार लेकर आई है।

विकसित भारत के लिए पांचों सीटों में भाजपा प्रत्याशी को जिताएं। इस दौरान जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा, पूर्व कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक दान सिंह भंडारी, ब्लॉक प्रमुख ओखल कांड कमलेश कैड़ा, ब्लॉक प्रमुख धारी आशारानी, दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा, पूर्व मंडी अध्यक्ष मनोज साह, क्षेत्र पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया, चतुर सिंह बोरा, नितेश बिष्ट, कार्तिक कर्नाटक, मनोज भट्ट, पूर्व जिला मंत्री दिनेश सांगुड़ी, राहुल जोशी समेत कई अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

सेंट जोसेफ में विद्यारंभ कार्यक्रम

रामनगर : भारतीय सांस्कृतिक परंपरा को बढ़ावा देने एवं विलुप्त हो रही भारतीय सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने तथा छोटे बच्चों का प्रथम प्रवेश विधिवत रूप से कराने के उद्देश्य से सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल पीरूमदारा में विद्यारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड लेखपाल संघ के प्रदेश महामन्त्री तारा चन्द्र धिल्डियाल व विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर अरुल ने दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद ज्ञान एवं शिक्षा के महत्व पर आधारित नृत्य एवं समूह गीत प्रस्तुत किये गये। मुख्य अतिथि तारा चन्द्र धिल्डियाल ने कहा कि बच्चों में नैतिक मूल्यों का ज्ञान हो इसकी जिम्मेदारी अध्यापक तथा अभिभावक दोनों की है। अभिभावकों एवं अतिथियों ने कार्यक्रम की खूब सराहना की। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

पंत पार्क की फड़ों का फिर से होगा सत्यापन

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नगर के मल्लीताल स्थित पंत पार्क में लगने वाली फड़ बाजार में 121 लाइसेंस धारकों को ही फड़ लगाने की अनुमति है लेकिन वर्तमान में इनकी संख्या 400 के करीब है।

जबकि नियम के अनुसार फड़ वही लगा सकता है जिसके पास आजीविका चलाने का कोई साधन नहीं है, लेकिन यहां पर अधिकांश फड़ संचालकों के पास आय के अन्य स्रोत भी हैं। साथ ही पालिका के कई कर्मचारियों के परिजनों की ओर से भी फड़ों का संचालन किया जा रहा, जिसको लेकर अब एक बार फिर से पालिका सभी का सत्यापन करने जा रही है। ईओ राहुल आनंद ने बताया कि उनको शिकायत मिली कि कई पालिका कर्मचारियों की ओर से भी फड़ों का संचालन किया जा रहा, जिसके लिए टीम को ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बाकी सभी फड़ संचालकों का सत्यापन भी किया जाएगा। जल्द ही पंत पार्क से इनको पालिका की ओर से चयनित वेंडर जोन में शिफ्ट किया जाएगा।

पंप खराब, लोग पानी के लिए हो रहे परेशान

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : भीमताल के मल्लिताल क्षेत्र में पानी के लिए जनता खासी परेशान है। भीमताल के ब्लॉक रोड स्थित पंप की मोटर तीन दिन से खराब है। इस कारण दो हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं को पानी के लिए भटकना पड़ रहा।

लोग प्राकृतिक स्रोतों पर निर्भर हो गए हैं। इधर उपभोक्ताओं ने बताया कि दो माह पूर्व विभागीय अधिकारियों ने भीमताल के पंपों में अतिरिक्त पंप होने की जानकारी दी थी वहीं वर्तमान में जब पंप खराब हुआ तो अतिरिक्त पंप के बारे में जानकारी नहीं है। मालूम हो कि कई समय से भाजपा नेता मल्लिताल में स्थित तीन पंप को मिलाने के लिए एक वृहत योजना को बनाने की मांग करते आ रहे हैं, जिसके लिए कई बार ज्ञापन भी दे चुके हैं। योजना के मुताबिक तीन पंप में से एक पंप के खराब होने पर और आपस में जुड़े होने पर दूसरे पंप की आपूर्ति भी की जानी थी। इस योजना को भी अभी तक धरातल में नहीं उतरा जा सका है। इधर लोगों ने बताया कि गर्मियों के दौरान भीमताल में पेयजल समस्या होने के कारण पर्यटन भी खासा प्रभावित रहता है। वहीं भीमताल में लगभग एक दर्जन पानी के टैंकर हैं जो कि उपभोक्ताओं से मनमाना किराया ले रहे हैं।

> ब्लॉक परिसर स्थित पंप में खराबी आई है, जिसको ठीक किया जा रहा। शीघ्र ही पंप को ठीक कर लिया जाएगा।
>
> –**हर्षित कुमार**, अवर अभियंता जल संस्थान

बार एसोसिएशन कार्यकारिणी का चुनाव आज

रामनगर : रामनगर बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के लिए सोमवार को चुनाव होगा। बार सभागार में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 तक मतदान कराया जाएगा। शाम को गिनती के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। रामनगर बार के सहायक चुनाव अधिकारी एमएस मेहता ने बताया कि सोमवार को छह पदों के लिए मतदान कराया जाएगा। अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवार मैदान में हैं। इसमें ललित मोहन जोशी, ललित मोहन तिवारी, प्रदीप अग्रवाल, रतन सिंह चौहान के बीच मुकाबला है। सचिव के लिए संतोष देवरानी और नरेंद्र सिंह रावत मैदान में हैं। उपसचिव के दो पदों के लिए गणेश कुमार 'गगन', राशिद खान और रंजीत सिंह मुकाबले में हैं। जबकि कोषाध्यक्ष, पुस्तकालय अध्यक्ष और ऑडिटर पद के लिए दो-दो उम्मीदवार मैदान में हैं। उपाध्यक्ष के लिए एकमात्र नामांकन होने से निर्विरोध चुना जाना तय है। बार में मतदान के लिए 105 सदस्य पंजीकृत हैं। इसमें टैक्स बार के सदस्य मतदान नहीं कर सकेंगे।

भाजपा प्रत्याशी के लिए किया जनसंपर्क

कालाढूंगी : भाजपा सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट के लिए कोटाबाग, कालाढूंगी व बैलपड़ाव में कार्यकर्ताओं घर-घर जाकर पत्रांक बांटे। रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरकार की उपलब्धियों गिनाते हुए मतदान की अपील की। इस दौरान कोटाबाग में मंडल अध्यक्ष जोगा मेहरा, महामंत्री विनोद बधानी, बैलड़ाव में भाजपा वरिष्ठ नेता हेम तिवारी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि भगवान तिवारी, मथुरा बैलवाल, अनिल बेलवाल, राम तिवारी, ग्राम प्रधान सुधा तिवारी व कालाढूंगी-चकलुवा में ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, महामंत्री हरीश मेहरा, जिपंस आरती टम्टा, विरेनद्र कुमार, दीवान बिष्ट, गोपाल बुढलाकोटी, भगवान कुमटीया आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया

नैनीताल में नर्स व अन्य को संबोधित करते डॉ. दुग्ताल। ● अमृत विचार

नैनीताल : रविवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर बीडी पांडे अस्पताल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एमएस दुग्ताल ने मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। कहा कि इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम मेरा स्वास्थ मेरा अधिकार है। विश्वभर की स्वास्थ समस्याओं और इनसे जुड़ीं चुनौतियों से निपटने के लिए यह थीम बनाई गई है। इस दौरान स्टाफ नर्स उर्मिला, मीनाक्षी, हेमा, सीमा आदि मौजूद रहे।

सिलाई प्रशिक्षण पूरा होने पर मिलेगी मशीन

नैनीताल : महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के मकसद से आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस विमेंस कलेक्टिव समूह ने ग्राम घूघू खान में महिलाओं के लिए एक माह के सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का रविवार को शुभारंभ किया। प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को सिलाई मशीन भी दी जाएगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रेशमा टंडन, कविता जोशी, सुनीता वर्मा प्रेमलता संगीता शाह, पूजा शाही, कविता सनवाल, सिम्मी अरोरा, पूजा मलहोत्रा, मंजू नेगी, सोनी अरोरा, किरण टंडन, ज्योति मेहरा, बीना शर्मा, रीना सामंत, कविता गंगोला, शिखा शाह, मंजू बिष्ट, उमा कांडपाल, निम्मी कीर, रमा तिवारी, श्वेता अरोरा, वन्दना मेहरा, कामना कंबोज, मधु बिष्ट, बिमला कफ्लटिया, संध्या तिवारी, मंजू सनवाल, सोमा शाह, अंबिका, ज्योति व क्षेत्र पंचायत सदस्य मनोज बिष्ट का सहयोग रहा।

नववर्ष पर रैली निकालेगा विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल

भीमताल : विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल भीमताल में 9 अप्रैल को प्रात: 10 बजे रामलीला ग्राउण्ड से हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में रैली निकालेगा। कार्यक्रम के विषय में प्रेस वार्ता कर पदाधिकारियों ने आम जनमानस से रैली को भव्य बनाने के लिए अधिक से अधिक जनमानस से उपस्थित रहने की अपील की। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष कमल सिंह देवका, राहुल जोशी, राजू न्याल, विनीत जोशी, रोहित पलड़िया आदि उपस्थित थे।

संगीतमय गायन सुनकर श्रोता झूमने पर मजबूर

नव संवत्सर के आगमन से पूर्व सुंदरकांड के पाठ में प्रतिभाग करतीं महिलाएं।

नैनीताल : लेक सिटी वेलफेयर क्लब नैनीताल की पहल पर रविवार को नव संवत्सर के आगमन से पूर्व गोवर्धन हॉल में सुंदरकांड का भव्य आयेजन किया गया। हल्द्वानी से आए रमेश पलड़िया और टीम की ओर से संगीतमय गायन से भावपूर्ण प्रस्तुति में सभी श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। लेक सिटी क्लब की नव निर्वाचित अध्यक्ष ज्योति ढोंडियाल एवं सचिव दीपा पांडे के नेतृत्व में चुनी गई नई कार्यकारिणी का यह प्रथम कार्यक्रम भव्यता से आयोजित हुआ।

गोदियाल के समर्थन में किया जनसंपर्क

रामनगर : पौड़ी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल को विजयी बनाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क किया। रविवार को पीरुमदारा, मालधन, कानिया, छोई सहित नगर क्षेत्रों में पार्टी कार्यकर्ताओं ने व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाकर पार्टी प्रत्याशी को जिताने की अपील की।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा छोई में घर घर तिरंगा फहराते हुए गणेश गोदियाल के लिए वोट मांगे। इस अवसर परछोई, रामनगर शहर, बम्बघेर, मोतीमहल, बाल्मीकि कॉलोनी, कानिया में प्रचार किया। मालधन के गोपालनगर, आनंदनगर में नुक्कड़ सभा की। सभा को पूर्व विधायक रणजीत रावत, ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश, गिरधारी लाल, किशोरी लाल, सूबेदार भूपाल राम, रमेश पंडित, महिला अध्यक्ष पुष्पा देवी, चंद्र शेखर, सुनील टम्टा आदि ने संबोधित किया।

सोन गांव के जंगल की आग बड़े क्षेत्र में फैली

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : भीमताल के समीप सोन गांव के जंगल में आग लग गई। स्थानीय ग्रामीण और महिलाएं आग को बुझाने में लगे हुए हैं।

स्थानीय निवासी मुकेश पलड़िया ने बताया कि आग अज्ञात कारणों के चलते लगी और कुछ ही समय में आग जंगल में काफी बड़े क्षेत्र में फैल गई। इधर ग्रामीण महिलाएं भी आग को काबू करने का प्रयास कर रही हैं। इधर आग के बारे में ग्रामीणों के द्वारा वन विभाग को सूचित कर दिया गया है। सोन गांव का अधिकांश जंगल ग्रामीणों के द्वारा लगाया है। जंगल से लगा पानी का स्रोत है जो कि गांव को पानी की आपूर्ति करता है। जानकारी के मुताबिक 1986 में सूखे के दौरान यहां के निवासियों को लगभग तीन किमी नीचे उतर कर भीमताल झील से पानी लाने जाना पड़ा था तब से ग्रामीणों ने अपने गांव में पानी संग्रह के लिए बांज के वृक्षों का रोपण किया और आज लगभग पूरा गांव इस जंगल के स्रोत से पानी प्राप्त करता है।

नैनीताल के जंगल भी धधके

नैनीताल : उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की घटनाएं तेजी से बढ़ने लगी हैं। रविवार को शहर के स्टाफ हाउस और हल्द्वानी मार्ग के जंगलों में आग लग गई। आग की सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग और दमकल कर्मियों ने जंगल में लगी आग पर काबू पाया। जानकारी देते हुए अग्निशमन अधिकारी किशोर उपाध्याय ने बताया शरारती तत्वों ने जंगल में आग लगाई। स्थानीय लोगों ने जंगल में आग लगने की सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग और दमकल की टीम ने संयुक्त रूप से जंगल में लगी आग पर नियंत्रण पाया।

इंडिया गठबंधन ने बैठक में बनाई चुनाव जीतने की रणनीति

लालकुआं : बिन्दुखत्ता में इंडिया गठबंधन की बैठक में लोकसभा चुनाव में भाजपा की विदाई तय करने और नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट से गठबंधन के उम्मीदवार प्रकाश जोशी को विजयी बनाने पर चर्चा की गई।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि एक दशक पहले भाजपा, नरेंद्र मोदी का चेहरा और अच्छे दिनों का वादा लेकर केंद्र की सत्ता में आई थी, लेकिन हकीकत में ठीक इसका उल्टा हुआ। बैठक में माले जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पुष्कर दानू, माले ब्लॉक सचिव पुष्कर दुबड़िया, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कुंदन सिंह मेहता, इंद्र सिंह पनेरी, मीना कपिल, माले नेता विमला रौथाण, नैन सिंह कोरंगा, प्रदीप बथ्याल आदि शामिल रहे।

भाड़ा कम करने से खनन वाहन स्वामी हुए नाराज

संवाददाता, हल्द्वानी/लालकुआं

अमृत विचार : गौला मजदूर उत्थान समिति के पदाधिकारियों की एक बैठक रविवार को मोटाहल्दू में हुई। इसमें वाहन स्वामियों ने कहा कि स्टोन क्रशर्स की ओर से भाड़े में लगातार कमी की जा रही है। अध्यक्ष रमेश जोशी ने कहा पिछले दिनों एसडीएम को 108 क्विंटल उपखनिज निकासी को लेकर ज्ञापन दिया गया था, लेकिन ओवरलोड की रोकथाम को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस पर अब वाहन स्वामी कोर्ट की शरण में जाने को मजबूर हैं।

प्रधान शंकर जोशी ने कहा कि गौला एवं नन्धौर नदी में सत्र 2023-24 में उपखनिज लक्ष्य की पूर्ति होने के उपरांत अतिरिक्त उप खनिज लक्ष्य नहीं निकालने दिया जाए। सचिव इंद्र सिंह नयाल ने कहा कि स्टोन क्रशर्स संगठन ने एसडीएम के सामने न्यूनतम रेट 29.50 रुपये लिखित में दिया था। बीती 23 जनवरी को नदी में खनन शुरू हुआ और अब तक (6 अप्रैल तक) भाड़े में 6 रुपये कमी की गई है। वाहन स्वामियों को जेब से रुपये लगाने पड़ रहे हैं।

इस दौरान प्रभारी रमेश कांडपाल, उपाध्यक्ष कैलाश भट्ट मौजूद थे। इस मौके पर सर्वसम्मति से नंधौर नदियों के वाहन स्वामियों को मजबूत करने के लिए खष्टी दत्त चौशाली को नंधौर खनन मजदूर उत्थान समिति का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

नवरात्र के लिए पूजा सामग्री, मां का श्रृंगार का सामान व ईद के लिए कपड़े, जूते, कॉस्मेटिक आदि की जमकर हो रही खरीदारी

नवरात्र और ईद के लिए सज गए बाजार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : चैत्र नवरात्र भक्तों के साथ ही कारोबारियों के लिए भी शुभ रहेगा। इस नवरात्र माता रानी की कृपा भक्तों के साथ ही कारोबारियों पर भी बरसेगी। कल (मंगलवार) से नवरात्र की शुरूआत हो रही है, जिसके लिए अभी से ही खरीदारी शुरू हो गई है। भक्त माता की पूजा के लिए पूजा सामग्री और अन्य वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं। साथ ही मंदिरों में भी तैयारियां शुरू हो गई हैं। बाजार में चुनरी, श्रृंगार सामग्री, माता की मूर्ति, चौकी, कन्याओं को दिया जाने वाला उपहार, हवन सामग्री और अन्य सामान की खूब खरीदारी हो रही है।

हल्द्वानी के बाजार में खरीदारी करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

शहर के सदर बाजार, पटेल चौक और मीरा मार्ग में पूजा से संबंधित सामान की दुकानें सजी हुई हैं। दुकानदारों ने बताया कि नवरात्र को लेकर भक्तों में उत्साह है और लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। बताया कि नवरात्र से एक दिन पहले ग्राहकों की भारी भीड़ रहती है लेकिन दो दिन पहले रविवार की छुट्टी का दिन होने से काफी संख्या में लोगों ने खरीदारी की। दूसरी तरफ ईद के लिए भी बाजारों में रौनक देखने को मिल रही है। 11 अप्रैल को ईद है जिसके लिए अभी से ही लोगों ने खरीदारी शुरू कर दी है। रोजा इफ्तार के बाद महिलाएं और पुरुष खरीदारी के लिए बाजार में पहुंच रहे हैं। कपडे, जूते, कॉस्मेटिक की खरीदारी कर रहे हैं। दुकानों में बनारसी व सादी सिवइयां भी बिक रही हैं। शाम के समय बनभूलपुरा में खूब रौनक देखने को मिल रही है।

अब यह चल रहा भाव

सामान	मूल्य
चुनरी	10-300
वस्त्र	50-200
चौकी	140
पर्स	100-300
माता की मूर्ति	80-1100
ड्राई फ्रूट गिफ्ट	600-1200

इस नवरात्र बन रहे कई अद्भुत संयोग

हल्द्वानी : इस नवरात्रि सर्वार्थ सिद्धि योग समेत कई अद्भुत संयोग बन रहे हैं जिसमें सभी भक्तों के सभी कार्यों की सिद्धि होगी। कल (मंगलवार) से 17 अप्रैल तक चैत्र नवरात्रि की धूम रहेगी। इस साल की पहली नवरात्रि बहुत खास होने वाली है। नवरात्र के 9 दिन बेहद दुर्लभ योग के संयोग बन रहे हैं जिससे मां दुर्गा की पूजा सफल होगी। 60 साल बाद कालयुक्त नाम का संवत्सर आ रहा है। संवत्सर 2081 में मंगल ग्रह की सत्ता बन रही है। पंडित नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि इस नवरात्र भौम (मंगल ग्रह को पृथ्वी से उत्पन्न माना जाता है इसलिए इसे भौम भी कहा जाता है) का प्रभाव है। मंगल को उग्र ग्रह और देवताओं का राजा भी माना जाता है। कर्क, वृश्चिक और मीन राशि के लिए यह साल प्रतिकूल रहेगा। यह साल प्रतिकूलता और अनुकूलता दोनों से भरा हुआ है।

मूहुर्त

मंगलवार सुबह 5 :54 बजे से घटस्थापना से चैत्र नवरात्र की शुरुआत होगी और अपराह्न 12 :38 बजे अभिजीत मुहूर्त होगा। जोशी ने बताया कि इस बार दक्षिण एशियाई देशों में अतिवृष्टि और अन्य प्राकृतिक आपदा आ सकती है। बेरोजगारी, आतंकवाद और भय पर रोक लगने के भी संयोग है।

चैत्र नवरात्र पर होगा शतचंडी महायज्ञ

हल्द्वानी : गौलापार स्थित कालीचौड़ मंदिर में चैत्र नवरात्र के अवसर पर मंदिर समिति की ओर से शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (मंगलवार) से 18 अप्रैल दशमी तक महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

एक नजर

गांजे संग तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी : मंडी चौकी पुलिस ने एक तस्कर को दो किलोग्राम से अधिक गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक शनिवार की देर रात गोरापड़ाव चौराहे पर पुलिस ने हाथीखाल गौलागेट निवासी रामपाल को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से 2.277 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। मंडी चौकी प्रभारी विजय मेहता ने बताया कि आरोपी मूलरूप से डहरपुर कलां दातागंज बदायूं उत्तर प्रदेश का रहने वाला है।

शराब की भट्ठियां तोड़ीं

रामनगर : आबकारी विभाग ने गुज्जर खत्ता के जंगलों में अवैध शराब के ठिकानों पर दबिश दी। इस दौरान अवैध तीन कच्ची शराब की भट्ठियां तोड़कर मौके से शराब बनाने के उपकरणों जब्त किए गये। तीन हजार लीटर लहन को नष्ट कर 60 लीटर तैयार कच्ची शराब बरामद की। तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहे।

जनपद में आज से मतदान प्रक्रिया शुरू घर बैठे मतदान करेंगे बुजुर्ग और दिव्यांग

85 वर्ष से अधिक आयु के 1076 और 480 दिव्यांग मतदाता पोस्टल बैलेट से कर सकेंगे मतदान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जनपद नैनीताल में आज से विधिवत मतदान प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु के 1076 और 480 दिव्यांग मतदाता घर से ही पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान कर सकेंगे। जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

नोडल अधिकारी मीडिया/नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने बताया कि 8 से 10 अप्रैल तक 85 वर्ष से अधिक आयु के और दिव्यांग मतदाताओं के लिए घर से ही पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसके लिए 128 पोलिंग पार्टियां गठित की गई हैं। प्रत्येक पोलिंग पार्टी में 2 पोस्टल ऑफिसर, 1-1 माइक्रो ऑब्जर्वर, वीडियोग्राफर, सुरक्षाकर्मी, संबंधित सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं बीएलओ शामिल होंगे। इसके अलावा संसदीय चुनाव के उम्मीदवार या उनका एक एजेंट भी शामिल हो सकता है। सभी विधानसभा सीटों पर इन मतदाताओं के घर जाने का रूट तैयार कर दिया गया है। पोलिंग पार्टियां सुबह 7 बजे एमबीपीजी कॉलेज से रवाना होंगी।

सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक ही मतदान होगा। यदि फिर भी कोई मतदाता किन्हीं वजहों से छूट जाता है तो 11 से 13 अप्रैल तक दूसरे चरण में मतदान कर सकता है। इसके बाद वह बूथ पर मतदान नहीं कर सकेगा।

01 सौ 28 पोलिंग पार्टियां की गई हैं गठित

07 सदस्य होंगे प्रत्येक पोलिंग पार्टी में

08 बजे सुबह से शाम 5 बजे तक होगा मतदान

हल्द्वानी में 10 टीमें जाएंगी घर-घर

हल्द्वानी : एआरओ एपी वाजपेयी ने बताया कि 51 दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक आयु के 125 मतदाता हैं। इनसे घर-घर पोस्टल बैलेट से वोटिंग के लिए 10 टीमें बनाई गई हैं। इन टीमों के लिए रूट निर्धारित किया गया है। बताया कि प्रत्येक टीम को मतदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है।

एमबीपीजी कॉलेज में कर्मचारियों को जानकारी देते सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी।

सबसे ज्यादा बुजुर्ग कालाढूंगी में तो दिव्यांग भीमताल में

हल्द्वानी : निर्वाचन से मिले आंकड़ों के अनुसार, रामनगर विधानसभा सीट पर 69 बुजुर्ग व 70 दिव्यांग हैं। वहीं लालकुआं में 161 बुजुर्ग व 84 दिव्यांग, हल्द्वानी में 125 बुजुर्ग व 51 दिव्यांग, कालाढूंगी में 337 बुजुर्ग व 49 दिव्यांग, भीमताल में 218 बुजुर्ग व 137 दिव्यांग और नैनीताल में 166 बुजुर्ग व 89 दिव्यांग शामिल हैं।

आज से ईवीएम-वीवीपैट में लगाए जाएंगे उम्मीदवारों के नाम, चुनाव चिन्ह

हल्द्वानी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव-2024 में बूथों पर प्रयोग होने वाली ईवीएम व वीपीपैट में उम्मीदवारों के नाम की सेटिंग अर्थात कमिशनिंग का काम आज से शुरू होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि जनपद की छह विधानसभा सीटों के अंतर्गत मतदेय स्थलों में प्रयुक्त होने वाली ईवीएम व वीवीपैट की कमीशनिंग (उम्मीदवार की सेटिंग) का काम सोमवार से एमबीजीपी कॉलेज में जिला निर्वाचन कार्यालय में शुरू होगा। उन्होंने बताया कि कमिशनिंग के अंतर्गत इंजीनियर्स मशीनों में बैलेट पेपर लगाने, चुनाव चिन्ह लगाने, मॉकपोल, उम्मीदवार के नाम की सेटिंग तथा मशीन सील करने का काम करेंगे। यह प्रक्रिया राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के साथ की जाएगी और इसकी वीडियोग्राफी भी होगी।

यूएस नगर में 833 लोग बैलेट से करेंगे मतदान

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के लिए बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता आज से 10 अप्रैल तक अपने घर पर ही मतदान करेंगे। यह मतदान पोस्टल बैलेट से किया जाएगा। जिले में ऐसे मतदाताओं की संख्या 833 है। इसके लिए जिला निर्वाचन कार्यालय ने भी तैयारियां पूरी कर ली है। प्रत्येक विधानसभा में पांच-पांच टीमें बनाई गई हैं। मतदान सुबह 8 बजे से सायं 5 बजे तक होगा।

दरअसल, ऊधमसिंह नगर में जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, रुद्रपुर, किच्छा, सितारगंज, नानकमत्ता और खटीमा विधानसभाएं शामिल हैं। इन विधानसभाओं में बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या 8286 है। जबकि दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 13245 है। इसमें 580 बुजुर्ग मतदाता और 253 दिव्यांग मतदाताओं ने घर पर ही मतदान करने के लिए आवेदन किया हुआ है। जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों के अनुसार घर-घर मतदान कराने के लिए विधानसभावार 5 टीमें लगायी गयी है। इस तरह 9 विधानसभाओं में 45 टीमें घर-घर जाकर मतदान कराएंगी। जबकि 5 टीमों को रिजर्व में रखा गया है। उन्होंने बताया कि सुबह मतदान आठ बजे से शुरू होगा। इस दौरान टीम में एक सेक्टर मजिस्ट्रेट, दो मतदान कार्मिक, दो सुरक्षाकर्मी, वीडियोग्राफर और संबंधित क्षेत्र के बीएलओ मौजूद रहेंगे। मतदान कराने से पूर्व प्रत्याशी अथवा उनके अभिकर्ताओं को भी सूचना दी जाएगी।

बोले अधिकारी

जिले की नौ विधानसभाओं में आज से बुजुर्ग और दिव्यांगों के लिए घर-घर मतदान होगा। मतदान सुबह आठ बजे से सायं पांच बजे तक होगा। मतदान की वीडियोग्राफी भी करायी जाएगी। साथ ही मतदान की गोपनीयता कतई भंग न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। मतदान के लिए प्रत्येक विधानसभा में पांच-पांच टीमें गठित की गयी है। **-विजय तिवारी**, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, ऊधमसिंह नगर

भटक रहे मृतक आश्रित नहीं सुन रही मित्र पुलिस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सेवा, सुरक्षा और मित्रता की विचारधारा पर चलने वाली उत्तराखंड पुलिस अपने ही परिवार के प्रति उदासीन है। मृतक आश्रित पिछले तीन साल से अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। उन्हें आश्वासन तो मिल रहा है, लेकिन नौकरी नहीं। आश्रितों के आर्थिक हालत भी खराब हो रहे हैं।

इस मामले में मृतक आश्रितों ने पिछले साल अगस्त में एक पत्र मुख्यमंत्री के नाम लिखा था। पत्र में कहा था कि राज्य में करीब 80 मृतक आश्रित हैं, जिनके परिजन पुलिस विभाग में तैनात थे। आश्रितों ने सिपाही पद के लिए आवेदन किया था, लेकिन वर्ष 2020 से अभी तक आश्रितों को नियुक्ति नहीं दी गई है। मामले में पुलिस मुख्यालय से भी संपर्क किया तो बताया गया कि उक्त पद अब लोक सेवा आयोग की परिधि में आ गए हैं। बिना आयोग और शासन की अनुमति के नियुक्ति संभव नहीं है। डीजीपी के नाम लिखे पत्र में आश्रितों ने दावा किया कि उनका शारीरिक दक्षता परीक्षण भी हो चुका है, लेकिन नियुक्ति फिर नहीं मिली है।

अनदेखी

- डीजीपी से लेकर मुख्यमंत्री तक लगाई आश्रितों ने गुहार
- फिजिकल लेने के बाद भी नहीं मिली नौकरी

ससुरालियों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

हल्द्वानी, अमृत विचार : महिला सेल में समझौता होने के बाद एक महिला ने पति व ससुरालियों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। साथ ही जान का खतरा जताते हुए मुकदमा भी दर्ज कराया है।

मेडिकल कॉलेज कैंपस निवासी पल्लवी मिश्रा ने महिला हेल्प लाइन को दिए शिकायती पत्र में लिखा है कि 20 जनवरी 2024 को उसे महिला हेल्पलाइन में काउंसलिंग के लिए बुलाया गया था। काउंसलिंग में पति ने माफी मांगी और दोबारा शिकायत न मिलने का आश्वासन दिया।

जिस पर पल्लवी ने शिकायत वापस ले ली। आरोप है कि शिकायत वापस लेने के बाद पति शैलेंद्र अरिहंत ने उसे दोबारा प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पीड़िता ने जान माल के खतरे का अंदेशा भी जताया।

इंजीनियर को किया डिजिटल अरेस्ट, एक लाख ठग लिये

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : साइबर ठगों ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर को डिजिटल अरेस्ट किया। ड्रग्स का नाम लेकर डराया और एक लाख ठग लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गुरीपुर जीवानंद लामाचौड़ मुखानी निवासी निखिलेश गुणवंत सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। उन्होंने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा कि बीती 1 अप्रैल को उनके पास फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को मुंबई साइबर क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया। बताया कि ताईवान जा रहे एक कोरियर में निखिलेश का आधार कार्ड लगा है। उस कोरियर में मादक पदार्थ एमडीएमए, लैपटॉप व अन्य सामान है। जालसाज ने निखिलेश को मुंबई बुलाया। निखिलेश ने असहमति जताई और स्काइप एप से वीडियो कॉल की। वीडियो कॉल पर उससे खुद के हाथ बंधवा दिए। कमरे के दरवाजे बंद कराए और पारिवारिक, व्यवसायिक और साथ ही बैंक खातों की जानकारी मांगी। फिर अरेस्ट वारंट की धमकी देकर एक लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। रकम मिलने के बाद जालसाजों ने उसको वीडियो कॉल पर ही हाथ बांधकर बैठने को बोला और मोबाइल आदि इस्तेमाल न करने की चेतावनी दी। करीब 10-15 मिनट बाद फोन अपने आप कट गया। कमरे में डरे-सहमे निखिलेश को देखकर परिजनों ने बात पूछी तो पूरा मामला सामने आया।

एसटीएच को शीघ्र मिलेंगे 30 ऑक्सीजन व 12 आईसीयू बेड

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होने वाली है। अस्पताल में 30 ऑक्सीजन व 12 आईसीयू बेड तैयार हो गए हैं। जल्द ही इन्हें अस्पताल को सौंप दिया जाएगा।

कोविड काल से ही अस्पताल में सुविधाओं को बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। यहां वर्तमान में गंभीर मरीजों के लिए 700 ऑक्सीजन बेड हैं। वहीं विभिन्न विभागों के 130 से ज्यादा आईसीयू बेड हैं। कई बार गंभीर मरीजों के लिए आईसीयू मिलना मुश्किल हो जाता है। जिस वजह से मरीजों को हायर सेंटर रेफर करना पड़ता है। इमरजेंसी कोविड रिस्पांस कार्यक्रम के तहत हिन्दुस्तान स्टील कंस्ट्रक्शन लिमिटेड (एचएससीएल) ने अस्पताल में हड्डी रोग विभाग की ओटी की छत पर 12 आईसीयू व 30 ऑक्सीजन बेड तैयार कर दिए हैं। बेडों पर सभी जरूरी उपकरण लगा दिए गए हैं। उम्मीद है कि अप्रैल माह के अंत तक इनका इस्तेमाल होना शुरू हो जाएगा। हालांकि अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि आईसीयू संचालन के लिए अतिरिक्त स्टाफ की जरूरत पड़ेगी। इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है, जिसे मुख्यालय भेजा जाएगा।

अच्छी खबर

- एचएससीएल ने किया है निर्माण कोविड के बाद बनी थी योजना
- इस माह के अंत तक मरीजों के लिए हो जाएंगे उपलब्ध

एसटीएच में गंभीर मरीजों के उपचार के लिए ऑक्सीजन बेड और आईसीयू तैयार हो गए हैं। जल्द ही अस्पताल को ये सौंप दिए जाएंगे। इनके संचालन के लिए जरूरी स्टाफ की व्यवस्था की जा रही है। **-डॉ. अरुण जोशी**, प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी

ट्रैफिक व्यवस्था धड़ाम नवरात्रि, रमजान और छुट्टी की वजह से बढ़ा यातायात, मंगलपड़ाव से रोडवेज स्टेशन तक रेंगते रहे वाहन

जाम में फिर फंसी एंबुलेंस, एक किमी चलने में लगे 20 मिनट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मंगलपड़ाव से रोडवेज स्टेशन तक चरमराई यातायात व्यवस्था पटरी पर लौटने का नाम नहीं ले रही। रविवार को भारी यातायात के बीच एक एंबुलेंस फंस गई। जिसे एक किलो मीटर का सफर तय करने में 20 मिनट लग गए।

रमजान चल रहे हैं और 9 अप्रैल से नवरात्रि शुरू हो रही है। रविवार को छुट्टी का दिन था तो लोग सुबह से ही खरीदारी करने बाजार में पहुंचने लगे। जिससे सड़क पर वाहनों का दबाव बढ़ गया। मंगलपड़ाव, सिंधी चौक और अग्रसेन चौक से बिगड़ा यातायात बस स्टेशन तक रेंगता रहा। इसी बीच मंगलपड़ाव से तिकोनिया की ओर जा रही एक निजी एंबुलेंस भी रेंगते वाहनों के बीच फंस गई। रुक-रुक कर आगे बढ़ रहे यातायात से एंबुलेंस को निकलने में करीब 20 मिनट लग गए। ऊपर से कड़ी धूप ने जाम में फंसे लोगों को खासा परेशान किया।

महिला अस्पताल के सामने जाम में फंसी एंबुलेंस (लाल घेरे में)। ● अमृत विचार

ई-रिक्शा ने बाजार में बनाया नया रूट



हल्द्वानी : आमतौर पर बाजार में वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है, लेकिन फिर भी लोग अपने दोपहिया और चार पहिया वाहनों को शार्टकट के चक्कर में बाजार में डाल देते हैं। इनको देखकर अब टुकटुक चालकों ने भी बाजार से नया रूट निकाल दिया है। सिंधी चौक से छतरी चौराहा और छतरी चौराहे से सिंधी चौक आने वालों को टुकटुक चालक बीच बाजार लेकर आ रहे हैं, जिससे बाजार में अव्यवस्था फैल गई है।

जाम से प्रभावित हैं दो प्रमुख अस्पताल

हल्द्वानी : अग्रसेन चौक से आगे बढ़ते ही महिला अस्पताल है और इससे आगे बेस अस्पताल है। दिन भर इन अस्पतालों में मरीजों और एंबुलेंस का आना-जाना रहता है। इन दिनों अग्रसेन चौक पर स्थित कॉपी-किताबों की दुकान में भारी भीड़ है। दुकान के बाहर पार्किंग नहीं है। लोग वाहनों को सड़क पर खड़ा कर रहे हैं, जिससे जाम लग रहा है। ऐसे में अस्पताल आने वाले मरीज प्रभावित हो रहे हैं।

दिन में चढ़ा पारा, रात को लुढ़का तापमान

हल्द्वानी, अमृत विचार : दोपहर के समय पारे में उछाल आ रहा है तो रात को तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। दिन के समय जहां लोगों को तेज गर्मी महसूस हो रही है, वहीं रात के समय अपेक्षाकृत मौसम काफी ठंडा है।

रविवार की सुबह से तेज धूप निकली रही। दोपहर में तापमान में उछाल आ गया और अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शाम होते ही तापमान में गिरावट आने लगी। रात को न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री सेल्सियस रहा। जो सामान्य से चार डिग्री कम है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आने वाले दिनों में बारिश होने के आसार बन रहे हैं। जिससे गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है।

सड़क हादसे में घायल निदा की भी हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- बीती चार अप्रैल को टांडा जंगल में पेड़ से टकराई थी कार
- माता-पिता की मौके पर हो गई थी मौत

अमृत विचार : सड़क हादसे में माता-पिता की मौत के बाद घायल बेटी ने भी दम तोड़ दिया है। वह टांडा जंगल में कार पेड़ से टकराने हादसे में घायल हुई थी।

खेड़ा रुद्रपुर निवासी जहूर अहमद (50 वर्ष) पुत्र हबीब कबाड़ का कारोबार करते थे। बीती 4 अप्रैल को वह 48 वर्षीय पत्नी राशिदा और 24 वर्षीय बेटी निदा के साथ घर से नैनीताल में रहने वाले अपने भाई के घर जा रहे थे। कार संख्या यूके 06बीडी 9333 पर सवार परिवार टांडा जंगल में एस मोड़ और बेलबाबा के बीच पहुंचा था तभी कार बेकाबू हो गई और सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में जहूर व राशिदा की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि गंभीर रूप से घायल निदा को एसटीएच में भर्ती कराया गया। हालत नाजुक होने पर परिजनों ने उसे नैनीताल रोड स्थित एक निजी अस्पताल में कराया था। जहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

नगर निगम की कार्रवाई चालान काटने और जब्त की गई पॉलीथिन की नीलामी करने तक सीमित

प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से हो रहा पॉलीथिन का प्रयोग

▸▸ साल भर में जब्त की 9 हजार किलो पॉलीथिन और 742 लोगों के काटे चालान

संवाददाता, हल्द्वानी

बाजार से पॉलीथिन में सामान लेकर जाते लोग। ● अमृत विचार

अमृत विचार : सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने को लेकर तमाम अभियान चलाने के बावजूद इस पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लग पाया है। नगर निगम चालान काटने और जब्त की गई पॉलीथिन की नीलामी करने तक सीमित है।

नगर निगम ने जुलाई 2022 से मार्च 2023 तक करीब 9177 किलो पॉलीथिन जब्त की और करीब 13 लाख रुपये के 742 दुकानदारों के चालान काटे। चालान और जब्त की गई पॉलीथिन की नीलामी से नगर निगम की आय जरूर बढ़ी, लेकिन इसके बावजूद बाजार में धड़ल्ले से पॉलीथिन में सामान बिक रहा है। नगर निगम ने बीते मार्च माह में एक दुकानदार का चालान काटा है, जबकि फरवरी माह में कोई चालान नहीं काटा।

बता दें कि वर्ष 2019 से सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगा है, लेकिन यह कागजों में ही सीमित है। धरातल में कोई बदलाव नहीं दिख रहा है। शहर में खुलेआम पॉलीथिन का प्रयोग हो रहा है।

> नगर निगम की ओर से पॉलीथिन के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पॉलीथिन जब्त करने के साथ जुर्माना भी वसूला जा रहा है।
>
> – डॉ. मनोज कांडपाल, वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम हल्द्वानी

राम-सुग्रीव मित्रता का भव्य मंचन

संवाददाता, हल्द्वानी

महिला रामलीला में मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

अमृत विचार : महिला रामलीला में रविवार को राम-सुग्रीव मित्रता की लीला का भव्य मंचन हुआ। जिसे देख दर्शक भाव-विभोर हो उठे।

उत्थान मंच में चल रही रामलीला में राम का पात्र मानसी रावत, लक्ष्मण लक्षिता, सबरी लीला कोठारी, सुग्रीव प्रिया कश्मीरा, हनुमान तनुजा जोशी, बाली किरन धर्मसत्तू, तारा लता जोशी, बाल अंगद निर्विका नेगी, संपाति जानकी सामंत, नल सरिता रावत, नील कुसुम बोरा, जामवंत भगवती बिष्ट, वानर सेना का पात्र खुशी बडोला, वैभवी बिष्ट, गरिमा बडोला, श्रेया मेहरा और मनस्वी बिष्ट ने निभाया। इससे पूर्व लालकुआं विधायक मोहन सिंह बिष्ट, संध्या डालाकोटी और मदन सिंह बिष्ट ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर रामलीला मंचन का शुभारंभ किया।

मदन सिंह बिष्ट ने पर्यावरण दिवस पर कासनी के पौधे वितरित किए। इस दौरान पुनर्नवा महिला समिति की अध्यक्ष लता बोरा, उपाध्यक्ष यशोदा रावत, सचिव शांति जीना, प्रचार सचिव कल्पना रावत, जानकी पोखरिया, प्रेमा बृजवासी, मंजू बनकोटी, अंजना बोरा, रेखा रावत, कुसुम बोरा आदि मौजूद रहीं।

एक नजर

युवा महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

हल्द्वानी : मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मानव श्रृंखला बनाने, मशाल जुलूस सहित कई कार्यक्रमों के बाद अब जिला स्वीप टीम युवा महोत्सव की तैयारियों में जुट गई है। स्वीप के समन्वयक सुरेंद्र अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को सुशीला तिवारी अस्पताल के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बीवीआरसी पुरुषोत्तम होंगे। बताया कि जिले के कुल 1010 बूथों में से एक-एक नए मतदाता को शामिल किया जाएगा। इसके बाद उन्हें अपने-अपने बूथों का ब्रांड एंबेसडर बनाया जाएगा। ये सभी नए मतदाता अपने बूथों पर लोगों को मतदान के लिए जागरूक करेंगे।

रानीखेत क्रिकेटर्स ने जीता मैच

हल्द्वानी : क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ अल्मोड़ा की ओर से आयोजित अंडर-19 बालक क्रिकेट लीग में रविवार को रानीखेत क्रिकेटर्स ने रानीखेत क्लब को 6 विकेट से हराया। रानीखेत क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 27 .2 ओवर में 74 रन बनाये। रानीखेत क्रिकेटर्स से शुभम ने 4 और दीपेश व तुल्यांश ने 2-2 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रानीखेत क्रिकेटर्स ने 10 .5 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर मैच जीत लिया। टीम के लिए हर्षवर्धन ने नाबाद 28 रन की पारी खेली।

ग्रामीणों ने दो संदिग्ध पकड़कर पुलिस को सौंपे

रामनगर : पीरुमदारा क्षेत्र के ग्रामीणों ने दो संदिग्ध लोग पुलिस को सौंप दिए हैं। मधुवन कालोनी में लंबे समय से चोरियां हो रही हैं। ग्रामीणों ने कहा कि वे रात रात जागकर पहरेदारी कर रहे हैं। ग्रामीणों ने चोरों की चहलकदमी सीसीटीवी में देर रात अपने मधुवन कालोनी में देखी तो सभी ने सतकर्ता दिखाते हुए दो आरोपियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किये हैं। उधर पिरुमदारा चौकी के चौकी इंचार्ज राजेश जोशी ने कहा कि पिरुमदारा क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि एक चोरी का पूर्व में हमने खुलासा भी किया है। उन्होंने कहा कि शनिवार देर रात ग्रामीणों ने 2 संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

राम राज्य की स्थापना के लिए काम करें स्वयंसेवक : डॉ. शैलेंद्र

हिन्दू नववर्ष के अवसर पर बैंड की धुन पर रामलीला मैदान से शुरू हुआ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन, शहर में विभिन्न स्थानों से होकर गुजरा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

हल्द्वानी में पथ संचलन करते आरएसएस के स्वयंसेवी। ● अमृत विचार

नैनीताल में पथ संचलन करते राष्ट्रीय स्वयंसेवक के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : हिन्दू नवसंवत्सर के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से शहर में भव्य पथ संचलन निकाला गया।

रविवार को शाम करीब 4 बजे स्वयंसेवक रामलीला मैदान में इकट्ठा हुए। यहां स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेंद्र ने अनुशासित रहकर राष्ट्र निर्माण को आगे आने की बात कही। साथ ही रामराज्य की स्थापना के लिए काम करने की अपील की। उन्होंने डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार के दिखाए मार्ग पर चलने को कहा और अपनी संस्कृति, भाषा, संस्कार, परंपराओं पर गर्व करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इन बिंदुओं को साथ लेकर चलने से ही उन्नति के पथ पर आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने हजारों स्वयंसेवकों के त्याग, बलिदान को व्यर्थ न जाने देने की बात कही। कहा कि सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक क्षेत्र में देश निरंतर प्रगति करे इसके लिए सभी प्रयास करें। उन्होंने कहा आने वाली सदी हिंदुत्व की होगी और उसके चिन्ह हमें दिख रहे हैं। संघ के स्वयंसेवक शाखाओं के माध्यम से श्रद्धा और समर्पण के साथ कार्य करें और भारत को विश्व का सिरमौर बनाएं। इसके बाद पथ संचलन हुआ।

बैंड की धुन पर रामलीला मैदान से शुरू हुआ पथ संचलन ओके होटल, रोडवेज, एसडीएम कार्यालय तिराहा, प्रेम टाकिज, केमू स्टेशन, रेलवे बाजार, नया बाजार, मीरा मार्ग, अग्रसेन चौक से ओके होटल होते हुए रामलीला मैदान में संपन्न हुआ। इस दौरान प्रांत संघ चालक डॉ.बहादुर सिंह बिष्ट, प्रांत सहप्रचार प्रमुख बृजेश बनकोटी, जिला संघ चालक डॉ. नीलांबर भट्ट, नगर संघ चालक विवेक कश्यप, जिला कार्यवाह गोधन सिंह धौनी, नगर कार्यवाह प्रकाश पांडे, एबीवीपी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनोज निखरा, वनवासी कल्याण आश्रम के अध्यक्ष सुरेश पांडे आदि मौजूद रहे।

कुंवरपुर में पदाधिकारी और कार्यकर्ता हुए शामिल

चोरगलिया : लोकेश्वर महादेव मंदिर कुंवरपुर गौलापार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन में सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जिसमें मंडल अध्यक्ष मुकेश बेलवाल, पान सिंह मेवाड़ी, राजेंद्र तिवारी, प्रकाश गजरौला, कैलाश राज, गुड्डू मिश्रा, राजेंद्र जागी, मनोज गढ़कोटी, आनंद शर्मा आदि थे।

पथ संचलन से दिया राष्ट्र की सेवा का संदेश

नैनीताल : राष्ट्र को संगठित व व्यक्ति निर्माण की शाखा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से नववर्ष के मौके पर नगर के मल्लीताल स्थित डीएसए मैदान से मल्लीताल बाजार माल रोड होते हुए तल्लीताल धर्मशाला तक पथ संचलन किया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने राष्ट्र सेवा का संदेश दिया। रविवार को स्वयंसेवकों ने डीएसए मैदान में एकत्र होकर अभ्यास किया और प्रांत प्रचारक शैलेंद्र चौहान ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जिसके बाद मुख्य वक्ता शैलेंद्र चौहान ने स्वयंसेवियों को संबोधित कर कहा कि अपनी संस्कृति को बचाने के लिए हमें अधिक से अधिक संख्या में लोगों को संघ से जोड़ना होगा, जिसके बाद करीब 150 स्वयंसेवकों द्वारा भारत माता की जयघोष करते हुए मल्लीताल बड़ा बाजार से माल रोड, तल्लीताल धर्मशाला तक पथ संचलन किया। इस दौरान उमेश बिष्ट, चंदन बिष्ट, नवीन भट्ट, निवर्तमान भवाली नगर पालिका अध्यक्ष संजय वर्मा, निवर्तमान सभासद मोहन नेगी, भास्कर, राजेंद्र बिष्ट, धर्मेंद्र शर्मा, दीपक मेलकानी, दीपक रावत, मोहित रौतेला भास्कर मर्तोलिया, गोपाल रावत, मोहित साह, कुंदन बिष्ट, पान सिंह, पंकज भट्ट आदि मौजूद रहे।

1100 दीयों से जगमग होगी हिंदू धर्मशाला

संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था ने बैठक कर लिया निर्णय

अमृत विचार : हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर हिंदू धर्मशाला को 1100 दीयों से जगमग किया जाएगा। साथ ही धर्मशाला में हिंदी में 2081 लिखकर लोगों को हिंदू नववर्ष मनाने के लिए जागरूक किया जाएगा। यह निर्माण एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था की बैठक में लिया गया। संस्था के अध्यक्ष योगेंद्र कुमार साहू और संरक्षक रुपेंद्र नागर ने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से हिंदू नववर्ष की शुरूआत होती है।

ब्रह्म पुराण के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि का निर्माण कर हिंदू नववर्ष का प्रारंभ किया था। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से लोग अपनी संस्कृति को भूलकर अंग्रेजी कैलेंडर के नए वर्ष को धूमधाम से मना रहे हैं, जबकि देश की अर्थव्यवस्था हिंदू नववर्ष के हिसाब से ही चलती है। उन्होंने कहा कि संस्था हिंदू नववर्ष पर दीपोत्सव का आयोजन कर लोगों को हिंदू नववर्ष मनाने के लिए जागरुक करेगी। बैठक में उपाध्यक्ष लोकेश कुमार साहू, सचिव नंदकिशोर आर्या, कोषाध्यक्ष बलराम हालदार, मीडिया प्रभारी मुकेश सरकार, हेमंत कुमार साहू, प्रीती आर्या, रोहतास प्रजापति, अभिषेक कुमार, सुशील राय, संदीप यादव, नवल कुमार, सूरज मिस्त्री आदि उपस्थित रहे।

खेल विभाग में रुकी कोचों की नियुक्ति

हल्द्वानी : खेल विभाग में संविदा के तहत करीब 30 कोचों की नियुक्ति आचार संहिता के चलते रुक गई है।

जिला खेल विभाग की ओर से मिनी स्टेडियम व गौलापार अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में होने वाले विभिन्न खेलों के लिए बीती 4 मार्च को कोचों का साक्षात्कार कराया गया था, लेकिन आचार संहिता लगने के चलते अभी तक चयनित कोचों की सूची जारी नहीं हो पाई है। इसमें कबड्डी, बॉस्केबाल, खो-खो, बैडमिंटन, ताइक्वांडो, वालीबॉल समेत कई खेलों के लिए कोचों की नियुक्ति होनी है। इधर, सहायक खेल निदेशक रसिका सिद्दीकी ने बताया कि नये वर्ष के लिए कोचों की साक्षात्कार प्रक्रिया पूरी करा ली गई है। आचार संहिता के चलते कोचों की सूची जारी नहीं की गई है।

सम्मेलन में 300 से अधिक युवा पहुंचे

संवाददाता, रामनगर

सम्मेलन में बोलते प्रदेश अध्यक्ष।

अमृत विचार : युवा कांग्रेस की ओर से आयोजित युवा न्याय गारंटी के तहत युवा सम्मेलन में बोलते हुए सुमित्तर भुल्लर ने कहा कि देश की जनता को जुमलों के बल पर गुमराह करने वाली पार्टी के खिलाफ युवाओं को एकजुट होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जो गारंटी की घोषणा की है उसे वह पूरा करके दिखाएगी। बोले कांग्रेस की सरकार युवाओ, महिलाओं एवं आमजन के लिए बेहतर साबित होगी। प्रदेश अध्यक्ष ने युवाओं से जुमले फेंकने वालों को अपने वोट की ताकत से सत्ता से बेदखल करने के लिए आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम में 300 लोगों ने शिरकत की। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी, प्रदेश प्रभारी शिवि चौहान, अमित कुमार विधानसभा अध्यक्ष, विकास कुमार, अब्दुल रहमान प्रदेश महासचिव, सचिन कुमार प्रदेश महासचिव, राहुल कांडपाल, तनुज दुर्गापाल, चेतन पंत, ललित कडाकोटी, अमित रावत आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

विजडम स्कूल के मनोज का एनडीए में चयन

हल्द्वानी : रामपुर रोड स्थित विजडम स्कूल के छात्र मनोज जोशी का एनडीए में चयन हुआ है। मनोज ने ऑल इंडिया 66वीं रैंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। उन्हें बचपन से ही सेना में अधिकारी बनने की चाह थी। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय पिता राजेंद्र प्रसाद जोशी, माता तुलसी जोशी, स्कूल प्रबंध निदेशक राजेंद्र सिंह पोखरिया, प्रधानाचार्य त्रिवेणी चंद्र कबड़वाल और सभी गुरुजनों को दिया है। विद्यालय प्रबंधन ने मनोज को ट्रॉफी व नकद राशि देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

जीएनजी एकेडमी ने जीता लीग मैच

हल्द्वानी : क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अंतर्गत नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित अंडर-19 जिला लीग का फाइनल मैच जीएनजी क्रिकेट एरीना कमलुवागांजा मैदान में हुआ। रविवार को डीके स्पोर्ट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 26 ओवर में सभी विकेट खोकर 128 रन बनाये। जवाब में उतरी जीएनजी की टीम ने निर्धारित लक्ष्य को बिना विकेट के नुकसान पर 20 ओवर में प्राप्त कर लिया। टीम के लिए राज चंदानी ने 8 चौके व 2 छक्के की मदद से 57 रन और कुशाग्र कोरंगा ने 11 चौके की मदद से 67 रन का योगदान दिया। मैन ऑफ द मैच आदित्य रावत, मैन ऑफ द सीरीज प्रांजल रैक्वाल, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज परितोष राना, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज देव बच्चस को चुना गया। इस मौके पर डॉ. संजय सुयाल, दीपक मेहरा, हर्ष गोयल, कमल पपनै आदि मौजूद रहे।

संविधान के सम्मान में निकाली बाइक रैली

हल्द्वानी : शहर में रविवार को संविधान सम्मान रैली निकाली गई। इस मौके पर लोगों ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के सम्मान में नारे लगाते हुए संविधान को बचाने का संकल्प लिया। रैली ऊंचापुल स्थित रामलीला मैदान से शुरू होकर दमुवाढूंगा के विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरी। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि 14 अप्रैल को डॉ. आंबेडकर का जन्मदिन है। उन्होंने देश के लिए ऐसा संविधान बनाया है, जिसकी मदद से आजादी के बाद समाज के वंचित लोगों को मुख्यधारा में आने का अवसर मिला है। बताया कि डॉ. आंबेडकर के जन्मदिन पर भी विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे। रैली में जीआर टम्टा, गंगा प्रसाद, दिनेश कुमार, सुंदर लाल बौद्ध, राजेंद्र कुटियाल, मिलन सोनकर, विनोद कुमार, मनोज कुमार, हृदयेश कुमार, मीमांशा आर्य, समीर आर्य आदि शामिल रहे।

पॉलिटेक्निक के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

रामनगर में भ्रमण के दौरान पॉलिटेक्निक के विद्यार्थी। ● अमृत विचार

रामनगर : राजकीय पॉलिटेक्निक पीरुमदारा रामनगर के 20 छात्र-छात्राओं ने भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून के निर्देश अनुसार जीएसके लिमिटेड महुआखेड़ा गंज काशीपुर में औद्योगिक भ्रमण किया। बता दें कि जीएसकेली के द्वारा एचडीपीई पाइप्स का उत्पादन किया जाता है। जीएसकेली के महा प्रबंधक भूपेंद्र राय ने छात्र-छात्राओं को कंपनी द्वारा प्रयुक्त नवीनतम उत्पादन तकनीक, विभिन्न उत्पादों, गुणवत्ता नियंत्रण सहित पैकिंग एवं विपणन इत्यादि की विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। छात्र-छात्राओं के दल के साथ बीआईएस विशेषज्ञ दीपक कुमार पांडे, राहुल शर्मा (मेंटर) एवं विवेक चंद्र दीक्षित के अलावा राजकुमार, राजीव, पंकज ऋषभ चौहान, अजय आदि छात्र शामिल रहे।

उमेश युवा अध्यक्ष और तनिष्क बने महामंत्री

हल्द्वानी : प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में युवा कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए उमेश गुप्ता को अध्यक्ष, तनिष्क शर्मा को महामंत्री बनाया गया। संगठन के अध्यक्ष योगेश शर्मा और महामंत्री मनोज जायसवाल ने आशा जताई कि युवा कार्यकारिणी के नए पदाधिकारी व्यापारियों की समस्या के लिए तत्पर रहेंगे। संरक्षक धीरेंद्र रावत, वीरेंद्र चड्ढा, रामबाबू जायसवाल, विपिन गुप्ता, हर्षवर्धन पांडे, संदीप सक्सेना, सचिन गुप्ता, उपेंद्र कनवाल, गौरव गुप्ता, दीपा जायसवाल, गीता कांडपाल ने दोनों पदाधिकारियों को बधाई दी है।

परेशानी समता आश्रम गली, शिवानी कॉलोनी व हिमालयन फार्म की सड़कें खस्ताहाल, लोगों ने रोष व्यक्त कर शीघ्र मरम्मत की मांग उठाई

सड़कों के गड्ढे कर रहे लोगों को चोटिल, सालों बाद भी नहीं बनी सड़क

▸▸ 14 साल पहले कॉलोनियों में बनाई गई थीं सड़कें, जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधि हैं मौन

संवाददाता, हल्द्वानी

बड़े हादसे को दावत देती टूटी सड़क। ● अमृत विचार

समता आश्रम गली की खस्ताहाल सड़क। ● अमृत विचार

अमृत विचार : शहर की तमाम कॉलोनियों में सड़कें खस्ताहाल हैं। इन सड़कों के बड़े-बड़े गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं। आये दिन गड्ढों में गिरकर लोग चोटिल हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि आंखें मूंदकर बैठे हैं। उन्हें लोगों को हो रहे दिक्कतों से कोई वास्ता नहीं है। इससे लोगों में भी रोष दिख रहा है।

रामपुर रोड स्थित समता आश्रम, शिवानी कॉलोनी और हिमालयन फार्म की सड़कें करीब 14 साल पहले बनाई गई थीं जो वर्तमान में खस्ताहाल हो चुकी हैं। सड़कों में जगह-जगह गड्ढे हो गये हैं। अमृत विचार की टीम ने जब इन कॉलोनियों में पहुंची तो सड़कों की दयनीय स्थिति सामने आईं। समता आश्रम की गली करीब 900 मीटर लंबी है जो रामपुर रोड और बरेली रोड को जोड़ती है। लोगों के अनुसार कॉलोनी में सीसी सड़क का निर्माण तत्कालीन कैबिनेट मंत्री स्व. डॉ. इंदिरा हृदयेश ने कराया था, लेकिन मरम्मत के अभाव में आज सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गये हैं। यही हाल शिवानी कॉलोनी और हिमालय फार्म की सड़कों का है। सड़कों की खस्ताहालत से नगर निगम के अधिकारियों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने मुंह मोड़ लिया है। नगर निगम के ऐई नवल नौटियाल ने बताया कि सड़कों के निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार किया जा चुका है, लेकिन धन के अभाव में काम शुरू नहीं हो पाया है। बजट स्वीकृति होते ही सड़कों का काम शुरू कर दिया जाएगा।

> लंबे समय से सड़क खस्ताहाल है। कई बार अधिकारियों से सड़क को ठीक करने की मांग की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आये दिन लोग गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। – मीना सेठ, समता आश्रम गली

> बरसात के दिनों में सड़क से गुजरना मुश्किल हो जाता है। गड्ढों में पानी जमा होने से लोग हादसों का शिकार होते रहते हैं। सड़क को शीघ्र ठीक किया जाना चाहिए। – मृदुला रावत, समता आश्रम गली

> सड़क काफी समय से खराब है। चुनाव में हर बार ठीक कराने का आश्वासन मिलता है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है। चुनाव बीतने के बाद वादे ठंडे बस्से में चले जाते हैं। – राजबाला, शिवानी कॉलोनी

> रात के समय सड़क से गुजरने में दिक्कत आती है। सड़क के निर्माण के लिए कई बार जनप्रतिनिधि से लेकर अधिकारियों तक गुहार लगाई, लेकिन कुछ नहीं हुआ। – नीलम, हिमालयन फार्म

महिलाओं ने नगर निगम में किया था प्रदर्शन

हल्द्वानी : समता आश्रम गली, शिवानी कॉलोनी और हिमालयन फार्म की महिलाओं ने बीती 4 मार्च को नगर निगम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया था। साथ ही निगम अधिकारियों को सड़कों की मरम्मत के लिए शिकायती पत्र भी दिया था। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। महिलाओं का कहना है कि निगम के अधिकारी सड़कों की खस्ताहालत को लेकर उदासीन बने हुए हैं।

चार साल से ठंडे बस्ते में है प्रस्ताव

हल्द्वानी : निवर्तमान पार्षद हेमंत शर्मा ने बताया कि पिछले 4 साल से शिवानी कॉलोनी की सड़क व नालियों का 24 लाख रुपये का प्रस्ताव ठंडे बस्ते में पड़ा है। वहीं एक वर्ष से समता आश्रम गली की 900 मीटर सड़क का दो बार प्रस्ताव बनाया गया। पहली बार में 10 लाख रुपये और दूसरी बार में 25 लाख रुपये का प्रस्ताव बनाया गया। लेकिन प्रस्ताव नगर निगम में प्रस्ताव धूल फांक रहे हैं।

जेल से चल रही सरकार पर बंद लोगों को नहीं मतदान का हक

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 62 के तहत जेल में बंद आरोपी और दोषी नहीं कर सकते मतदान

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

10 सामान्य जेलों की 3461 क्षमता, बंद हैं 6603 कैदी और बंदी, सिर्फ दो जेलों में निर्धारित स्वीकृत क्षमता से कम हैं कैदी

48 सजायाफ्ता कैदी हैं सम्पूर्णानन्द शिविर सितारगंज जेल में, प्रदेश की सभी जिलों में बंद हैं 6779 कैदी और बंदी

अमृत विचार : समानता के अधिकार का ढिंढोरा पीटने वालों को कारागार की ओर भी देखना चाहिए। यहां रहकर अरविंद केजरीवाल दिल्ली की सरकार तो चला सकते हैं, लेकिन जेलों में बंद कैदी व बंदी अपने मताधिकार का इस्तेमाल नहीं कर सकते। चाहे वह विचाराधीन हो या सजायाफ्ता। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 62 के तहत जेलों में बंद लोगों को मतदान का अधिकार नहीं है।

बात उत्तराखंड की करें तो राज्य की 10 सामान्य जेलों में उसकी क्षमता 3461 से लगभग दोगुने 6603 कैदी और बंदी बंद हैं। प्रदेश में केवल दो जेल ही ऐसी हैं, जिसमें निर्धारित स्वीकृत क्षमता से कम कैदी बंद हैं। इनमें सम्पूर्णानन्द शिविर सितारगंज (खुली जेल) में 48 सजायाफ्ता कैदी हैं। कारागार चमोली की क्षमता 169 कैदियों की हैं और यहां 128 कैदी हैं। कुल मिलकर राज्य की सभी जेलों में लगभग 6779 कैदी और बंदी बंद हैं। ये अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाएंगे। वहीं शराब घोटाले के आरोप में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तिहाड़ जेल में बंद रहकर भी सरकार चला रहे हैं। ऐसे में सवाल है कि जब जेल से सरकार चलाई जा सकती है तो वहां बंद कैदी और बंदियों को भी मतदान का अधिकार मिलना चाहिए।



कारागार का नाम	बंदियों व कैदियों की संख्या
जिला कारागार देहरादून	1499
जिला कारागार हरिद्वार	1340
जिला कारागार नैनीताल	170
जिला कारागार अल्मोड़ा	354
जिला कारागार चमोली	128
जिला कारागार टिहरी	198
जिला कारागार पौड़ी	168
उप कारागार हल्द्वानी	1502
उप कारागार रुड़की	439
संपूर्णानंद शिविर सितारगंज	48
केंद्रीय कारागार सितारगंज	805

नोट-बंदी व कैदियों की संख्या फरवरी 2024 तक है।

2014 में जेल में बंद व्यक्ति ने मांगा था मतदान का अधिकार

हल्द्वानी : वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान एक मामले में जेल में बंद एक व्यक्ति ने वोट का अधिकार की बात बोलकर मतदान करने की अनुमति मांगी थी। तत्कालीन मुख्य निर्वाचन अधिकारी राधा रतूड़ी ने आईजी जेल से रिपोर्ट तलब की थी। आईजी जेल ने एक्ट का हवाला देकर वोटिंग का अधिकार न होने की बात कही थी। राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए), गुंडा एक्ट तथा शांतिभंग की 107-116 व 151 की धाराओं में बंद कैदियों को ही वोट देने की व्यवस्था की जाती है।

क्षमता से दोगुने कैदी व बंदी हैं कारागार में

हल्द्वानी : सितारगंज (खुली जेल) और जिला कारागार चमोली के अलावा सभी कारागार में क्षमता से लगभग दोगुने कैदी व बंदी हैं। क्षमता से सर्वाधिक लोग अल्मोड़ा जेल में हैं। यहां 102 क्षमता है और 354 लोग बंद हैं। 555 क्षमता वाले हल्द्वानी कारागार में 1502, 580 क्षमता वाले देहरादून कारागार में 1499, 71 क्षमता वाले नैनीताल कारागार में 170, 244 क्षमता वाले रूड़की कारागार में 439, 888 क्षमता वाले हरिद्वार कारागार में 1340, 552 क्षमता वाले केन्द्रीय कारागार सितारगंज में 805, 150 क्षमता वाले टिहरी कारागार में 198 और 150 क्षमता वाले पौड़ी कारागार में 168 कैदी व बंदी बंद है।

जेल में रहकर लड़ सकते हैं चुनाव, 2004 में लड़ा था डॉन

हल्द्वानी : जेल में बंद कैदी/बंदी को भले ही मतदान का अधिकार न हो लेकिन जेल में बंद रहते हुए चुनाव लड़ा जा सकता है। अंडरवर्ल्ड माफिया ओम प्रकाश श्रीवास्तव उर्फ बबलू श्रीवास्तव, अमरमणि त्रिपाठी, रामसेवक सिंह समेत तमाम लोग जेल में रहते हुए चुनाव लड़ चुके हैं। वर्ष 2004 में बबलू श्रीवास्तव ने सीतापुर से लोकसभा चुनाव लड़ा था। उस समय वह कारागार में बंद था। न्यायालय से अनुमति के बाद बबलू ने पुलिस के कड़े पहरे में सीतापुर जाकर नामांकन किया था। हालांकि इस चुनाव में बबलू हार गया था।

फ्लैश बैक

एनडी तिवारी की सभा के दिन पसर जाता था सन्नाटा

संवाददाता, हल्द्वानी

शख्सियत

- कैबिनेट में अन्य मंत्री तिवारी को डिमांड मंत्री कहकर बुलाते थे
- आज के नेताओं की तरह नहीं जुटानी पड़ती थी भीड़

अमृत विचार: नारायण दत्त तिवारी राजनीति में बड़ी शख्सियत थे। राजनीति उन्हें विरासत में नहीं मिली थी, बल्कि उन्होंने जमीनी स्तर से शुरुआत की और बड़े मुकाम हासिल किए। तिवारी के व्यक्तित्व में सरलता व सादगी थी। वह किसी से भी मिलते तो उनके व्यवहार में अपनापन व साफगोई रहती थी।

हरीश नेगी।

तिकोनिया के पास चाय की दुकान चलाने वाले 75 वर्षीय हरीश नेगी बताते हैं कि एनडी तिवारी को लेकर जनता में बेहद सम्मान था। हर किसी को उनके दौरे का इंतजार रहता था। दो दिन पहले से रिक्शा घुमाकर तिवारी की जनसभा के बारे में सूचना प्रसारित कराई जाती थी। जिस दिन तिवारी की जनसभा होती थी हल्द्वानी बाजार में सन्नाटा पसर जाता था। युवा, बुजुर्ग, महिलाएं, रिक्शे वाले से लेकर पल्लेदार और गौलापार आदि से ग्रामीण भी अपने प्रिय नेता को सुनने रामलीला मैदान पहुंच जाते थे। तब सारी सड़कें सुनसान हो जाती थीं। आज के नेताओं की तरह तिवारी की सभा के लिए भीड़ जुटाने की जरूरत नहीं पड़ती थी।

वह बताते हैं कि तिवारी वाकपटु और भाषण देने की कला के माहिर थे। उनकी भाषा सरल व सहज होती थी। एनडी तिवारी की खासियत थी कि वह जिस क्षेत्र में जाते थे उसी भाषा के हिसाब से भाषण देते थे। वह हरवक्त क्षेत्र के विकास के बारे में ही सोचते थे। नेगी बताते हैं कि जब वह केंद्र में मंत्री थे तब उनके साथी अन्य मंत्री उन्हें डिमांड मंत्री कहते थे। तिवारी 25-30 हजार की भीड़ में से किसी परिचित को पहचान लेते और फिर मंच से माइक से ही उससे हालचाल पूछते थे। तिवारी की यही सादगी आम लोगों के मन में अमिट छाप छोड़ देती थी।

यादें

कांग्रेस के खिलाफ जब डंपी ने ठोकी थी चुनावी ताल

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: नैनीताल लोकसभा सीट पर निर्दलीय नेताओं के प्रदर्शन की बात करें तो यह ज्यादातर औसत ही रहा है लेकिन साल 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस लहर में भी निर्दलीय चुनाव लड़ रहे अकबर अहमद डंपी ने कांग्रेस को टक्कर दी थी। कांग्रेस से अपनी राजनीति की शुरूआत करने वाले डंपी ने पार्टी से निकाले जाने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी के सामने निर्दलीय ही चुनावी ताल ठोंक दी थी।

अकबर अहमद डंपी का परिवार संपन्न और काफी पढ़ा-लिखा था। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बेटे संजय गांधी के कहने पर वह कांग्रेस में शामिल हुए थे। साल 1980 में उन्होंने हल्द्वानी विधानसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा और चुनाव जीत भी गए। बाद में संजय गांधी की विमान दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु हो गई। तब गांधी परिवार में मेनका गांधी की अपनी सास इंदिरा गांधी से अनबन चल रही थी। अकबर अहमद ने मेनका का साथ दिया। इंदिरा को यह बात पसंद नहीं आई और डंपी को कांग्रेस से निकलवा दिया। डंपी ने कांग्रेस को अलविदा कहते हुए काशीपुर विधानसभा से चुनाव लड़ा और निर्दलीय रहते हुए भी जीत हासिल की। उन्होंने 1984 के लोकसभा चुनाव में निर्दलीय रहते हुए पर्चा भरा। यह वह दौर था जब इंदिरा गांधी की हत्या हो चुकी थी। राजीव गांधी को मां के नाम पर सहानुभूति मिल रही थी। कांग्रेस का पूरा देश में जोर चल रहा था। नैनीताल सीट से कांग्रेस ने सत्येंद्र चंद्र को टिकट दिया। उनके अलावा 14 और उम्मीदवार मैदान में थे। लगभग पूरा चुनाव ही कांग्रेस और निर्दलीय अकबर अहमद डंपी में सिमट गया। चुनाव जीतने वाले सत्येंद्र को 274557 वोट मिले। उनके मुकाबले दूसरे नंबर पर रहे अकबर अहमद डंपी ने 107897 वोट प्राप्त किया। भाजपा उम्मीदवार लाखन सिंह को 16276 तो लोकदल उम्मीदवार गोविंद सिंह को 8505 वोट मिले। अन्य प्रत्शाशियों को भी जनता ने नकार दिया था। नैनीताल सीट पर कांग्रेस को उन्हीं डंपी ने चुनौती थी, जिस कांग्रेस के टिकट पर वह पहली बार विधानसभा पहुंचे थे। बाद में डंपी बसपा में चले गए। उन्होंने बसपा के टिकट पर 1998 व 2009 में आजमगढ़ से चुनाव लड़ा और दो बार सांसद रहे।

मतदान करने में गांधी नगर के लोग अव्वल

हल्द्वानी, अमृत विचार: पिछले लोकसभा चुनाव में हल्द्वानी ब्लॉक में गांधी नगर के लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करने में अव्वल रहे, जबकि दूसरे नंबर पर बूथ-96 और तीसरे नंबर पर बूथ-91 रहा। वर्ष 2019 में हुए आम चुनाव में गांधी नगर के बूथ नंबर-106 पर 404 मतदाता थे, जिसमें करीब 335 लोगों ने अपने मत का प्रयोग किया। स्वीप की ब्लॉक समन्वयक मोनिका चौधरी ने बताया कि बूथ-106 का मतदान केंद्र राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में था और साल 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में भी इस बूथ से करीब 77 प्रतिशत मतदान हुआ था। बूथ-106, गांधी नगर के बाद दूसरे नंबर पर बूथ-96, एचएन इंटर कॉलेज में पिछले आम चुनाव में 80 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस बूथ पर तब कुल 669 मतदाता थे, जिसमें से 342 पुरुष व 327 महिलाएं थी, जिसमें से 535 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। साल 2022 के विधानसभा चुनाव में यहां मतदान प्रतिशत 79 प्रतिशत रहा।

बोले जिला समन्वयक

पिछले लोकसभा चुनाव में 83.78 प्रतिशत मतदान करके बूथ- 106, गांधी नगर ने आगामी चुनाव में सभी को मतदान करने के लिए प्रेरित किया है। - **सुरेंद्र अधिकारी**, जिला समन्वयक, स्वीप

श्रीनाथ जी मैं अटल...दिल्ली निकलना है व्यवस्था कराइए

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : तब भाजपा नहीं थी, जनसंघ था और हम रामलीला मोहल्ले में पुराने लकड़ी के बने हुए मकान में रहा करते थे। वर्ष 1955-56 में स्याह काली सर्द रातसमय करीब 2 बजे अचानक दरवाजे पर दस्तक हुई और एक आवाज सुनाई दी श्रीनाथ जी श्रीनाथ जी दरवाजा खोलिए। यह आवाज अटल बिहारी वाजपेयी की लगी। जब दरवाजा खोला तो सामने अटल बिहारी वाजपेयी खड़े थे। पिता जी (श्रीनाथ अग्रवाल) उन्हें घर में अंदर लेकर आए तो अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा कि मुझे अभी दिल्ली निकलना है, बहुत जरूरी काम है मेरी दिल्ली जाने की व्यवस्था करवाइए। तब आज की तरह बसें और ट्रेन नहीं थीं। मैं और मेरे पिता जी शिव शंकर अग्रवाल के ताऊ के घर रेलवे बाजार पहुंचे। उनसे दिल्ली जाने के लिए वाहन के इंतजाम के बारे में पूछा। इस पर उन्होंने बताया कि आलू का एक ट्रक दिल्ली जा रहा है सुबह तक पहुंच जाएगा। ट्रक का ड्राइवर सरदार था। उसको बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी साथ में जाएंगे तो वह बड़ा खुश हो गया। बल्ले-बल्ले बादशाहो मैं अटल नूं दिल्ली ले जावूंगा। फिर हम तुरंत घर पहुंचे। अटल जी से पूछा कि आप खाना खाएंगे लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। फिर एक गिलास दूध पिया और ट्रक की ओर चल दिए। आलू के ट्रक से दिल्ली रवाना कराया। यह संस्मरण वेद प्रकाश अग्रवाल ने सुनाया।

वेद प्रकाश अग्रवाल के घर पहुंचे अटल बिहारी वाजपेयी व परिजन। ● अमृत विचार

संस्मरण

- वरिष्ठ आरएसएस कार्यकर्ता वेद प्रकाश अग्रवाल ने बताया वर्ष 1955-56 का संस्मरण

वह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला संघ संचालक भी रह चुके हैं। वह बताते हैं कि भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी कई बार उनके घर पर आए। जनसंघ के अध्यक्ष मौलिक चंद शर्मा, पं. दीन दयाल उपाध्याय, लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, कलराज मिश्रा जैसे कई वरिष्ठ नेताओं का उनके घर आना जाना था।

उधर गांधी की हत्या हुई, इधर पिता को भी जेल भेज दिया

वह बताते हैं कि नाथूराम गोडसे ने 30 जनवरी 1948 को महात्मा गांधी की हत्या की थी। तब राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को बैन कर दिया गया और संघ कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारियां शुरू हो गईं। तब पुलिस ने उनके पिता श्रीनाथ अग्रवाल को भी गिरफ्तार किया और वह 6 माह तक बरेली के केंद्रीय कारागार में रहे। बाद में दूसरे सर संघ चालक माधवराव सदाशिव राव गोलवलकर ने संघ का संविधान लिखकर जमा किया और पुलिस भी महात्मा गांधी की हत्या में संघ का कनेक्शन नहीं जोड़ सकी। इसके बाद उनके पिता को जेल से बरी किया गया।

...जब मौलिक चंद शर्मा का बिस्तर कंधों पर लादकर पहुंचे अटल बिहारी वाजपेयी

वेद प्रकाश अग्रवाल बताते हैं कि 1952-54 के बीच मौलिक चंद्र शर्मा जनसंघ के अध्यक्ष थे। एक बार वह हल्द्वानी आए तो साथ में अटल बिहारी वाजपेयी भी थे। शर्मा हल्द्वानी स्टेशन पर उतरे तो पीछे अटल बिहारी वाजपेयी भी उतरे और उनके कंधों पर शर्मा का बिस्तर बंद था। फिर बाजार से होते हुए अल्मोड़ा की रवाना हो गए। वह बताते हैं कि 25 जून 1975 को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगा दी थी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बैन कर दिया था। इमरजेंसी लगने के करीब एक सप्ताह बाद 3 जुलाई को पुलिस उनके घर पहुंच गई। वह संघी और जनसंघी को पकड़ कर जेल में डाल रही थी। रात करीब 12 बजे पुलिस उन्हें पकड़ने पहुंची तो इसकी भनक लग गई। वह पीछे के दरवाजे से भाग गए जबकि शिवशंकर अग्रवाल, सुधीर कांत खंडेलवाल, सूर्य प्रकाश अग्रवाल और दान सिंह बिष्ट गिरफ्तार हुए। बाद में छह-छह माह के अंतराल पर रिहा होते रहे।

जनपद में 24 कर्मचारियों ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान

हल्द्वानी, अमृत विचार : नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट विपिन पंत ने बताया कि रविवार को विधानसभा सीट रामनगर के 8, हल्द्वानी के 11, लालकुआं के 4, भीमताल के 1 कर्मचारी ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया।

मतदान प्रक्रिया से दूर रहने की अनुमति देता नियम 49-ओ

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मतदाताओं के पास एक ऐसा अधिकार है कि वह मतदान केंद्र पर जाने के बाद भी वोट डालने से इनकार कर सकते हैं। चुनाव अधिकारी मतदाता पर वोट डालने का दबाव नहीं डाल सकते हैं। यह नोटा (इनमें से कोई नहीं) से अलग विकल्प है।

चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं और चुनाव आयोग ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक लाने व मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहा है, लेकिन चुनाव संचालन नियम, 1961 नियम 49-ओ के तहत मतदान केंद्र पर जाने के बावजूद मतदाता वोट करने से मना कर सकता है।

इस नियम के अनुसार, पीठासीन अधिकारी के सामने अपनी पहचान दर्ज कराने के बाद भी मतदाता को वोट देने से इनकार करने का अधिकार है। 49-ओ के अन्तर्गत मतदाता किसी भी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान न करके सभी को नकारने जैसा कदम उठाता है।

निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मतदान केंद्र पर मतदाताओं की जानकारी रखने के लिए जिस रजिस्टर का प्रयोग किया जाता है, उसे फॉर्म 17-ए कहा जाता है, जिसमें क्रम संख्या, मतदाता संख्या, उसके हस्ताक्षर और टिप्पणी कॉलम बने होते हैं। इसमें मताधिकार करने वाले सभी मतदाताओं की जानकारी अंकित की जाती है। ऐसे में, यदि कोई मतदाता नियम 49-ओ का प्रयोग करना चाहता है तो उसे फॉर्म 17-ए में अपनी जानकारियां दर्ज करानी होंगी, जिसके बाद उसे पीठासीन अधिकारी को बताना होगा कि वह अपने मत का प्रयोग नहीं करना चाह रहा है। पीठासीन अधिकारी को टिप्पणी कॉलम में इसकी जानकारी दर्ज करनी होगी। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने बताया कि लगभग हर चुनाव में जिले स्तर पर दो-तीन मतदाता नियम 49-ओ का प्रयोग करते हैं।

नोटा से अलग नियम 49-ओ

नोटा (इनमें से कोई नहीं) का विकल्प मतदाता को जनादेश चाहने वाले किसी भी उम्मीदवार में विश्वास की कमी व्यक्त करने की अनुमति देता है लेकिन नियम 49-ओ का विकल्प मतदाता को पूरी तरह से मतदान प्रक्रिया से दूर रहने की अनुमति देता है।

पीठासीन अधिकारी की ओर से मतदाता को मतदान करने का अनुरोध किया जाता है लेकिन वह नियम 49-ओ का प्रयोग करना चाहते हैं तो उन्हें मतदान के लिए बाध्य नहीं किया जाता।
- **पीआर चौहान**, उप जिला निर्वाचन अधिकारी

नई पहल

स्वीप ने सोशल मीडिया में वीडियो और फोटो डालकर की मतदान की अपील, इस बार जिले में 85 फीसदी वोटिंग का लक्ष्य

सचिन से लेकर परेश और शक्ति कर रहे जागरूक

बीरेन्द्र बिष्ट, रुद्रपुर

अमृत विचार: जिला निर्वाचन कार्यालय लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत 85 फीसदी तक करने के लिए स्वीप के माध्यम से कई कार्यक्रम आयोजित करा रहा है। इसके लिए स्वीप ने भारत रत्न प्राप्त व क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर, फिल्म इंडस्ट्री के कॉमेडी कलाकार परेश रावल और शक्ति कपूर के वोट डालने के जागरूक करने वाले वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर डाले गए हैं। ताकि मतदान के प्रतिशत को बढ़ाया जा सके।

पिछले लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत 67 फीसदी के करीब रहा था। इस कारण इस बार निर्वाचन कार्यालय की ओर से स्वीप कई तरह के कार्यक्रम आयोजित करा रहा है। स्वीप कार्यक्रम से जुड़े अधिकारी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जो भी गतिविधियां कर रहे हैं उसे सोशल मीडिया, फेसबुक, इंस्टाग्राम एवं पोर्टल पर प्रतिदिन अपलोड कर रहे हैं। इस क्रम में स्वीप की ओर से भारत रत्न सचिन तेंदुलकर का एक वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड किया गया है। इसमें सचिन लोगों को मतदान के लिए अपील करते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा फिल्म इंडस्ट्री के कॉमेडी कलाकार परेश रावल का सोशल मीडिया में फोटो अपलोड किया गया है। इसमें परेश रावल लोगों को वोट दे रे बाबाऔर शक्ति कपूर का क्राइम मास्टर गो-गो एंड वोटवाला फोटो अपलोड किया गया है। स्वीप की टीम की ओर शहर के बड़े मॉल और अन्य स्थानों में बढ़े-बढ़े कटआउट लगाए गए हैं। इसमें लोगों को अधिक से अधिक वोट देने के अपील की जा रही है। इसके अलावा वोटों को शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए दिव्यांग मतदाता, नये मतदाता, वनराजि (बुक्सा व थारू जनजाति), बुजुर्ग,महिला, दिव्यांग मतदाताओं पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है।

सचिन तेंदुलकर।

परेश रावल।

शक्ति कपूर।

सार संक्षेप

अखलेश कुमार ने दिनेशपुर में किया जनसंपर्क

दिनेशपुर के गांव में जनसंपर्क करते प्रत्याशी अखलेश कुमार। ● अमृत विचार

हल्द्वानी : अखिल भारतीय परिवार पार्टी के नैनीताल संसदीय सीट से उम्मीदवार अखलेश कुमार ने रविवार को ऊधम सिंह नगर के दिनेशपुर में जनसंपर्क किया। उन्होंने कर्ज मुक्त भारत का हवाला देते हुए जनता से परंपरागत को छोड़कर नए विकल्पों को चुनने का आह्वान किया। लगभग एक दर्जन गांवों में घर-घर जाकर संगठन की रीति व नीति बताईं। इस दौरान प्राण किशन राय, विष्णु कुमार, सीमा, यश, शिवानी, विशाल, अरविंद मौजूद रहे।

कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने किया चुनाव प्रचार

नुक्कड़ सभा करते कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी एवं विधायक तिलकराज बेहड़।

किच्छा/शांतिपुरी : कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ के साथ कई ग्रामीण क्षेत्रों में जनसभाएं कर जनता से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। युवाओं ने मोटर साइकिल रैली निकालते हुए जनता से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हाजी सरवर यार खान, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, दर्शन कोली, राजेश प्रताप सिंह, नारायण सिंह बिष्ट, डॉ. गणेश उपाध्याय आदि मौजूद रहे। उधर, कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी व स्थानीय विधायक तिलकराज बेहड़ ने जवाहरनगर शांतिपुरी में चुनावी सभाओं को संबोधित कर जनता से पार्टी के लिए वोट मांगे। इस दौरान पूर्व फौजी कुंदन सिंह मेहता व युवा नेता मोहनचंद पांडे को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष नारायण सिंह बिष्ट, प्रदेश सचिव विनोद कोरंगा, ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, पूर्व दर्जा मंत्री हरीश पनेरु, प्रेम आर्या, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, बिशन सिंह कोरंगा, प्रधान चंद्रकला कोरंगा मौजूद रहे।

आप और सपा ने कांग्रेस को दिया समर्थन

गदरपुर-दिनेशपुर रोड पर एकत्र कांग्रेस, आप और सपा के पदाधिकारी।

गदरपुर : कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को आम आदमी पार्टी और सपा ने समर्थन दिया है। रविवार को कांग्रेस के कार्यवाहक नगर अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा आप और सपा के नेताओं की दिनेशपुर रोड स्थित एक प्रतिष्ठान पर बैठक हुई। इसके बाद हुई प्रेसवार्ता में आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी, सपा के जिला उपाध्यक्ष जसपाल सिंह ने बताया कि इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को दोनों दलों का समर्थन रहेगा। इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि दोनों पार्टियों के समर्थन देने से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी अब मजबूत स्थिति में है। इस मौके पर नारायण हालदार, गुरविंदर सिंह विर्क, अजय गाबा, तस्लीम अहमद, कर्ण सिंह, संजीव अरोरा, काशीनाथ गुप्ता, मिक्की भगत, राजेश बाबा आदि मौजूद थे।

कांग्रेस प्रत्याशी की जनसभा 9 को रुद्रपुर में

रुद्रपुर : लोकसभा चुनाव में नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में 9 अप्रैल को विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी वार्ड नंबर 1 के पूर्व पार्षद सुरेश गौरी ने दी। उन्होंने बताया कि तीन पानी डैम में एक जनसभा आयोजित की जाएगी इस जनसभा को किच्छा के विधायक तिलक राज बेहड संबोधित करेंगे। इसके बाद वार्ड में बाइक रैली निकाली जाएगी जो फुलसुंगा, फुलसुंगी, जनपथ, लमरा, दक्ष चौराहे होती हुई शिमला बहादुर वापस पहुंचेगी।

किच्छा के पोलिंग बूथों का प्रेक्षक ने किया निरीक्षण

किच्छा में पोलिंग बूथ का निरीक्षण करते प्रेक्षक गगनदीप सिंह बराड़। ● अमृत विचार

किच्छा : लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बराड़ ने टीम के साथ मतदान बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने किच्छा विधानसभा के पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों व सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी एवं अधिकारी तत्परता से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी, राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

रुद्रपुर में पथ संचलन करते आरएसएस के स्वयंसेवी। ● अमृत विचार

गदरपुर में पथ संचलन करते राष्ट्रीय सेवक संघ के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

केसरिया ध्वज के साथ आरएसएस ने निकाला पथ संचलन

विक्रमी संवत 2081 के आगमन व हिंदू नव वर्ष के शुभारंभ पर जनता इंटर कॉलेज से शुरू हुआ संचलन, हिंदू संस्कृति को बढ़ावा देने पर बल

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: केसरिया ध्वज के साथ शहर में आरएसएस ने पथ संचलन निकालकर हिंदू समाज को धर्म और संस्कृति को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हिंदुओं की आस्था का ही परिणाम है कि भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है और विश्वस्तर पर हिंदू धर्म को सर्वोपरि माना है।

रविवार को जनता इंटर कॉलेज प्रांगण में बड़ी संख्या में आरएसएस के स्वयंसेवी पूर्ण गणवेश में पहुंचे। जहां केसरिया ध्वज स्थापित कर ध्वज प्रणाम के साथ ही वंदन किया गया। इस दौरान आरएसएस के सह प्रांत बौद्धिक प्रमुख राजेश ने बताया कि आज के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार का जन्म हुआ था। संघ को सौ वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। संघ परिवार निरंतर बढ़ता जा रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता योगराज बत्रा ने की। इस मौके पर विभाग संघ चालक राम उजागर, नगर संघचालक लक्ष्मी नारायण, गजेंद्र सिंह संधू, बरीत सिंह, विधायक शिव अरोरा, संजय ठुकराल, विकास शर्मा, रामपाल सिंह, भारत भूषण चुघ आदि मौजूद रहे।

गदरपुर: विक्रमी संवत 2081 के आगमन और हिंदू नव वर्ष के शुभारंभ पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गदरपुर शाखा ने नगर में पथ संचलन किया। इस दौरान नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर कार्यकर्ताओं का स्वागत किया गया। पथ संचलन का नेतृत्व नगर कार्यवाहक जीवन जोशी, नगर संघ संचालक दीपक सुधा ने किया। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय सह मंत्री स्नेहा पाल सिंह, विधायक अरविंद पांडेय, भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, विनोद चुघ, राजकुमार सुखीजा, सोनू विश्वास, अजय आहूजा मौजूद थे।

जसपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने हिन्दू नव वर्ष के उपलक्ष में नगर में विशाल पथ संचलन निकाला। रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता थाने के सामने स्थित धर्मशाला मन्दिर परिसर में एकत्र हुए। जहां बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। इसके बाद निकले पथ संचलन में पृथ्वीसिंह चौहान, मुनीष जैन, मदन जलाल, राजीव कौशिक, गिरीश,जोशी, खड़क सिंह चौहान, शीतल जोशी सुशांत कुमार बिश्नोई आदि शामिल रहे।

काशीपुर में पथ संचलन करते स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

जसपुर में पथ संचलन से पूर्व बौद्धिक सत्र में उपस्थित आरएसएस के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

पथ संचलन कर दिया सामाजिक एकता का परिचय

काशीपुर : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने रविवार को पथ संचलन कर सामाजिक एकता व अनुशासन का परिचय दिया। पथ संचलन रामलीला मैदान से चीमा चौराहे होते हुए माता मंदिर रोड आदि जगहों से निकला। कार्यक्रम में जिला प्रचारक सौरभ जोशी, आशुतोष, हरि सक्सेना, अमित मित्तल, प्रेम सिंह चौहान, आकाश गर्ग, अभिषेक, परविंदर सिंह विर्क, मंगल सिंह, प्रशांत पंडित, बिट्टू राणा, अजय कौशिक, ईश्वर चंद गुप्ता आदि शामिल रहे।

निशुल्क नेत्र शिविर में 183 मरीजों की जांच

काशीपुर: खत्री सभा की ओर से नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। 183 मरीजों की जांच कर दवाइयां बांटी गईं। इसमें 40 मरीजों की आंखों की जांच कर ऑपरेशन के लिए चिह्नित किया गया है। रविवार को सभा के अध्यक्ष दिलीप मेहरोत्रा ने बताया कि परीक्षण के उपरांत चिन्हित रोगियों की आंखों का ऑपरेशन भी निशुल्क किया जाएगा। शिविर में शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच भी की गई। सचिव दीपेश मेहरोत्रा ने बताया कि केवीआर हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने नेत्र परीक्षण कर दवाइयां दीं। शिविर में डॉ. कनिका अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, सृष्टि अरोरा, अनस, रफी, साबिर, जोफिया, शिवानी व कमल आदि उपस्थित रहे।

राशन धांधली प्रकरण में एक मंच पर आए दिग्गज नेता

फॉलोअप

- **विधायक बेहड़ उठाएंगे राशन धांधली का मुद्दा**
- **बोले भट्ट-राशन माफियाओं पर होगी कार्रवाई**

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: गरीबों के राशन पर डाका डालने के राशन धांधली प्रकरण का मामला सुर्खियों में आने के बाद अब दिग्गज नेता भी लामबंद हो गए हैं। गरीबों के राशन धांधली प्रकरण को लेकर नाराजगी देखने को मिल रही है। नेताओं ने प्रकरण की जांच कर राशन माफियाओं को बेपर्दा करने की बात कही है।

बताते चलें कि पिछले कुछ दिनों पहले राशन माफियाओं द्वारा राशन धांधली का मामला सामने आया था। प्रारंभिक पड़ताल में पांच सस्ता गल्ला विक्रेताओं की दुकान चिन्हित हुई थीं। जांच में यह भी सामने आया कि राशन माफिया राशन की बोरियां सीधे राइस मिलों में पहुंचाकर मोटा मुनाफा लेते हैं। जब प्रकरण सुर्खियों में आया तो विभाग ने खानापूर्ति करते हुए दो एआरओ की जांच कमेटी गठित कर दी।

अब सवाल यह उठता है कि 684 सस्ता गल्ला दुकानों के आवंटन और राशन वितरण धांधली की जांच क्या दो एआरओ कर पाएंगे। अब भाजपा और कांग्रेस के दिग्गज नेता भी गरीबों के समर्थन में उतर आए हैं। इसको लेकर नेताओं ने अपने-अपने बयान देकर जांच किए जाने का मुद्दा उठाया।

वर्तमान में आचार संहिता प्रभावी है। सरकार की मुफ्त राशन वितरण योजना का में धांधली प्रकरण बेहद गंभीर है। राशन की धांधली आज नहीं तो कल जरूर जांच के घेरे में आएगी और भाजपा सरकार में राशन माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

- अजय भट्ट, नैनीताल-ऊधमसिंह नगर प्रत्याशी

राशन घोटाला बिना विभागीय मिलीभगत के नहीं हो सकता है और राशन माफिया खुलेआम गरीबों के राशन पर डाका डाल रहे हैं। कई घोटाले होने के बाद अब राशन घोटाला गंभीर विषय है। एक ही ग्रुप को राशन की दुकानें आवंटित करना घोटाले का एक हिस्सा है। कई सालों से नई दुकानों का आवंटन तक नहीं हुआ। प्रारंभिक जांच में ही पांच दुकानों को चिह्नित करने से साफ होता है कि खाद्यान्न घोटाला करोड़ों का खेल है। सबूतों के साथ विधानसभा सत्र में राशन घोटाले का मुद्दा उठाया जाएगा। प्रदेश की धामी सरकार को भी कार्रवाई का आदेश देना चाहिए।

-तिलक राज बेहड़, विधायक, किच्छा

रुद्रपुर विधानसभा में राशन धांधली का मामला संज्ञान में आया है। केंद्र और प्रदेश की धामी सरकार गरीबों को मुफ्त राशन देकर लाभांवित कर रही है। ऐसे में गरीबों का निवाला छीनने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और विभाग को इस प्रकरण में जांच करनी चाहिए। यह प्रकरण कानूनी और मानवीय दृष्टिकोण से अपराध है। दोषी राशन माफिया के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। वह मामले को लेकर सीएम से भी वार्ता करेंगे।

-शिव अरोरा, विधायक, रुद्रपुर

बाजपुर में भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन को संबोधित करते शहीद भगत सिंह के भांजे।

शहीद भगत सिंह के भांजे ने किया आंदोलन का समर्थन

बाजपुर : शहीद-ए आजम भगत सिंह के भांजे प्रोफेसर जगमोहन सिंह ने भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया। शहीद भगत सिंह की बहन बीबी अमर कौर के पुत्र प्रो. जगमोहन सिंह ने कहा कि शहीद भगत सिंह और उनके साथी क्रांतिकारियों के विचारों को फैलाने की आज सबसे ज्यादा जरूरत है। आपसी भाईचारे को मजबूत कर ही समृद्ध भारत का निर्माण किया जा सकता है। पर्यावरणविद और भारत जोड़ो अभियान के राष्ट्रीय मेंटर डा.रवि चोपड़ा ने भी आंदोलन का समर्थन किया। भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन के नेता जगतार सिंह बाजवा ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा व संचालन माले नेता डा. कैलाश पांडेय ने किया। इस मौके पर अमरनाथ शर्मा, बाबू सिंह चौहान, हरप्रीत सिंह निज्जर, सतनाम सिंह रंधावा, दलजीत सिंह, अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह जंगी, सर्वोदय मंडल अध्यक्ष इस्लाम हुसैन आदि शामिल रहे।

पीठासीन अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

पंतनगर: लोकसभा चुनाव को निर्बाध संपन्न कराने के लिए रविवार को किच्छा और सितारगंज विधानसभा के पीठासीन व मतदान अधिकारियों सहित सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट को पंतनगर विवि के गांधी हॉल में द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनरों ने दो पालियों में सैद्धांतिक और ईवीएम का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

तीसरे दिन दो पालियों में किच्छा के 738 व सितारगंज के 629 पीठासीन व मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने कहा प्रत्येक बूथ पर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात किए गए हैं और 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों की वेबकास्टिंग की जा रही है, जिस पर सीधे आयोग की नजर है। सीडीओ मनीष कुमार, नोडल अधिकारी प्रशिक्षण नरेश चंद्र दुर्गापाल व मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण दिया। इस दौरान नोडल ईवीएम टीएस मर्तोलिया, सहायक निर्वाचन अधिकारी कौस्तुभ मिश्र, परियोजना निदेशक अजय सिंह, नोडल खानपान श्याम आर्य, सहायक नोडल कार्मिक केएस रावत, नोडल ईवीसी विवेक राय, सहायक नोडल सुभाष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

प्रारूप सी-1

आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं. 535 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य में)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता : अखलेश कुमार S/o श्री धर्मवीर सिंह, लाईन नं.-12, गांधीनगर, खिचड़ी-5, हल्द्वानी (नैनीताल)

राजनैतिक दल का नाम : अखिल भारतीय परिवार पार्टी

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 04-नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र

मैं अखलेश कुमार उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूँ:

क्र. सं.	न्यायालय का नाम	प्रकरण संख्या एवं प्रकरण तारीख	प्रकरण की स्थिति	सम्बन्धित अधिनियम की धारा (ओं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण
1	न्यायायिक मजिस्ट्रेट-II हल्द्वानी	प्रकरण संख्या-3575 तारीख-2019	विचाराधीन	आई.पी.सी.-279, 337, 504

संवत 2080 का आखिरी सूर्यग्रहण आज

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार: सोमवती अमावस्या और संवत 2080 का अंतिम सूर्य ग्रहण सोमवार को (आठ अप्रैल) लगने जा रहा है। ज्योतिषाचार्य डॉ. मंजू जोशी ने बताया कि अमावस्या सोमवार को होने के चलते इसे सोमवती अमावस्या कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सोमवती अमावस्या पर स्नान-दान करने की भी परंपरा है। इससे सभी कष्टों का नाश होता है। किसी कारणवश जो जातक गंगा स्नान नहीं कर पाते, वह किसी भी नदी या सरोवर आदि में स्नान कर सकते हैं।

मुहूर्त और उपाय : आमावस्या प्रातः 3:23 से रात 11:52 बजे तक। सोमवती अमावस्या पर पितरों के निमित्त ब्राह्मण या किसी जरूरतमंद व्यक्ति को अन्न-वस्त्र दान करें। जिन जातकों पर शनि की ढैया या साढ़ेसाती चल रही है उन सभी को गंगा या किसी पवित्र नदी में स्नान करना चाहिए।

गर्भवतियों को सावधानी रखना आवश्यक

आज संवत 2080 का अंतिम सूर्यग्रहण भी लगने जा रहा है, जो कि रात का समय होने के कारण भारत में दिखाई नहीं देगा और ना ही इसका कोई धार्मिक महत्व होगा, सूतक भी नहीं लगेगा। परंतु ग्रहण काल में गर्भवती महिलाओं को सावधानियां बरतना आवश्यक है। किसी भी धारदार हथियार का प्रयोग ना करें, इसके अलावा ग्रहण काल में भोजन करने से बचें। गीता, सुंदरकांड तथा दुर्गा सप्तशती का पाठ करें। सूर्यग्रहण का समय रात 10:08 से मध्य रात्रि 1:25 तक है।

दैनिक समाचार पत्र

कम खर्च, ज्यादा मुनाफा

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।

साइज व रेट

साइज	4x5 सेमी	600/- रु.
साइज	4x6 सेमी	720/- रु.
साइज	4x7 सेमी	840/- रु.

स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15

अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-

मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523

नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333

रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222

किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690

197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कुमाऊं संस्करण

स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि

पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

अमृत विचार

साइज व रेट

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST

साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST

साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST

अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-

हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321

अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888

काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690

197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

बाजपुर में लाखों की नगदी बरामद

बाजपुर : लोकसभा चुनाव को लेकर सक्रिय एफएसटी (निगरानी टीम) ने बन्नाखेड़ा चौराहे पर एक काले रंग की स्कार्पियो से 4,69,500 रुपये बरामद किए। स्कार्पियो स्वामी करन धनराशि के संबंध में कोई भी कागजात मौके पर प्रस्तुत नहीं कर पाया। इसके चलते धनराशि को जब्त कर लिया गया। टीम में सहायक अध्यापक सुरेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक रमेश चंद्र बेलवाल, कांस्टेबल विनोद खाती, होमगार्ड मंगल सिंह आदि शामिल रहे।

बिजली चोरी के आरोप में दो लोगों पर मुकदमा

काशीपुर : विद्युत विभाग की टीम ने छापेमार अभियान के तहत दो घरों में बिजली चोरी पकड़ी। उपखंड अधिकारी महक मिश्रा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। विद्युत टीम ने अल्ली खां निवासी नन्हें व शकीला के घरों में विद्युत मापक यंत्र से पहले कटिया डालकर बिजली चोरी पकड़ी। टीम ने मौके से कई मीटर विद्युत केबिल को भी अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अवैध शराब के धंधे में लिप्त तीन लोग गिरफ्तार

काशीपुर : पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से कच्ची शराब के धंधे में लिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनका पुलिस ने आबकारी एक्ट में चालान किया। प्रतापपुर चौकी पुलिस ने चेकिंग के दौरान डूंगरा कालोनी मोड़ से प्रतापपुर निवासी भूप सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 16 लीटर कच्ची शराब बरामद की। उधर, पैगा चौकी पुलिस ने फ्लाईओवर बांसखेड़ा के नीचे से ग्राम बांसखेड़ा निवासी राजवीर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 48 पाउच कच्ची शराब बरामद की। वहीं मंडी चौकी पुलिस ने भी ग्राम टीला निवासी पप्पू सिंह को मिस्सरवाला से बैतवाला को जाने वाली रोड पर बंद पड़ी राइस मिल के पास से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से करीब 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने तीनों का आबकारी एक्ट में चालान किया है।

स्वास्थ्य दिवस पर जानकारी दी

बाजपुर : उपजिला चिकित्सालय केंद्र में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर की ओर से विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जानकारी दी गई। इस दौरान उप जिला चिकित्सालय केंद्र में तैनात डॉ. तैयब हुसैन की अध्यक्षता में पराविधिक कार्यकर्ता मोहम्मद शहीद ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मिलने वाली सभी निशुल्क विधिक सेवाओं तथा नालसा टोल फ्री नंबर 15100 की जानकारी दी।

रॉयल्टी चेकिंग के दौरान हंगामा

बाजपुर में टीम से नोकझोंक करते ट्रांसपोर्टर व दोनों पक्षों को समझाती पुलिस।

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: प्रदेश के सीमा पर स्थित माइनिंग चेक पोस्ट पर रायल्टी चेकिंग के दौरान कंपनी के लोगों पर सुविधा शुल्क मांगने का आरोप लगाते हुए ट्रांसपोर्टरों व वाहन चालकों ने हंगामा किया। इस दौरान उनकी टीम में शामिल कर्मचारियों से तीखी नोकझोंक भी हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया।

दोराहा बाजपुर के निकट प्रदेश के बार्डर क्षेत्र में माइनिंग चेक पोस्ट पर भू-तत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उत्तराखंड के कर्मचारियों की टीम उत्तराखंड से रामपुर उत्तर-प्रदेश की ओर जा रहे खनन सामग्री से लदे वाहनों को रोक कर चेकिंग कर रही थी। इसमें कुछ खनन वाहनों पर जुर्माना लगाया गया। रविवार की देर शाम हुई टीम की इस कर्रवाई से खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में मौके पर खनन वाहनों की लंबी कतार लग गई। वहीं आक्रोशित ट्रांसपोर्टरों ने टीम पर उन्हें बेवजह परेशान करने व सुविधा शुल्क की मांग करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। इधर पटरी से उतरी यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए दोराहा चौकी की पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह से मामला शांत कराया। बताते चलें कि अवैध खनन व ओवरलोडिंग रोकने के लिए खनन सामग्री लेकर उत्तराखंड से उत्तर-प्रदेश की ओर जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जिम्मेदारी एक संस्था को दी गई है।

बाबा तरसेम हत्याकांड : एसएसपी बोले-पुलिस को कुछ और षड्यंत्रकारियों के सुराग मिले

...अभी और षड्यंत्रकारी हैं रडार पर

नानकमत्ता में पकड़े गए षड्यंत्रकारियों के साथ पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता, नानकमत्ता

अमृत विचार: वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने बताया कि बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस को कुछ और षड्यंत्रकारियों के सुराग मिले हैं। उन्होंने कहा कि दोनों शूटरों पर एक लाख रुपये के इनाम की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि बाबा की हत्या के मामले में हत्यारों के साथ ही हर षड्यंत्रकारी पकड़ा जाएगा।

पुलिस लगातार इस मामले में जांच का दायरा बढ़ा रही है। शीघ्र ही सभी दोषी पकड़े जाएंगे।

जसपाल पर 10 और सुखदेव पर दो मामले हैं दर्ज

नानकमता : एसएसपी मंजूनाथ ने बताया कि पकड़े गए षड्यंत्रकारी जसपाल सिंह भट्टी के खिलाफ वर्ष 2006 से अबतक बाजपुर, रुद्रपुर, बिलासपुर रामपुर, बारादरी बरेली, नानकमता में 10 मामले दर्ज हैं। इसमें उत्तराखंड और उत्तर परदेश में हत्या के मामले भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 में जसपाल और सुखदेव बाजपुर से हत्या के मामले में एक साथ जेल जा चुके हैं। यह भी बताया की शूटर अमरजीत और जसपाल सिंह भट्टी फुफेरे भाई हैं और दोनों मूलरूप से सीहोर बिलासपुर के रहने वाले हैं। दोनों 2014 में रुद्रपुर से एटीएम चोरी और पुलिस पर जानलेवा हमले के मामले में जेल जा चुके हैं। दूसरे पकड़े गए आरोपी सुखदेव सिंह के खिलाफ 2011 में बाजपुर और अब नानकमता में मामला दर्ज हैं वहीं पुलिस तीसरे गिरफ्तार परगट सिंह की कुंडली खंगालने में लगी है। वांछित षड्यंत्रकारी सुलतान सिंह के खिलाफ 11 मामले दर्ज हैं।

आईआईएम के सहयोग से काशीपुर बनेगा पर्यटन और शिक्षा का हब

काशीपुर के द्रोण पार्क में आयोजित आईआईएम और केडीएफ की बैठक में लिया गया निर्णय

पहल

- बोले, काशीपुर शहर को विकसित बनाने में आईआईएम के विशेषज्ञों की लेंगे राय

संवाददाता, काशीपुर

काशीपुर में आईआईएम के विशेषज्ञों के साथ केडीएफ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार: पौराणिक नगरी काशीपुर को विकसित बनाने के लिए केडीएफ आईआईएम के विशेषज्ञों की मदद लेगा। जानकारों की राय लेकर नए उद्योग स्थापित करने, पर्यटन को बढ़ावा देकर रोजगार के अवसर पैदा करने और शिक्षा का हब बनाने के लिए स्थानीय स्कूलों के प्रबंधन को बेहतर बनाया जाएगा। इससे काशीपुर राज्य के अग्रणी शहरों में अपने आप को स्थापित कर सकेगा।

रविवार को द्रोणसागर स्थित द्रोण पार्क में केडीएफ के अध्यक्ष राजीव घई के नेतृत्व में आईआईएम के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। राजीव घई ने बताया कि काशीपुर को हर क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ाना है, युवाओं का भविष्य कैसे संवारना है, इस पर आईआईएम के निदेशक कुलभूषण बलूनी, प्रोफेसर विवेक राय, प्रोफेसर डॉ. धीरज के साथ गहन मंथन किया गया। आईआईएम के विशेषज्ञ काशीपुर को विकसित करने के लिए हर संभव मदद करने को तैयार हैं। बताया कि द्रोणसागर में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। इससे कुमाऊं में आने वाले पर्यटक काशीपुर में आ सकेंगे और सकारात्मक अनुभव लेकर लौटेंगे। बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में स्थानीय स्कूलों का प्रबंधन आईआईएम की मदद से उच्च स्तर का बनाया जाएगा। जरूरत पड़ने पर स्कूलों के शिक्षकों की ट्रेनिंग कराई जाएगी। स्कूली शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कोर्स विकसित किए जाएंगे। ताकि यहां के छात्र-छात्राएं भी आईएएस जैसे बड़े कोर्स करेंगे। बताया कि नए औद्योगिक इकाईयां को स्थापित करने के लिए बड़े स्तर पर प्लान तैयार किया जाएगा। इस मौके पर उद्योगपति योगेश जिंदल, देवेंद्र कुमार अग्रवाल, डॉ. एसपी गुप्ता, डॉ. बीएम गोयल, प्रमोद अग्रवाल, डॉ. केके अग्रवाल, अरविंद शर्मा, अनुराग अग्रवाल, पंकज अरोरा, डॉ. अनिल अग्रवाल मौजूद थे।

शहर की चार बड़ी समस्याओं का किया जिक्र

काशीपुर : द्रोण पार्क में हुई बैठक के दौरान केडीएफ के पदाधिकारी शहर में जाम की समस्या, कूड़ा निस्तारण, जल भराव और फ्लाइओवर की समस्या पर चिंतित दिखे। उन्होंने कहा कि शहर को विकसित करने के लिए सभी को आगे आना होगा। समस्याओं का निस्तारण करवाने के लिए केडीएफ हर मंच तक पहुंचेगा।

मेडिकल कॉलेज के लिए करेंगे प्रयास

काशीपुर : केडीएफ के अध्यक्ष राजीव घई ने बताया कि काशीपुर में स्वास्थ्य सुविधाएं को बेहतर किया जाना है। एम्स काशीपुर में बनता था, किसी वजह से नहीं बन सका। भविष्य में मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए प्रयास करते रहेंगे।

पत्नी की प्रताड़ना से परेशान पति पहुंचा कोतवाली

किच्छा: पत्नी की प्रताड़ना से परेशान पति ने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। पीड़ित ने पत्नी पर झूठे मुकदमे में फंसाने तथा घर में रखे राशन व अनाज को नष्ट करने, बाइक में तोड़फोड़ कर घर में रखी 85 हजार रुपये की नगदी चोरी कर दो बच्चों के साथ फरार होने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायत में ग्राम धौरा डैम, नजीबाबाद, थाना किच्छा निवासी सोहन सिंह ने बताया कि उसका विवाह करीब 10 वर्ष पूर्व एक युवती के साथ हुआ था तथा विवाह के बाद तीन बच्चों का जन्म हुआ। पीड़ित के अनुसार विगत करीब तीन वर्षों से एक बच्चा नाना नानी के यहां पर रहता है तथा दो बच्चे उसके साथ रहते हैं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि विवाह के बाद से ही पत्नी ने अपनी मां तथा बहन आदि के बहकावे में आकर उसके परिवार के साथ झगड़ा कर परेशान करना शुरू कर दिया। पीड़ित सोहन सिंह ने पुलिस से कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है।

बालिका की गुमशुदगी दर्ज

खटीमा : उमरुखुर्द वार्ड संख्या पांच निवासी सानू ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि उसकी 13 वर्षीय पुत्री चार अप्रैल को आठ बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर बालिका की गुमशुदगी दर्ज कर उसका पता लगाने में जुटी है।

स्क्रैप भरते वक्त आया करंट, युवक की मौत

दुखद

- गंगापुर मार्ग पर हुआ हादसा, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा, परिवार में कोहराम

सुरेंद्र पाल।

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: गंगापुर मार्ग पर ट्रॉली में स्क्रैप भरते वक्त हाइटेंशन तार की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मूलरूप से पूरनपुर पीलीभीत व हाल निवासी रेशम बाड़ी रुद्रपुर निवासी 33 वर्षीय सुरेंद्र पाल गंगापुर मार्ग स्थित स्क्रैप के गोदाम में मजदूरी का कार्य करता था। रोजमर्रा की भांति शनिवार की शाम को वह ट्रॉली में स्क्रैप भर रहा था कि अचानक ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन से मजदूर का हाथ लग गया। करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना मिलने पर थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और विद्युत सप्लाई बंद करवाने के बाद ट्रॉली के ऊपर लटके शव को नीचे उतारा। घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

निजी अस्पताल के कंपाउंडर ने जहर खाकर जान दी

काशीपुर : एक निजी अस्पताल में कार्यरत कंपाउंडर ने जहर खाकर जान दे दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया। वहीं हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। मूल रूप ले बहजोई देहात थाना बहजोई जिला संभल यूपी तथा हाल निवासी काशीपुर अरविंद कुमार (27) पुत्र नेमपाल एक निजी अस्पताल में कंपाउंडर के पद पर कार्यरत था। बताया जाता है कुछ समय पहले उसने प्रेम विवाह किया था। वह यहां एक किराए के मकान में रह रहा था। बीते शनिवार को अज्ञात कारणों के चलते उसने जहरीला पदार्थ गटक लिया। हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां लगभग दो घंटे के बाद इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक चार भाई व एक बहन हैं। वह सबसे छोटा था।

पति को दूसरी महिला संग पकड़ा

संवाददाता, काशीपुर

आरोप

- पति पर मारपीट व धमकी देने का आरोप
- पीड़िता ने पति के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

अमृत विचार : पति को दूसरी महिला के साथ रंगे हाथों पत्नी ने पकड़ लिया। आरोप है कि महिला हेल्पलाइन में समझौता होने के बावजूद पति ने पत्नी से मारपीट व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आईटीआई थाना पुलिस को दी तहरीर में ग्राम बांसखेड़ाकलां निवासी एक महिला ने बताया कि उसका विवाह बीती वर्ष 2003 को हिंदू रीति रिवाज के साथ काशीपुर निवासी विजेन्द्र चौहान के साथ हुआ था। शादी के कुछ समय बाद जब वह गर्भवती हुई तो पति ने उसके साथ मारपीट की। जिससे उसका गर्भपात हो गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके पति के दूसरी महिला से अवैध संबंध हैं जिससे उसके पति को 10 साल की बेटी भी है तथा उसके पति ने उक्त महिला के नाम प्रॉपट्री भी कर दी है। महिला ने बताया कि बीती 21 अगस्त 2023 को चामुंडा विहार कालोनी में उक्त महिला के साथ अपने पति को रंगे हाथों पकड़ लिया। तब पति ने स्वीकार किया कि उसने दूसरी शादी कर ली है। इस बीच 2019 में उसे एक बेटा हुआ। इस बाबत जब महिला हेल्पलाइन में प्रार्थना पत्र दिया तो दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद ऐच्छिक ब्यूरो रुद्रपुर के लिए लिखने पर दोनों पक्षों के मध्य 20 दिसंबर 2023 को फैसला हुआ। दोनों पक्ष एक-दूसरे के साथ मय बच्चों के रहने लगे। समझौते के एक-दो दिन बाद से ही उसके पति व उसके परिवार के लोगों ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। साथ ही पति भी आत्महत्या की धमकी देता है। महिला ने आरोप लगाया कि उसके पुत्र के साथ कोई भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में बाजपुर में धरना देते आप कार्यकर्ता।

केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में रखा उपवास

बाजपुर : दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में उतरे आप कार्यकर्ताओं ने उपवास रखकर केजरीवाल के साथ एकजुटता प्रदर्शित की। रविवार को आप की वरिष्ठ नेत्री सुनीता टम्टा बाजवा की अगुवाई में आप कार्यकर्ताओं ने जिंदल कॉलोनी पार्क में उपवास किया। सुनीता ने कहा कि केंद्र सरकार सरेआम तानाशाही पर उतरी है जिस देश की जनता देख रही है। इस दौरान आप नेता सुभाष व्यापारी, जसपाल सिंह, जिला अध्यक्ष काशीपुर सुभाष, जिलाध्यक्ष रुद्रपुर जसपाल सिंह, दीनदयाल सिंह, रेखा सिंह, माया देवी, जानकी देवी आदि शामिल रहे।

जेब में रखा मोबाइल फटा

हादसा

- युवक का पैर झुलसा, कंपनी गेट पर मची अफरातफरी, मोबाइल कंपनी के खिलाफ जाएंगे कोर्ट

संवाददाता, रुद्रपुर

झुलसा सिडकुल कर्मी।

अमृत विचार: सिडकुल चौकी इलाके में ड्यूटी जाते वक्त एक श्रमिक की जेब में रखा मोबाइल फट गया। इससे कंपनी में अफरातफरी मच गई। मोबाइल फटने से युवक का पैर झुलस गया और घायल ने जिला अस्पताल पहुंचकर उपचार कराया। पीड़ित ने सिडकुल पुलिस को तहरीर देकर उपभोक्ता फोरम जाने की तैयारी शुरू कर दी है।

वार्ड-25 सनसिटी कॉलोनी निवासी महेश पाल सिडकुल की एक कंपनी में कार्यरत हैं। रोजमर्रा की भांति शनिवार को कर्मी कंपनी की बस में बैठकर कंपनी गेट पहुंचा ही था कि अचानक जेब से धुआं निकलने लगा। जब तक कर्मी कुछ समझ पाता तब तक जेब में रखा मोबाइल धमाके के साथ फट गया। मोबाइल फटने से कर्मी का पैर झुलस गया।

आनन-फानन में घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने छुट्टी दे दी। बताया जा रहा है कि पीड़ित ने सिडकुल चौकी पुलिस को तहरीर देने के बाद उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज करने की तैयारी शुरू कर दी है।

सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि घायल कर्मचारी ने ढाई साल पहले मोबाइल लिया था और मामला पुलिस स्तर का नहीं है। ऐसे में उपभोक्ता फोरम में याचिका दायर करने के बाद पुलिस हरसंभव मदद करेगी।

अभिनंदन शांतिपुरी और किच्छा में पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

भारत को विश्व का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने के लिए करें मतदान

संवाददाता, शांतिपुरी

शांतिपुरी में महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी का शॉल ओढ़ाकर स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

अमृत विचार: सरस्वती विहार स्थित हाल में रविवार को महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानी आश्रितों, समाजसेवियों, प्रबुध नागरिकों तथा सेवानिवृत कर्मचारियों से आदर्श मतदान पर चर्चा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कोश्यारी ने कहा कि हम सब के सामने चुनावी राष्ट्रीय प्रतियोगिता शुरू हो चुकी है। यह तभी सफल हो सकती है, जब हम सभी अपने घरों से निकल कर भारत को विश्व गुरु बनाने वाली सरकार चुनें। कार्यक्रम को पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, स्वतंत्रता सेनानी आश्रित बिशन सिंह मेहरा ने भी संबोधित किया। इस दौरान पूर्व मण्डी अध्यक्ष दिग्विजय सिंह खाती, दुग्धसंघ निदेशक इन्दर मेहता, सेवानिवृत शिक्षक बलवन्त सिंह कोरंगा, तारा सिंह कोरंगा, बिजेन्द्र जोशी, पूर्व सैनिक कमलेश जोशी, डीएन यादव आदि मौजूद रहे।

किच्छा: महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि उन्होंने राज्यपाल का पद इसलिए छोड़ा क्योंकि वे उत्तराखंड को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं। नगर के रुद्रपुर मार्ग स्थित धर्मशाला में पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी ने अपने पुराने ईष्ट मित्रों एवं भाजपा के पुराने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को आत्मनिर्भर बनाने एवं देश को श्रेष्ठ राष्ट्र बनाने के मुद्दे को लेकर पुराने ईष्ट मित्रों एवं पुराने कार्यकर्ताओं से संपर्क किया जा रहा है।

संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी ने किया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री दिनेश आर्य, कुंदन लाल खुराना, उषा सिंह, सुदर्शन ठुकराल, लवी सहगल, महेंद्र गोयल, राकेश गुप्ता, बंटी खुराना, रामअवतार अग्रवाल, संजीव खन्ना, दया डसीला आदि मौजूद रहे।

6.390 किलो गांजे के साथ महिला को किया गिरफ्तार

काशीपुर : पुलिस ने गश्त के दौरान एक महिला को गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने 6 किलो 390 ग्राम गांजा व एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया। पुलिस ने महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

आईटीआई थाना पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम मुकुंदपुर रोड से ग्राम मुकुंदपुर निवासी परमजीत कौर को गिरफ्तार किया। महिला के पास से पुलिस ने एक कट्टे में भरा 6 किलो 390 ग्राम गांजा व एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया है। पुलिस ने महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। पुलिस टीम में पैगा चौकी प्रभारी अनिल उपाध्याय, एएसआई रवीन्द्र सिंह आदि शामिल थे।

एटीएम में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : एटीएम में घुसकर एयर कंडीशनर और कैमरे चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से पुलिस ने चोरी का सामान भी बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

तहरीर में मोहल्ला बस्सापाड़ा, ओल्ड फरीदाबाद, हरियाणा निवासी सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (सीबीआई) के मैनेजर मुकेश कुमार ने बताया था कि उनके बैंक का एटीएम चीमा चौराहे पर स्थापित है। बीती 1 अप्रैल की रात्रि करीब 1:15 बजे चोरों ने एटीएम में घुसकर एयर कन्डीशनर और एटीएम मशीन के कैमरे को चुरा लिया था तथा एटीएम मशीन का एनएसजी लॉक व कॉस्मेटिक डोर को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस को आसपास के सीसीटीवी खंगालने पर एक संदिग्ध व्यक्ति की फुटेज मिली। आरोपी की पहचान कर पुलिस ने आरोपी अमित कांडपाल निवासी शान्ति विहार गड्ढा कॉलोनी थाना काशीपुर को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। बताया जा रहा है कि आरोपी नशे का आदी है और पूर्व में भी जेल जा चुका है। पुलिस टीम में कोतवाल आशुतोष सिंह, एसएसआई सतीश शर्मा, एसआई विपुल जोशी शामिल रहे।

सार-संक्षेप

काशीपुर में प्रेसवार्ता करतीं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता। ● अमृत विचार

भाजपा की सरकार में महिलाएं सुरक्षित

काशीपुर : भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता हनी पाठक ने केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महिला सुरक्षा पर सवाल उठाती है, जहां पर कांग्रेस की सरकार है, वहां महिलाएं सुरक्षित नहीं है। भाजपा ने महिलाओं को सशक्त बनाने का काम किया है। रविवार को भाजपा चुनाव कार्यालय में प्रदेश प्रवक्ता हनी पाठक ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित हो रहा है। वहीं सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य आगे बढ़ रहा है। इस मौके पर ऊषा चौधरी, भाजपा नगराध्यक्ष अभिषेक गोयल, ईश्वर चंद्र गुप्ता, पुष्कर बिष्ट, डॉ. गिरीश तिवारी आदि मौजूद थे।

खटीमा में संगठन की बैठक में उपस्थित पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

पूर्व सैनिकों ने दिया प्रधानमंत्री मोदी को समर्थन

खटीमा : पूर्व सैनिक संगठन की बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्थन देने की घोषणा की है। पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष गंभीर सिंह धामी ने कहा कि पूर्व सैनिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुन: प्रधानमंत्री देखना चाहते हैं। इस अवसर पर ठाकुर सिंह खाती, नारायण सिंह सोन, पुष्कर सिंह बिष्ट, होशियार सिंह मेहता दान सिंह बोरा, बहादुर सिंह, मनमोहन सिंह धामी, धन सिंह सामंत, राजेंद्र सिंह अधिकारी आदि मौजूद थे।

खटीमा में सलाद डेकोरेशन करते नव चेतना पब्लिक स्कूल के बच्चे।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

खटीमा : विश्व स्वास्थ्य दिवस पर नव चेतना पब्लिक स्कूल श्रीपुर बिचवा में अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए विद्यालय में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बच्चों से फ्रूट डेकोरेशन और सलाद डेकोरेशन एक्टिविटी कराई गईं। प्रधानाचार्या सुमन कापड़ी ने बच्चों को बताया कि हमें जंक फूड नहीं खाना चाहिए। इस अवसर पर प्रबंधक विनोद कापड़ी, मनोज भट्ट, मंजू चंद, भूपेंद्र बोहरा, कमल चंद, रीता कापड़ी, अंजली चंद, गोदावरी चंद, अभिषेक राना, गीता राना, विनीता, निकिता आदि उपस्थित थे।

शिविर में चिकित्सक से स्वास्थ्य जांच करातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

निशुल्क शिविर में 50 से अधिक लोगों ने कराई जांच

रुद्रपुर : विश्व स्वास्थ्य दिवस पर अग्रवाल महिला समिति की ओर से अग्रसेन धर्मशाला में एक दिवसीय फ्री हेल्थ कैंप आयोजित किया। मुख्य अतिथि राजेंद्र तुलसियान और सुषमा अग्रवाल ने फीता काटकर किया कैंप का शुभारंभ किया। इस दौरान 50 से अधिक लोगों ने चिकित्सकों से ब्लड प्रेशर, खून, शुगर आदि की जांच कराई। साथ ही निशुल्क दवा वितरित की गई। रविवार को स्वास्थ्य शिविर में डॉ. गौरव अग्रवाल, डॉ. सुदीप चक्रवर्ती, डॉ.पंकज मोहन, डॉ. रोबिन जिंदल, डॉ. रूबी गुप्ता ने रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की। अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल ने बताया कि कैंप लगाने का मुख्य उद्देश्य समाज में रहने वाले गरीब लोगों को लाभ पहुंचाना है। इस अवसर पर राजकुमारी तुलसियान, प्रिया गर्ग, ऊषा श्यामपुरिया, ऊषा अग्रवाल, शालिनी गोयल, मनोज गर्ग, विजय अग्रवाल, नरेंद्र बंसल, योगेंद्र जिंदल, मोनिका बंसल, पूजा बंसल आदि मौजूद रहे।

इदरीसी बने प्रदेश महासचिव

सलीम इदरीसी।

जसपुर : हिन्दुस्तान उद्योग मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरशद खान ने नई बस्ती, जसपुर निवासी मोहम्मद सलीम इदरीसी को प्रदेश महासचिव मनोनीत किया है। इससे पहले इदरीसी संगठन के जिलाध्यक्ष पद पर थे। वह वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। उनके मनोनयन पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता, जिलाध्यक्ष सुशील चौहान, पूर्व ब्लाक प्रमुख रवि डोगरा, पूर्व कैप्टन अब्दुल हफीज, संजय राजपूत, मोहम्मद यामीन ने उन्हें बधाई दी है।

पीएम मोदी ने सिखों को दिया सम्मान : सिरसा

बाजपुर में आयोजित सिख सम्मेलन में पहुंचे भाजपा के स्टार प्रचारक सिरसा, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

बाजपुर में आयोजित सिख सम्मेलन में मनजिंदर सिंह सिरसा का स्वागत करते समाज के लोग व भाजपाई। ● अमृत विचार

जसपुर में स्टार प्रचारक सिरसा का स्वागत करते पूर्व विधायक डॉ. शैलेन्द्र मोहन सिंघल।

आयोजन

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: सिख समाज को कांग्रेस के चार प्रधानमंत्रियों व भाजपा के एक प्रधानमंत्री के बीच के कार्यकाल की तुलना करनी चाहिए। एक पार्टी के चार प्रधानमंत्रियों ने सिख समाज को उपेक्षित व प्रताड़ित करने का काम किया तो वहीं नरेंद्र मोदी ने सिख समाज को न केवल राष्ट्रीय दिवस दिया, बल्कि उन्हें लाल किले से गुरुवाणी का संदेश भी दिया।

यह बात भाजपा के राष्ट्रीय सिख नेता मनजिंदर सिंह सिरसा द्वारा रामराज रोड स्थित एक होटल में आयोजित सिख सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने बाजपुर के बीस गांव के संबंध में कहा कि जल्द ही इस संबंध में एक प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से करवाई जाएगी और समाधान करवाने का प्रयास होगा।

सिख सम्मेलन को भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव सिंह नामधारी, भाजपा नेता गुरविंदर सिंह चंडोक, गुरुद्वारा सिंह सभा बाजपुर के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह किंदा, भाजपा नेता राजेश कुमार, बलकार सिंह, मेजर सिंह आदि द्वारा संबोधित किया गया। इससे पूर्व हर जसपाल सिंह हैरी, गौरव शर्मा, बिट्टू चौहान, अमित चौहान आदि ने स्वागत किया। कार्यक्रम में सुरेंद्र सिंह नामधारी, रघुवीर सिंह सहोता, मंजीत सिंह राजू, विचित्र सिंह, मंगा सिंह, खीम सिंह दानू, रघुवीर सिंह, डा.गुरप्रीत सिंह आदि मौजूद थे। गुरुद्वारा सिंह सभा बाजपुर के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह किंदा ने कारसेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या के मामले में उनके नाम की चर्चा किए जाने पर रोष प्रकट किया।

किसानों के धरने पर नहीं गए सिरसा

बाजपुर : किसान आंदोलन की लड़ाई लडने वाले सिरसा आज जब बाजपुर आए तो कार्यक्रम स्थल से मात्र 200 मीटर की दूरी पर अनशन कर रहे किसानों को समर्थन देने तक नहीं पहुंच पाए जिससे किसानों में निराशा देखी गई। किसानों ने बताया कि जब से चुनाव शुरु हुआ है भाजपा को छोड़ हर दल का नेता समर्थन देने पहुंच रहा है लेकिन आज तक भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट व मनजिंदर सिंह सिरसा ने यहां आने की हिम्मत नहीं की।

जसपुर में भी सिरसा का स्वागत

जसपुर : जसपुर पहुंचे भाजपा के सिख समाज के स्टार प्रचारक एवं राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा का पूर्व विधायक डॉ. शैलेन्द्र मोहन सिंघल एवं जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा समेत भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। सिरसा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 वर्षों में सिखों के लिए बहुत कुछ किया। इस मौके पर गुंजन सुखीजा, डॉ. सुदेश कुमार, राजकुमार चौहान, विशाल कुमार, राजकुमार गुम्बर, गुरविंदर चंडोक, अमित नारंग, सरवन सिद्ध, त्रिलोचन फौजी, दारा सिंह, गुरचरन तोता आदि मौजूद रहे।

चार आरोपियों को कोर्ट ने किया दोषमुक्त

काशीपुर: द्वितीय एडीजे की अदालत ने लूट की योजना बनाते हुए देशी तमंचों के साथ पकड़े गए चार आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया।

19 मार्च, 2019 को काशीपुर कोतवाली के एसआई नितिन बहुगुणा, विनोद फर्त्याल पुलिस फोर्स के साथ गश्त पर थे। गुरुद्वारे के पीछे आनंद नर्सरी के पास बैठे चार युवक सुनार की दुकान में लूट की योजना बना रहे थे। पुलिस ने आरोपियों को घेरकर पकड़ लिया था। तलाशी में नईम अहमद निवासी हमीदपुर बिजनौर, महेन्द्र सिंह निवासी-ग्राम कम्भौर बिजनौर, अनवार निवासी मेरठ सिटी के कब्जे से एक-एक देशी तमंचे बरामद हुए थे। जबकि चौथे आरोपी पिंटू उर्फ जयचन्द निवासी जिला मेरठ के कब्जे से एक पेचकस बरामद हुआ था। पूछताछ में उन्होंने सुनारों की दुकान या किसी घर में लूटपाट करने के इरादे से योजना बनाने की बात कही थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। वाद का परीक्षण द्वितीय एडीजे रीतेश कुमार श्रीवास्तव की अदालत में हुआ। बचाव पक्ष की ओर से पैरवी अधिवक्ता धर्मेंद्र तुली व विपिन अग्रवाल ने की। संबंधित पक्षों को सुनने और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने चारों आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया।

15 से हल्के वाहनों के लिए खोला जाएगा ओवरब्रिज

आरओबी का निरीक्षण करते विधायक त्रिलोक सिंह चीमा व अन्य। ● अमृत विचार

काशीपुर: काशीपुर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने आरओबी (रेलवे ओवरब्रिज) निर्माण कार्य का जायजा लिया और शेष कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।रविवार को विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने कार्यदायी संस्था, एनएच व संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बाजपुर रोड पर रेलवे क्रॉसिंग पर बन रहे आरओबी का निरीक्षण किया। साथ ही शेष सभी कार्यों को 15 अप्रैल से पूर्व करने के निर्देश दिए।

विधायक त्रिलोक चीमा ने बताया कि आरओबी का कार्य एक-दो दिन से रुका हुआ था। इसको लेकर उन्होंने निरीक्षण किया और शेष कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इसके बाद आज काम शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि 15 अप्रैल से हल्के वाहनों के लिए आरओबी को खोल दिया जाएगा और इस पर यातायात सुचारू हो जाएगा।

धरातल पर लागू हो चुकी हैं सभी योजनाएं : धामी

समर्थन

▸▸ दर्जनों लोगों ने कांग्रेस छोड़ ली भाजपा की सदस्यता

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उनका खटीमा से विशेष लगाव है और यहां की जनता भी उन्हें हर वक्त अपना समर्थन देती आई है। खटीमा की जनता ने दो बार चुनाव जिताकर उन्हें विधायक के रूप में सदन में भेजा।

सीएम धामी शनिवार देर शाम एक निजी प्रतिष्ठान में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विधायक के दो कार्यकाल में उनके द्वारा जिन योजनाओं के धरातल पर काम किया गया था। आज वह योजनाएं लागू हो चुकी हैं। कार्यक्रम में खटीमा के दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ली। सदस्यता लेने वालों में नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष उषा गुंबर, कांग्रेस महिला मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जसप्रीत कौर, नगर विकास समिति के अध्यक्ष राजेश राणा, राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुनील बत्रा, पूर्व सभासद अनिल बत्रा, युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुमित गुंबर, मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष दलजीत सिंह गोराया आदि शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दर्ज राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, विधानसभा संयोजक दान सिंह रावत, जिला महामंत्री सतीश गोयल, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, महामंत्री मनोज वाधवा मौजूद थे।

लोहियाहेड स्थित कैंप कार्यालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चुनावी व्यस्तता के बावजूद स्थानीय जनता से मिले। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी जगजीत सिंह मल्ली, अशोक बत्रा, देवेंद्र चंद आदि मौजूद रहे।

खटीमा में कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल होने वालों का स्वागत करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

कोलंबस स्कूल में कार्यक्रमों की धूम

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : कोलंबस पब्लिक स्कूल ने अपना 28वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया और सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर समां बांधा। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया।

स्थापना दिवस का शुभारंभ प्रख्यात पर्यावरण कार्यकर्ता डॉ. प्रभात उप्रेती, चिकित्सक डॉ. नितिन बाठला, डॉ. प्रशांत भारद्वाज, डॉ. नवीन अग्रवाल, डॉ. कोपल माहेश्वरी और विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।

विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा ने बताया कि विद्यालय की स्थापना 27 साल पहले छोटे से विद्यालय में की थी। वर्तमान में विद्यालय ने कई उपलब्धियां प्राप्त की है। इस दौरान शैक्षणिक सत्र 2023-24 के मेधावी विद्यार्थियों को शैक्षिक व पाठ्य सहगामी गतिविधियों में उच्च कोटि के प्रदर्शन के लिए स्कॉलर मेडल व सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उप प्रधानाचार्या डॉ. कामेश मित्तल, श्वेता खेड़ा, एके बटसर, हेम पंत, शैलेंद्र ग्रोवर, अजमेर सिंह, मनमोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

स्थापना दिवस पर रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते अभिभावक। ● अमृत विचार

एलएससी इंफ्राटेक का इलेक्ट्रिक लोडर लॉन्च

कार्यक्रम

▸▸ कंपनी के सीएमडी शिव कुमार अग्रवाल ने किया शुभारंभ

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: एलएससी इंफ्राटेक लिमिटेड ने लियो गोग कंपनी द्वारा निर्मित इलेक्ट्रिक इस्कावेटर लोडर की लॉन्चिंग की। लोडर की भव्य लॉन्चिंग में कुमाऊं भर के ऑटो डीलर मौजूद रहे।

इलेक्ट्रिक इस्कावेटर लोडर की लॉन्चिंग सीएमडी शिव कुमार अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल और सौरभ अग्रवाल ने संयुक्त रूप से की। सीएमडी शिव कुमार अग्रवाल ने बताया कि लियो गोग विश्व की बड़ी इस्कावेटर लोडर बनाने वाली कंपनी है। कई देशों में कंपनी के प्लांट स्थापित हैं। भारत में इंदौर में कंपनी का एक प्लांट संचालित है।

निदेशक सौरभ अग्रवाल ने बताया कि इलेक्ट्रिक इस्कावेटर लोडर आने वाले समय की जरूरत है। इसके प्रयोग से जहां ईंधन की बचत होगी। वहीं कम समय में बैटरी चार्ज कर कार्य भी शुरू किया जा सकता है।

इलेक्ट्रिक लोडर की लॉचिंग पर कंपनी के सीएमडी शिव कुमार अग्रवाल।

गरीबों के लिए शुरू हुई एंबुलेंस सेवा

▸▸ श्री हरिचांद ठाकुर के जन्मोत्सव पर एंबुलेंस का स्वामी विवेकानंद महाराज ने पूजा-अर्चना करवाकर हरी झंडी दिखाई

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार: श्री हरिचांद ठाकुर के जन्मोत्सव पर जिला पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास व पूर्व जिपंस मीना विश्वास ने क्षेत्र के गरीब व असहाय परिवारों के मरीजों के लिए एंबुलेंस का संचालन शुरू किया।

रविवार को श्री हरिचांद गुरुचांद धर्म मंदिर में स्वामी विवेकानंद महाराज व पुजारी जीवन सरकार व गौर हालदार ने एंबुलेंस की पूजा अर्चना कर हरी झंडी दिखाई। जिपं पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास ने कहा कि क्षेत्र के गरीब परिवारों व जरूरतमंदों की सेवा के लिए उनके परिवार द्वारा श्री हरिचांद ठाकुर के जन्मोत्सव पर एंबुलेंस का संचालन किया गया है। इससे क्षेत्र के मरीजों को समय से चिकित्सालय पहुंचाया जा सकेगा। स्वामी विवेकानंद महाराज ने जिपं पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास व उनकी धर्मपत्नी पूर्व जिपंस मीना विश्वास द्वारा की गई मानव सेवा की प्रशंसा की। इस मौके पर डॉ. सुधीर राय, सुभाष सरकार, आशुतोष राय, रमेश बैरागी, राकेश मंडल, प्रशांत मालाकार, डॉ. शंकर हालदार, नित्यानंद मंडल, डॉ. सिमरन पांडे, राजू गाईन, असित हालदार, रामकृष्ण बावली, निखिल राय, हरिदास हालदार आदि मौजूद थे।

एंबुलेंस के शुभारंभ पर स्वामी विवेकानंद महाराज, जिपं पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास।

कार्यक्रम

तीन दिवसीय मतुआ महामेले का साधु विदाई के साथ विधिवत समापन

मतुआ संप्रदाय का ग्रंथ श्री हरि लीलामृत : विवेकानंद

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार: मतुआ का आशय भाव विभोर होने से है। इसी अभिप्राय के अनुरूप क्रियाकलापों को अपनाने वाला ही मतुआ संप्रदाय का सच्चा अनुयायी है। ये उद्गार स्वामी विवेकानंद महाराज ने कहे।

रविवार को हरिचांद गुरुचांद धर्म मंदिर में तीन दिवसीय महावारुणी स्नान व मेले के समापन पर धर्म परिचर्चा सभा में प्रवचन के दौरान स्वामी विवेकानंद महाराज ने कहा कि मतुआ संप्रदाय का एक मात्र ग्रंथ 'श्रीहरि लीलामृत' है। श्री हरिचांद ठाकुर युगावतार हैं। ठाकुर जी की आराधना करने एवं कामना सागर में पूजा-अर्चना के साथ स्नान करने से सुख- शांति व मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने देशभर से आए अनुयायियों को टोलियों में दीक्षा दी। आयोजन कमेटी के सदस्य डॉ. सुधीर राय व सुभाष सरकार ने शांतिपूर्ण ढंग से तीन दिवसीय महोत्सव संपन्न होने पर मेलाधिकारी तहसीलदार लीना चंद्रा व थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत आदि का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर जिला पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास, पुजारी जीवन सरकार व गौर हालदार, दुर्गा पूजा उत्सव कमेटी अध्यक्ष मनोज राय उर्फ मुन्ना, पूर्व जिपंस मीना विश्वास, डॉ. सुधीर राय, रमेश बैरागी, सुभाष सरकार, आशुतोष राय, राकेश मंडल मौजूद थे।

धर्म परिचर्चा सभा में प्रवचन देते स्वामी विवेकानंद महाराज। ● अमृत विचार

दिनेशपुर में महावारूणी स्नान के समापन के बाद लौटते अनुयायी।

एक नजर

बॉक्सिंग में ओम भंडारी ने जीता स्वर्ण पदक

टनकपुर : टनकपुर हॉस्टल के उभरते युवा बॉक्सर ओम भंडारी ने रोहतक और नोएडा में हुई सब जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक हासिल कर चम्पावत का ही नहीं उत्तराखंड का नाम भी रोशन किया है। 30 मार्च से 6 अप्रैल तक रोहतक हरियाणा में आयोजित खेलो इंडिया आरआईसी कंबाइंड चैंपियनशिप सब जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता में टनकपुर हॉस्टल के ओम भंडारी ने स्वर्ण पदक जीता। बॉक्सिंग कोच ललित मोहन कुंवर ने बताया कि ओम ने रोहतक में 64 भार वर्ग में राष्ट्रीय सब जूनियर बालक प्रतियोगिता के फाइनल बाउट में हरियाणा प्रतिद्वंद्वी को पराजित किया। इससे पूर्व 19 मार्च से 25 मार्च तक नोएडा उत्तर प्रदेश में आयोजित सब जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भी ओम भंडारी ने स्वर्ण पदक उत्तराखंड के नाम किया।

बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग

बनबसा : ग्राम सभा फागपुर में बंदरों का आतंक है। वह ग्रामीणों की फसलों को खासा नुकसान पहुंचा रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की। बंदरों ने गेहूं की फसल के अलावा, सब्जियों को भी नुकसान पहुंचाया है। ग्रामीण महिला देवकी देवी ने बताया कि बंदर आम के बगीचों में बौर तोड़ रहे हैं। ग्रामीण जगबीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, मदन सिंह, प्रेम पाल, लक्ष्मी देवी परवीन ने बताया कि बंदर को भगाने पर बंदर उन पर तथा उनके परिजनों पर हमला कर देते हैं जिससे ग्रामीण दहशत में हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से बंदरों के आतंक से निजात दिलाने और ग्रामीणों की हुई फसलों का उचित मुआवजा दिये जाने की मांग की।

सड़क तक पहुंची मानिला के जंगलों में लगी आग, वन संपदा जलकर राख

धुंए के गुबार से आवाजाही प्रभावित, लोगों को करना पड़ रहा काफी दिक्कतों का सामना

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिले में जैसे जैसी गर्मी बढ़ रही है, वैसे वैसे जंगलों में आग लगने का सिलसिला भी तेज होता जा रहा है, लेकिन वन विभाग तमाम प्रयासों के बाद भी जंगलों की आग को बुझाने में नाकाम साबित हो रहा है। जिस कारण अब पर्वतीय क्षेत्रों में जंगलों की आग बसासत वाले इलाकों और सड़क मार्गों तक भी पहुंच जा रही है। जिस कारण लोगों को आवाजाही में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

रविवार को जिले के सल्ट विकास खंड के मानिला के जंगलों में भी भीषण आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि उसने थोड़ी ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और वह काफी लंबे क्षेत्र तक फैल गई। दोपहर होते होते आग सड़क मार्गों तक आ पहुंची। जिस कारण पूरे क्षेत्र में धुंआ ही धुंआ फैल गया और इधर उधर जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को भी दी, लेकिन देर शाम तक वहां आग बुझाने कोई नहीं पहुंचा। इधर जिले के सोमेश्वर और लमगड़ा विकास खंड में भी अनेक जंगल भीषण आग की चपेट में हैं। जिस कारण प्रतिदिन लाखों रुपये की वन संपदा जलकर राख में तब्दील हो रही है, लेकिन वन विभाग जंगलों की आग बुझाने में नाकाम साबित हो रहा है।

सल्ट के मानिला में सड़क तक पहुंची जंगल की आग। ● अमृत विचार

वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कुछ अराजक तत्वों द्वारा जंगलों में जानबूझकर आग लगाई जा रही है। जिससे वन्य संपदा को नुकसान पहुंच रहा है। अधिकारियों ने कहा कि विभाग ने संबंधित कार्मिकों को जंगल क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। यदि कोई व्यक्ति जंगलों में आग लगाता हुआ पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

पांच लाख 44 हजार रुपये पकड़े

अल्मोड़ा, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के तहत जिले में चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत पुलिस और एसएसटी की संयुक्त टीम ने पिकअप, कैंटर और ट्रक से 5,44, 290 रुपये बरामद किए। नगदी का कोई प्रमाण ना मिलने पर उसे सीज कर दिया गया।

धौलछीना पुलिस के थानाध्यक्ष सुशील कुमार की टीम और एसएसटी की संयुक्त टीम जिले के बाड़ेछीना तिराहे पर चेकिंग अभियान पर थी। अभियान के दौरान एक पिकप वाहन के चालक से 85,330 रुपये, कैंटर चालक के कब्जे से 93,000 रुपये और एक ट्रक चालक के पास से 3,65, 960 रुपये की नगदी बरामद की गई।

नगदी का प्रमाण मांगने पर कोई भी चालक टीम के सामने कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। जिस कारा टीम पर पूर्ण राशि को सीज कर दिया है।

सार-संक्षेप

मतदान करने का संदेश देने के लिए रैली निकालते एनएसएस के स्वयंसेवी।

एनएसएस के स्वयंसेवियों ने दिया मतदान का संदेश

रानीखेत : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के स्वयंसेवियों तथा स्वीप समिति की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई। यह रैली महाविद्यालय परिसर से हैड़ाखान मंदिर तक निकाली गई। प्राचार्य ने मतदान का महत्व बताकर रैली को महाविद्यालय परिसर से रवाना किया। इस दौरान डॉ. पारुल भारद्वाज ने मतदान के लिए स्वयंसेवियों को शपथ दिलाई। रैली में डॉ. निधि पांडे, डॉ. नीमा बोहरा, डॉ. हिमानी नेगी, डॉ. नमिता मिश्रा, डॉ. बरखा रौतेला सहित स्वीप की सह समन्वयक डॉ. पूजा बोहरा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिमन्यु कुमार, डॉ. पारुल भारद्वाज, डॉ. कमल मौजूद थे।

दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार

बागेश्वर : कोतवाली क्षेत्र में किशोरी के साथ अलग-अलग दिन दुष्कर्म करने के छह आरोपियों में से पांच को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक अन्य आरोपी को किशोर संरक्षण में लिया है। नगर की एक महिला ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी के साथ नगर के छह युवकों ने दुष्कर्म व छेड़छाड़ की। जिस पर पुलिस ने आरोपी विनोद उर्फ बॉबी निवासी कांडाधार, अमित कुमार उर्फ राधे निवासी नुमाइशखेत, दिव्यांशु दफौटी निवासी नुमाइशमैदान, शिवम उर्फ रॉबिन निवासी नुमाइश मैदान, बाबली निवासी बागनाथ को गिरफ्तार कर लिया।

एनएचपीसी परिसर से बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज

बनबसा : टनकपुर पावर स्टेशन एनएचपीसी परिसर से बाइक चोरी होने पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण ने बताया कि विगत दिवस टनकपुर पावर स्टेशन एनएचपीसी परिसर से चोरों ने पावर स्टेशन कर्मी फागपुर निवासी की दिन दहाड़े बाइक चोरी कर ली थी। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच में अज्ञात व्यक्ति द्वारा बाइक चोरी करते हुए दिखाई दिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

स्वास्थ्य दिवस पर महिला पॉलिटेक्निक में शिविर

अल्मोड़ा : विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा की सचिव शचि शर्मा के निर्देशन में महिला पॉलिटेक्निक में एक शिविर लगाया गया। शिविर के दौरान छात्राओं को विश्व स्वास्थ्य दिवस के बारे में जानकारी दी। शिविर के दौरान छात्राओं को निशुल्क मल्टी विटामिन, कैल्शियम, आयरन और फोलिक एसिड की गोलियां वितरित की गई। इस मौके पर डा. निशु शर्मा, डा. वन्या सिंह, रेखा असवाल, विजया वर्मा, विनीता आर्या आदि मौजूद रहे।

चुरु के पास चलती ट्रेन से पांव फिसलने से फौजी की मौत

चम्पावत/लोहाघाट : पाटी विकासखंड के खेतीखान तपनीपाल निवासी फौजी प्रदीप बोहरा (34) का अंतिम संस्कार सोमवार को होगा। सोमवार को ही उनका पार्थिव शरीर तपनीपाल पहुंचेगा। राजस्थान के बाड़मेर में आर्टलरी रेजीमेंट में तैनात प्रदीप बोहरा की चुरु के पास चलती ट्रेन से पांव फसलने से 6 अप्रैल को मौत हो गई थी। दिवंगत फौजी के चाचा पूर्व ग्राम प्रधान दीपेंद्र सिंह बोहरा ने बताया कि उनका भतीजा प्रदीप बोहरा पांच अप्रैल को छुट्टी में बाड़मेर से घर आ रहा था। सोमवार सुबह तक पार्थिव शरीर गांव पहुंचेगा।

छुट्टी लिए बगैर जवान घर पहुंचा, होगी कार्रवाई

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : नेपाल सीमा पर स्थित कलढुंगा बीओपी (बॉर्डर आउटपोस्ट) में तैनात एसएसबी का तीन दिन से लापता जवान अवकाश लिए बगैर घर ओडिशा पहुंच गया। नेपाल सीमा से लगे टनकपुर पिथौरागढ़ जौलजीवी मोटर मार्ग स्थित कलढुंगा बीओपी में एक साल से तैनात 39 साल के हेड कांस्टेबल विवेकानंद मौर्या निवासी ओडिशा के कोरापुट जिले के मुंडागुड़ा, सोमल गुडे गत तीन अप्रैल से लापता थे।

जवान को खोजने के लिए एसएसबी की गश्ती टीम ने पूरा बॉर्डर छान मारा लेकिन जवान का कहीं सुराग नहीं लगा था। इस संबंध में एसएसबी के उपनिरीक्षक सूरज लाल की ओर से गुमशुदगी को लेकर टनकपुर कोतवाली में तहरीर दी गई थी। एसएसबी की पंचम वाहिनी के कमांडेंट अनिल कुमार सिंह का कहना है कि बगैर अनुमति के कार्यक्षेत्र छोड़ने वाले जवान पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

बिनसर से जुड़े किस्सों को सुनाया

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : वन संपदा और वन्य जीवों का संरक्षण करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है, इसलिए इस कार्य में सभी को अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास करना चाहिए। वन्य संपदा और वन्य जीवों की रक्षा के लिए जब तक समवेत प्रयास नहीं किए जाएंगे। तब तक इस कार्य में सफलता नहीं मिल पाएगी।

विलेज वेज द्वारा माउंटेन रिसोर्ट खाली स्टेट बिनसर में बर्ड फेस्टिवल को संबोधित कर मुख्य अतिथि वन संरक्षक उत्तरी कुमाऊं डा. को रोसे ने यह बात कही। लोक प्रबंध विकास संस्था के ईश्वर जोशी ने बिनसर के ऐतिहासिक परिदृश्य को सामने रखते हुए जन श्रुति एवं लोक कथाओं में बिनसर से जुड़े तमाम रोचक किस्सों को सुनाया। पक्षी विशेषज्ञ दीपक जोशी, हेम जोशी व संतोष द्वारा बिनसर में पाए जाने वाली विभिन्न प्रजाति के पक्षियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता में अव्वल रहे बच्चों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर पर्यावरणविद संजय सैलानी, शिक्षक जुगल मठपाल, साइकिलिस्ट कुलदीप पटेल, वन क्षेत्राधिकारी मनोज सनवाल, हिमांशु पांडे, हेमंत राम आदि मौजूद रहे।

बिनसर में चित्रकला प्रतियोगिता में अव्वल रहे बच्चों को सम्मानित करते अतिथि।

कृतिका और कोच का स्वागत

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय जूजित्सु प्रतियोगिता में उत्तराखंड अल्मोड़ा जिले की कृतिका अधिकारी ने अंडर 14 भार 36 किलो ग्राम वर्ग में कांस्य पदक कर अपने उत्तराखंड राज्य का नाम रोशन किया है।

प्रतियोगिता से लौटने के बाद कृतिका अधिकारी और उनके कोच यशपाल भट्ट का अल्मोड़ा में भव्य स्वागत किया गया। प्रतियोगिता से लौटने के बाद खिलाड़ी कृतिका अधिकारी का उनके विद्यालय विवेकानंद बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज जीवनधाम में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य गोदावरी चतुर्वेदी, कार्यकारी निदेशक उत्तराखंड सतीश जोशी, शिक्षक मुकेश मनकोटी, प्रकाश तिवारी, गिरीश पंत, कुशाल चौहान, देवाशीष भंडारी, मनोज, लता तिवारी, चंपा रावल, विनीता जड़ौत, प्रेमा बिष्ट, भावना मल्होत्रा, आंचल ढौंढियाल, भगवती खोलिया, दीप्ती रावत, लता पांडे, इंदू बिनवाल, बबीता खत्री, श्वेता उपाध्याय, कृतिका अधिकारी के पिता शंकर सिंह अधिकारी, कांता, जानकी बनौला, सीमा जोशी आदि मौजूद रहे।

विजेता बालिका कृतिका को मिठाई खिलातीं प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

चुनाव बहिष्कार के लिए चलाया अभियान

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार : नागरिक आबादी को छावनी परिषद से मुक्त कर नगर पालिका परिषद में शामिल करने सहित अन्य लंबित समस्याओं का निदान न होने से नाराज लोगों ने सभी चुनावों के बहिष्कार का ऐलान किया। इस संबंध में रविवार से जन जागरण अभियान शुरू किया गया।

रानीखेत विकास समिति नगर पालिका परिषद में विलय की मांग पर एक वर्ष तक धरना-प्रदर्शन जारी रखने के बाद लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की घोषणा कर चुकी है। रविवार से जन जागरण अभियान की शुरुआत की। समिति सदस्यों ने नागरिकों के बीच पर्चा वितरित कर नगर क्षेत्र की लम्बित समस्याओं का निराकरण न होने तक लोकसभा सहित भविष्य के किसी भी चुनाव में मतदान न करने की अपील की।

जन जागरण अभियान में रानीखेत विकास संघर्ष समिति के गिरीश भगत, मुकेश साह, अशोक पांडे, खजान पांडे, एलडी पांडे, दीपक गर्ग, हरीश अग्रवाल, हरीश मैनाली, अनिल वर्मा, दीपक साह आदि शामिल थे।

सलाहकार बोर्ड के सदस्य बने कैप्टन भानी चंद

बनबसा, अमृत विचार : गौरव सेनानी कल्याण समिति पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष कैप्टन भानी चंद के उत्तराखंड न्यूनतम मजदूरी सलाहकार बोर्ड के सदस्य बनने पर पूर्व सैनिकों ने खुशी जाहिर कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर कैप्टन भानी चंद ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है उसे बखूबी निभाएंगे। स्वागत करने वालों में कैप्टन हरिश्चंद्र कापड़ी, गोविंद बल्लभ भट्ट, हवलदार पुष्कर कापड़ी, कैप्टन चंद्रशेखर गहतोड़ी, कप्तान राजेंद्र सिंह अधिकारी, सूबेदार बुद्धि बल्लभ पांडे, सूबेदार देवी दत्त कापड़ी, हवलदार भोपाल दत्त भट्ट, हवलदार उमेश चंद्र भट्ट, कैप्टन गणेश पाल, कैप्टन उत्तम चंद, कैप्टन इंदर चंद, सूबेदार पुष्कर सिंह, हवलदार पदम सिंह, सूबेदार मेजर केएन बैज, सूबेदार हेमराज जोशी, कैप्टन प्रेमचंद, नायक कैलाश राय, प्रांतीय संयोजक मेजर बीएस रौतेला, प्रांतीय सह संयोजक कप्तान गंभीर सिंह धामी आदि मौजूद रहे।

फंदे से लटका मिला महिला का शव

चम्पावत, अमृत विचार : चम्पावत में एक विवाहिता का शव फंदे पर लटका मिला। उसका तीन साल पूर्व विवाह हुआ था। कनलगांव में रहने वाली मीरा रावत (25) का शव रविवार अपराह्न घर के भीतर फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। कोतवाल योगेश उपाध्याय ने बताया कि महिला का शव घर के अंदर फंदे में झूलता मिला। महिला मूल रूप से चम्पावत ब्लॉक के गंगसीर गांव की रहने वाली है। मृतका का पति और देवर पूर्णागिरि धाम में काम करते हैं। महिला चम्पावत में ससुर और दो साल की बेटी के साथ रहती थी। घटना के वक्त ससुर काम पर गया हुआ था। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बसों का संचालन नहीं होने से यात्री परेशान

अल्मोड़ा, अमृत विचार : चालक परिचालकों की कमी से जूझ रहे उत्तराखंड परिवहन के अल्मोड़ा डिपो की दिक्कतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। कार्मिकों की कमी के चलते यहां आए दिन कई मार्गों पर बसों का संचालन नहीं हो पा रहा है। रविवार को भी डिपो की छह सेवाएं चालक परिचालकों की कमी के कारण बाधित रहीं। जिस कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। रविवार को पहाड़ से बड़े महानगरों को जाने वाले यात्री निर्धारित समय पर बस स्टेशन पर पहुंचे, पर ऐन वक्त पर अल्मोड़ा-टनकपुर, लमगड़ा-दिल्ली, बेतालघाट-दिल्ली और अल्मोड़ा देहरादून और दो अन्य रूटों पर जाने वाली बसों को स्थगित कर दिया गया। मजबूरी में यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए निजी कंपनियों की बसों और टैक्सियों में महंगा किराया देकर सफर करना पड़ा।

वर्ग पहेली-33

बाएं से दाएं

3. वह खड़ाऊं जिसमें पैर फंसाने के लिए खूंटी की जगह रस्सी लगी रहती है, पौला।
4. मनमानी करने वाला, स्वेच्छाचारी।
5. 1. गुहा, कोटर 2. पेड़ का खोखला भाग 3. खोखला दांत।
7. 1. किसी स्थान या देश के क्षेत्र की सीमा 2. मर्यादा 3. पराकाष्ठा 2. इस्लामी शरीअत (कानून) के अनुरूप दिया हुआ दंड। (मु.)-कर देना या करना : असह्य बना देना। -बांधना : सीमा निश्चित करना।
8. नाम और पता।

ऊपर से नीचे

1. 1. दुखी होना 2. दुखड़ा रोना 3. मानसिक कष्ट या चिंता आदि से व्यथित होकर बड़बड़ाना, कुढ़ना 4. खीजना 5. झींकना 6. शिकायत करना।
2. 1. निरीक्षण करना 2. परीक्षण करना, जांचना।
4. 1. ओट, परदा 2. पीछे 3. बहाना 4. बचाव 5. आश्रय 6. रोक 7. टेक 8. माथे का टीका, आड़ा तिलक।
5. तुर्किस्तान या तुर्की का एक प्रसिद्ध नगर।
6. काल, समय, ऋतु।



वर्ग पहेली -32 का हल

1 ची	ल	■	2 ओ	■	3 पौ	■
■	■	4 घ	न	घो	र	■
■	5 म	■	च	■	■	6 नौ
7 घ	न	घ	ना	8 ना	■	त
■	मा	■	■	9 क	सू	र
■	फ़ि	■	■	■	■	णी
10 ब	क	ल	स	■	■	य

सुडोकू -112

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	7	8						9
	1			6				4
9				8				
	4						6	
		1				4		
	9			5			1	
1				9		3		7
7				4	8		2	
						5		

सुडोकू -111 का हल

8	3	9	1	7	6	4	2	5
7	5	4	9	2	8	1	3	6
2	1	6	4	5	3	7	9	8
6	2	1	3	4	7	5	8	9
4	8	5	6	9	1	3	7	2
3	9	7	2	8	5	6	4	1
9	7	2	5	6	4	8	1	3
5	4	3	8	1	2	9	6	7
1	6	8	7	3	9	2	5	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 अप्रैल सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि- अमावस्या 23 .50 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 10 .12 तक तत्पश्चात रेवती।

मेष — आज विवाह की प्रतीक्षा में है तो मामा पक्ष की ओर से किसी अच्छे रिश्ते का सुझाव आ सकता है। हालांकि आपकी मां को यह कम पसंद आएगा, फिर भी किसी भी निर्णय को जल्दबाजी में लेने से बचें। आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहने वाली है।

वृष — आज के दिन किसी प्रकार के भारी वजन को उठाने से बचें, क्योंकि इससे आपकी मांसपेशियों में खिंचाव आ सकता है। इसलिए जितना हो सके इस बात का ध्यान रखें अन्यथा समस्या बड़ी हो सकती है।

मिथुन — आज ऑफिस में आपको लेकर सकारात्मक माहौल बनेगा और सभी आपके काम से खुश दिखाई देंगे। कुछ नए प्रोजेक्ट्स हाथ में आ सकते हैं, जो भविष्य की दृष्टि से लाभदायक होंगे। घर में दूर के रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है।

कर्क — आज घर के किसी काम से बाहर जाना होगा, जो आपके करियर के लिए भी अच्छा रहेगा। जीवनसाथी के साथ कुछ अनकहे पल सांझा होंगे और प्रेम में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोग आय के वैकल्पिक स्रोतों पर काम कर सकते हैं।

सिंह — आज पहले से ही किसी खेल में प्रवीण हैं तो उसमें सफलता मिलेगी और पिता के द्वारा प्रोत्साहन मिलेगा। संगीत के क्षेत्र में अपना करियर बनाने का सोच रहे लोगों के लिए दिन शुभ है। ऐसे में किसी भी अवसर को हाथ से न जाने दें।

कन्या — आज यदि आप विवाहित हैं तो जीवनसाथी के साथ कुछ नए पलों का अनुभव करने को मिलेगा। यह अनुभव आप दोनों के जीवन में एक मीठी याद बनकर रहेगा। रिश्ता ढूंढ रहे लोगों को अभी और प्रतीक्षा करनी पड़ेगी।

तुला — आज यदि पहले से ही कोई गंभीर बीमारी है तो डॉक्टर से एक बार चेकअप जरुर करवा लें अन्यथा बाद में समस्या हो सकती है। पेट से संबंधित छोटी-मोटी समस्या होगी, लेकिन वह जल्द ही ठीक भी हो जाएगी।

वृश्चिक — आज यदि आपके विवाह को कुछ ही समय हुआ है तो अपनी पत्नी के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। आपकी कुंडली पर चन्द्रमा की स्थिति ठीक नहीं हो पाने के कारण आपकी पत्नी या मां का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

धनु — आज मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे और आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी। यदि आप कुछ नया करने का विचार कर रहे हैं तो उसे करने की शक्ति आएगी और डर खत्म होगा। आपकी प्रबंधन क्षमता और कुशलता की प्रशंसा होगी।

मकर — आज दिन की शुरुआत आपके परिवार के लिए अच्छी रहेगी और सभी एक-दूसरे को बेहतर तरीके से समझ पाएंगे। घर वालों के साथ कहीं बाहर घूमने जाने का भी प्लान बन सकता है। संतान के करियर से जुड़ी समस्या का समाधान होगा।

कुंभ — आज कॉलेज के छात्र खेलकूद में रुचि लेंगे और उसमें अपना करियर बनाने का विचार करेंगे। ग्राहकों का व्यापारियों पर विश्वास बना रहेगा और वे आपसे प्रसन्न दिखाई देंगे। भाई-बहनों से आपके काफी मदद मिल सकती है जिसके कारण आप काफी प्रसन्न रहेंगे।

मीन — आज आपकी अपने बच्चों से किसी बात को लेकर कहासुनी होगी और आप उन पर क्रोध भी करेंगे। ऐसे में संयम से काम लेंगे और उन्हें भी समझने का प्रयास करेंगे तो परिणाम बेहतर रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
देवता — सुबह : 10 .58
लाइफ की ऐसी की तैसी — शाम : 06 .22

&pictures
राउडी रक्षक — सुबह : 10 .16
वीरा द पावर — शाम : 04 .44

SONY PIX
स्पाइडर मैन — सुबह : 11 .21
रैमपेज — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
धमाल — सुबह : 11 .40
दिल मांगे मोर — रात : 07 .55

colors CINEPLEX
द वारियर — दोपहर : 01 .16
विजय राघवन — रात : 07 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर सुबह : 11 .40 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी ने गुस्से में पति से कहा- मैं तंग आ गई हूं रोज की किच-किच से मुझे तलाक चाहिए।
पति- ये लो चॉकलेट खाओ।
पत्नी (रोमांटिक होते हुए)-मना रहें हो मुझे!
पति-नहीं रे पगली, मां कहती है, अच्छा काम करने से पहले, मीठा खाना चाहिए।

एलकेजी के बच्चे के पेपर में जीरो आया।
गुस्से से पिता- यह क्या है?
बच्चा-पिताजी, शिक्षक के पास स्टार खत्म हो गए थे, इसलिए उसने मून दे दिया।

आत्मार्थं जीवलोकेऽस्मिन् को न जीवति मानवः ।
परं परोपकारार्थं यो जीवति स जीवति ॥

इस जीवलोक में स्वयं के लिए कौन नहीं जीता ? परंतु, जो परोपकार के लिए जीता है, वही सच्चा जीना है ।

संपादकीय

बढ़ती धोखाधड़ी

दक्षिण पूर्व एशिया के कई देशों में हजारों भारतीय संदिग्ध नौकरियों में फंसे हैं। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने शनिवार को कहा कि लाओस में जबरन गैर-कानूनी और खतरनाक काम में फंसाए गए 17 भारतीय कामगार घर लौट रहे हैं। लाओस भारत के विस्तारित पड़ोस का एक हिस्सा है क्योंकि केवल म्यांमार, लाओस को भारत के उत्तर-पूर्व राज्यों से अलग करता है। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने कंबोडिया में साइबर धोखाधड़ी के काम में जबरन लगाए गए भारतीयों को लेकर एक परामर्श जारी किया था क्योंकि हजारों भारतीय खुद को म्यांमार और कंबोडिया में फंसा हुआ पाते हैं, जहां उन्हें ऑनलाइन धोखाधड़ी व अन्य धोखाधड़ी करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय कंबोडियन अधिकारियों के साथ मिलकर ऐसे 250 और म्यांमार से लगभग 30 भारतीयों का पता लगाने और उन्हें बचाने में कामयाब रहा है। पिछले तीन माह में 75 भारतीयों को रेस्क्यू भी किया गया है। साइबर अपराधियों का गिरोह पूरे एशिया में जाल बिछा चुका है। सबसे पहले कंबोडिया में नजर आया। गिरोह भारत व मलेशिया समेत एशियाई देशों के तकनीकी रूप से कुशल युवाओं को निशाना बना रहे हैं। विशेषज्ञ कहते हैं कि जिन लोगों को धोखाधड़ी के जरिए विदेश ले जाया जाता है उन्हें कंबोडिया, म्यांमार और लाओस के जुआघरों में रखा जाता है। एशिया ह्यूमन राइट्स वॉच के उप निदेशक फिल रॉबर्टसन ने हाल ही में कहा कि गिरोहों ने कुशल तकनीक पसंद लोगों को निशाना बनाया है जिनकी नौकरियां महामारी के दौरान चली गई थीं। नई नौकरी पाने को बेताब ये लोग झांसों में आ गए। वास्तव में भारतीय नागरिकों की म्यांमार और कंबोडिया जैसे देशों में नौकरी करने की बेताबी भारत में रोजगार परिदृश्य की गंभीर स्थिति का आईना है।

गौरतलब है 2023 में संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में उल्लेख था कि लाखों लोगों को साइबर फ्रॉड की दलदल में धकेला गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि इनमें से ज्यादातर शिकार एशिया के ही दूसरे देशों से जुड़े हैं। रिपोर्ट कहती है कि साउथ ईस्ट एशिया में इस तरह के साइबर फ्रॉड बढ़ने के पीछे कोविड के दौरान लोगों का घर की चारदीवारी तक कैद होना और ऑनलाइन गतिविधियों पर ज्यादा वक्त गुजारना है। अब धोखाधड़ी वाले कॉल सेंटरों के संचालकों पर कार्रवाई तेज करने की जरूरत है। भारत का अधिकांश आसियान देशों के साथ अच्छा संबंध है, सबको यह सुनिश्चित करना होगा कि ऑनलाइन/फोन घोटालों के बारे में उसकी सलाह हितधारकों के बीच व्यापक रूप से प्रसारित हो। सरकारों के बीच घनिष्ठ समन्वय और सूचनाओं का नियमित आदान-प्रदान अपराधियों को रोकने में प्रभावी हो सकता है।

'चिपसेट' इंजीनियरिंग में भारत को मिलेगी बढ़त



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

14 नैनोमीटर से नीचे के साइज़ में चिप बनाने का काम जटिल प्रक्रियाओं की मांग करता है। प्रसंगवश, एक नैनोमीटर एक मीटर का दस लाखवां हिस्सा होता है। सामान्य तरीके से डिजाईन बोर्ड पर चिप का डिजाईन बनाया जाता है फिर इसके नक़्शे को मिनिएचराईज़ अर्थात सूक्ष्माकृति किया जाता है।

विकसित औद्योगिक देशों के साथ सिविलियन और मिलिट्री प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए जितने भी समझौते भारत ने किए इनके अंतर्गत हमेशा की तरह उन्नत प्रौद्योगिकी से एक दर्ज़ा नीचे की प्रौद्योगिकी हमें मिली है। ऐसा क्यों होता रहा है और, विदेश से हमें 'अप्रचलित' प्रौद्योगिकी ही क्यों उपलब्ध होती है? टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट में हमारा खुद का निवेश उनके मुकाबले में कम होने और प्राइवेट सेक्टर की शुरूआती दौर की अरुचि, इसके कारण हैं। तीन वर्षों में भारत में सेमी-कंडक्टर्स के क्षेत्र में 'मैच्योर-नोड' चिप्स बनाने के लिए करीब दो लाख करोड़ रुपए का निवेश किये जाने के संकेत हैं। प्रारंभिक दौर में 14 नैनोमीटर के मेच्योर चिपसेट बनाए जाएंगे। अभी दुनिया भर में इसकी मांग बनी हुई है क्योंकि अनेक प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक एप्लायेंसिस और डिवाइसेस जैसेकि कार, कंप्यूटर, डिस्प्ले पेनल्स, खिलौने, इंडस्ट्रियल इक्वेप्मेंट, स्मार्ट फ़ोन्स, ऑप्टिकल/इमेज सेन्सर्स, फ़्लैश मेमरी कंट्रोलर्स, माइक्रो कंट्रोलर्स और टीवी के अलावा पॉवर मैनेजमेंट इन्टीग्रेटेड सर्किट्स में इसका इस्तेमाल किया जाता है।

14 नैनोमीटर से नीचे के साइज़ में चिप बनाने का काम जटिल प्रक्रियाओं की मांग करता है। प्रसंगवश, एक नैनोमीटर एक मीटर का दस लाखवां हिस्सा होता है। सामान्य तरीके से डिजाईन बोर्ड पर चिप का डिजाईन बनाया जाता है फिर इसके नक्शे को मिनिएचराईज़ अर्थात सूक्ष्माकृति किया जाता है। तत्पश्चात सर्किट्स और गेट्स की प्रिंटिंग एक-एक परमाणु को डिपाजिट करने से होती है। चिसेट का आर्किटेक्चर प्रत्येक कार्य के लिए प्रयुक्ति के आधार पर अलग होता है।

टेक्नोलॉजी विकसित करने के लिए बेसिक साइंस और इंजीनियरिंग में 1970 आदि दशक के बाद उन्नत देशों द्वारा निवेश की गई कुल राशि की तुलना भारत से करने लगें तो यह विशाल है। साइंस, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग में उनकी सोच के मौलिक होने की वजह असल में यह विशाल निवेश राशि ही है जिसकी आधारशिला द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान सामने आई नई तकनीकी चुनौतियां थीं। इसने उन देशों के वैज्ञानिक समुदाय को मौलिक वैज्ञानिक शोध को ऐसी टेक्नोलॉजी में बदलने के लिए प्रेरित किया जिससे हिटलर जैसी

ताइवान, जापान और चीन जैसे देशों में इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में बेसिक साइंस और इसमें उन्नति के लिए चिह्नित किए गए नए मैटेरियल्स पर बहुत तेज़ी से शोध हुआ।

चुनौती का उन्हें फिर से सामना न करना पड़े। सन 1970 के बाद से इन्होंनें अपना रिसर्च आउटपुट विशाल कर लिया जिससे एकदम से स्टेट-ऑफ़-द-आर्ट एवं फ्रंटियर टेक्नोलॉजी विकसित करने की ही नहीं, बल्कि मैन्युफेक्चर करने की कैपेसिटी को भी इन्होंनें उच्चतम स्तर पर पहुंचा दिया। कूटनैतिक संबंधों और फाइनेंसियल रिसोर्सेज ने इन्हें फिर से आपस में भिड़ने और होड़ करने से भी दूर रखा है।

उदाहरण के लिए सेमी-कंडक्टर टेक्नोलॉजी क अंतर्गत चिपसेट बनाने की टेक्नोलॉजी अमेरिका में विकसित हुई, लेकिन कुछ देशों ने इसे अंशों में चोरी किया और अब इसी के उन्नत संस्करण बना कर मालामाल हो रहे हैं। इस काम में महारत हासिल करने के लिए तकनीकी ज्ञान में सेंध लगाने वाले देशों को आधी सदी तो खुद को मजबूत करने में लगी ही है। चिप निर्माण में अमरीका के मुकाबले में अब दक्षिण कोरिया, ताइवान और चीन होड़ में इसलिए पहुंच पाए हैं क्योंकि इन्होंनें शुरूआती निर्भरता तो औरों पर दिखाई, लेकिन बेसिक साइंस और मटेरियल रिसर्च में जबरदस्त इन्वेस्टमेंट इन्होंनें खुद किया तो नतीजे सन 2000 तक दिखाई देने लगे। ताइवान इस समय चिप निर्माण टेक्नोलॉजी में अग्रणी देशों में है।

सामरिक और सिविलियन टेक्नोलॉजी में मिनिएचरायिज़ेशन, प्रिसीजन, इज़ ऑफ़ हैंडलिंग, टिकाऊपण और हल्का होने के गुण डाले जाते हैं। इस तरह से कि प्रोडक्ट में 'फटीग' कम हो और हरेक परिस्थिति में, हर समय तब तक काम करे जब तक खंडित ही न हो जाए। मारक क्षमता या कार्यक्षमता और कुशलता पहले के मुकाबले में ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक्स तकनीकों के समावेश से 10 गुणा तक बढ़ा दी गई है। नए मटेरियल, ऑप्टिक्स और इलेक्ट्रॉनिक्स में मिनिएचरायिज़ेशन से निर्मित चिपसेट लगाए जाने से यह कमाल संभव हुआ है। भारत ने इस दिशा में तीन-चौथाई दूरी तो तय कर ही ली है। लेकिन बहुत चिंता अमरीका के 'ब्यूरो ऑफ़ इंडस्ट्री एंड सिक्यूरिटी' के निर्देशों और चीन के मन्सूबों को लेकर होती है जिनका परोक्ष प्रभाव उन देशों पर ही पड़ता है जिनके यहां 14 नैनोमीटर साइज़ तक की 'लिगेसी' या 'मैच्योर-नोड' चिप्स चीन से आयात की जाती हैं और इक्विपमेंट और डिवाइसेस में फिट की जाती हैं। अमरीका के उक्त ब्यूरो ने 18 जनवरी 2024 को इस बारे में ताज़ा निर्देश जारी किए हैं जिससे भारत में उलझन इसलिए पैदा नहीं होगीं क्योंकि हमने चीन की नहीं बल्कि ताइवान की कंपनी मीडिया-टेक से इस बारे में बातचीत की है जो भारत में बनाई जाने वाली मेच्योर नोड चिप्स के लिए बड़ा खरीदार हो सकती है।

विदेशी मूल की और यहां की बड़ी कंपनियों में टेक्नोलॉजी विकास के लिए आरएंडडी और निर्माण के स्तर में गैप को कम किए जाने की कवायद मीडिया-टेक के आगमन से शुरू हुई है, जैसे कि दूसरी-तीसरी पीढ़ी हमारे यहां है तो उच्चतम स्तर पर उनकी यह पांचवीं पीढ़ी हो सकती है। कंप्यूटर्स और मोबाइल कम्युनिकेशन गैजेट्स में ऑपरेटिंग सिस्टम्स और एप्लीकेशन्स 10 साल के भीतर संख्या और कार्यक्षमता के हिसाब से 1 से सौ-गुणा के अनुपात में समृद्ध हुए हैं। 'टेक्नोलॉजी डिनायल' या 'नॉन-शेयरिंग और एक्सपोर्ट रेजीम' के बरअक्स डिफेंस, स्पेस और एटॉमिक एनर्जी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में विदेश में स्थापित 'कन्जोर्शियम' में संबंधित मुल्कों की उन्नत वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं में जिन तकनीकों और सिस्टम्स को अगली पीढ़ी के लिए विकसित कर लिया गया, उन्हें हमें सिविलियन और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स में प्रयोग करने के लिए भी नहीं दिया जाता। बेसिक रिसर्च में बेहतरीन समझ रखने के बावजूद हम इस ज्ञान पर आधारित टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट्स - जैसे कि मोबाइल फोन और डिजिटल कैमरा, कंज्यूमर गैजेट्स और एंटरटेनमेंट के क्षेत्र में लार्ज स्केल पर डिवाइसेस बना कर उपलब्ध नहीं करवा पाए। बेशक हमने सेमी-कंडक्टर इंडस्ट्री में आरएंडडी में काम किया है, लेकिन वह औरों से 15-20 वर्ष पीछे के स्तर का है। भारत को स्पेस और एटॉमिक एनर्जी एवं रक्षा क्षेत्र के लिए वांछित एडवांस्ड टेक्नोलॉजीज को इसीलिए खुद ही रिसर्च, डेवलपमेंट और टेस्टिंग करने के बाद देश में निर्मित करना पड़ा।

ताइवान, जापान और चीन जैसे देशों में इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में बेसिक साइंस और इसमें उन्नति के लिए चिह्नित किए गए नए मैटेरियल्स पर बहुत तेज़ी से शोध हुआ। 'चिप' विकास और निर्माण में टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स, आईबीएम और अमेरिकन टेलीग्राफ एंड टेलीफोन कंपनियों के बाद चीन और ताइवान की कंपनियों ने सन 1990 के बाद से आश्चर्यजनक स्पीड से विश्व मार्किट का काफी हिस्सा पकड़ा। भारत में बीईएल, ईसीआईएल, सीडीआईएल, इंडिया और सेमी कंडक्टर काम्प्लेक्स लि. मोहाली ने अभी तक इलेक्ट्रॉनिक्स में डिवाइसेस के लिए 14 नैनोमीटर से नीचे की 'चिप' डिजाईन और फैब्रिकेशन क्षेत्र में प्रवेश नहीं किया है।

डिफेन्स रिसर्च एंड डेवेलपमेंट आर्गेनाइजेशन, इसरो और बीएआरसी अपने मैंडेट के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक्स में इंस्ट्रूमेंटेशन के अलावा कंट्रोल एंड गाइडेंस सिस्टम्स का विकास बीईएल और इलेक्ट्रॉनिक्स कारपोरेशन के जरिये से करते हैं। सिविलियन उपयोग के लिए भी इन संस्थानों ने बेहतरीन टेक्नोलॉजी और गैजेट्स जारी किए हैं। उन्नत देशों ने डिफेंस और स्ट्रेटेजिक इलेक्ट्रॉनिक्स कल-पुर्जों और ड्यूल-यूज़ इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम्स के निर्यात पर प्रतिबंध लगा रखा है। बेसिक रिसर्च को कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेक्नोलॉजी में कन्वर्ट करने की हमारी समस्या जल्द दूर नहीं होती दिखती, भारत में कुछ कंपनियां पिछली पीढ़ी के मेच्योर नोड चिप सन 2024 के दिसंबर महीने में बनाना शुरू कर देंगी जिससे चिप निर्माण में शुरूआती दौर के मूल्यवान अनुभव मिलने से कुछ वर्षों में 14 नैनोमीटर से नीचे 4 नैनोमीटर साइज़ की चिप बनाने की दक्षता हासिल करने में भारत के लिए मुश्किल न होगा। यह महत्वपूर्ण बढ़त तो होगी है लेकिन 1 नैनोमीटर साइज़ के सिलिकॉन 'ड्रीम-चिप' को संभव बनाने की दिशा में इस समय तजुर्बे चल रहे हैं उस तक हमें पहुंचने में शायद 15 बरस का समय और लगेगा। फिलवक्त अमरीका की आईबीएम कंपनी ने 2 नैनोमीटर साइज़ की चिप तैयार करने में कामयाबी हासिल कर ली है।

प्रसंगवश

गुलाम कश्मीर में विदेशी दखल

कश्मीर का एक भाग पाकिस्तान के अधिकार में है, जिसे हम गुलाम या पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर कहते हैं। पाकिस्तान उसे आज़ाद कश्मीर कहता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय पाक कबीलाइयों ने कश्मीर पर हमला कर दिया था और इसे बल पूर्वक कब्जियाना चाहा था।

हमारी सेना ने जवाबी कार्यवाही करके इसका बड़ा भाग, जो इस समय हमारे कब्जे में है, मुक्त करा लिया था। शेष भाग भी मुक्त हो जाता, किंतु नेहरू ने युद्ध रोक दिया और प्रकरण संयुक्त राष्ट्र संघ ले गए। इस तरह यह विवादित हो गया। वहां यह तय पाया गया था कि जनमत संग्रह करा लिया जाय और उसके अनुसार इसका प्रभुत्व तय हो। यह निर्णय भारत के गले की हड्डी बना रहा। हालांकि बाद में, कुछ ठोस आधार बताकर भारत इस जनमत संग्रह के फैसले से पीछे हट गया। अलबत्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल के प्रारंभ में अपने कब्जे वाले कश्मीर से संबंधित धारा 370 हटाने व तत्परिणामी परिवर्तन करने से पाक चीन तो बौखलाए ही,पश्चिमी देश भी असंतुष्ट हुए। अब जब भारत में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं और सत्तारूढ़ दल इस 370 को हटाने और विगत में पाक पर की गई सर्जिकल स्ट्राइक को चुनाव में भुनाने की जुगत कर रहा है, तो पश्चिम इसे मलिन करने के यत्न में है। वह गुलाम कश्मीर में अपनी चहल कदमी बढ़ा रहा है। अब खबरें आई हैं कि ब्रिटेन और अमेरिका के सैन्य अधिकारियों ने इस पाक अधिकृत कश्मीर का दौरा किया।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यह गतिविधियां क्या कह रही हैं? एक ओर भाजपाई प्रचार तंत्र मोदी को वैश्विक नेता कहता रहता है और यह ज़ाहिर करता है कि बड़ी विश्व शक्तियां मोदी के सामने झुक रही हैं; दूसरी तरफ हम यह देख रहे हैं कि विश्व शक्तियां भारत की पोज़ीशन पतली कर रही हैं।

आरएसएस तो अखंड भारत का लक्ष्य बनाए रहा है। अमेरिका,ब्रिटेन तो शक्तिशाली सैन्य संगठन नाटो के सदस्य हैं। चीन तो हमारा चिर और सबल शत्रु है ही। तो आखिर क्या हम नारों और भाषणों के ही वीर बने रहेंगे। यह खुला विदेशी हस्तक्षेप कैसे बढ़ता जा रहा है? हमें सोचना होगा कि भूल कहां हो रही है।

सबके अपने-अपने इतिहास

सत्ता कुचक्री होती है भेदभाव को स्थायी बनाने के लिए सत्ता इतिहास की ऐसी व्याख्या को प्रोत्साहित करती है,जिसे पढ़कर कच्चा मन एक दूसरी जाति से नफरत करे। लोकजीवन की एकता को खंड-खंड करना उसका अभीष्ट होता है, सत्ता को जनता की एकता से डर लगता है इसके लिए सत्ता जनता को विभक्त करती है, बांटती है। इस कार्य में मदद करने के लिए वह विद्वानों को उपकृत करती है।

वे इतिहासकार, जो सत्ता से ही पुरस्कृत और प्रेरित होते हैं, सत्ता के गीत गाते हैं , उन्हें जनता के इतिहास का क्या करना है? इतिहास मनुष्य के मस्तिष्क को प्रभावित तो करता ही है और इस लिए राजसत्ता हर बार अपने अनुकूल इतिहास लेखन का कार्य कराती है। विवाद पैदा करती है, विवाद को अवसर बना लेती है। सत्ता के सिंहासन को स्थिर करने का प्रयास करती है। जो मन इतिहास ग्रस्त हो चुके हैं, वे इतिहास को जीवन भर ढोते रहने को विवश और बाध्य हैं. संसार के इतिहास में क्रूरता की कहानियां भी हैं, संसार के इतिहास में घृणा की कहानियां भी है, ऐसे इतिहास का उद्देश्य होता है - उन कहानियों से मनुष्य के मन मस्तिष्क को क्रूरता और नफ़रत से भर देना।

भारत के इतिहास में किसी ने बाहर से आए लोगों को खोजा, किसी ने वर्ण को खोजा, किसी ने वर्ग को खोजा, किसी ने युद्ध को खोजा, किसी ने राजा-रानी को खोजा, किसी ने धर्म मजहब को खोजा । राजनैतिक-मतवाद की पुष्टि करने के लिए जिस इतिहास के खेत में जाति और मजहब- वैमनस्य के

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

फिर भी यह सच है कि वह इतिहास हमारी सामूहिक-चेतना में विद्यमान है। मनुष्य की प्रेरणा भी तो उसी इतिहास में निहित है।

जहर की खेती की। सचमुच वह इतिहास बहुत निष्ठुर है, दोगला है । इतिहास वर्ग की चीज है। वर्ग स्वार्थ से प्रेरित है। इतिहास के नाम पर अपने अपने हिसाब चुकता किए जा रहे हैं, कोई किसी से दुश्मनी निकाल रहा है, कोई किसी से। सबके अपने अपने इतिहास हैं। इसीलिए हिन्दूमन, मुस्लिममन, ब्राह्मण-मन, शूद्रमन, धार्मिकमन और धर्मनिरपेक्षमन जैसे भेद-विभेद पैदा होते हैं ।,कहानी है - तूने न सही तेरे बाप ने पानी जूठा किया होगा? अब इसी का आधार बना कर उन्होंने इतिहास रच दिया।

देश के भिन्न-भिन्न जन-समूहों और जनपदों को न देखा और न जाना और आप भारत के इतिहास पर फतवे सुना रहे हैं? इतिहास के दस फीसदी तथ्य भी हमारे सामने नहीं है, और आप ने फैसला भी सुना दिया? इतिहास की बातें बड़ी दगाबाज होती हैं, सबके अपने अपने इतिहास हैं। इतिहासकारों ने इतिहास लिखे हैं, अपने-अपने दृष्टिकोण से लिखे हैं, लोक के साथ आज भी कितने हैं ? किस इतिहासकार ने लोकजीवन में पैंठ कर के इतिहास लिखा है । जनता का इतिहास किसने लिखा है? कोई क्यों लिखे? सत्ता का इतिहास लिखने से लाभ होगा.

फिर भी यह सच है कि वह इतिहास हमारी सामूहिक-चेतना में विद्यमान है। मनुष्य की प्रेरणा भी तो उसी इतिहास में निहित है। हां , यदि वह समन्वय सिखाता है तो वह अवश्य ही मनुष्य-जीवन को गतिशील बना सकता है । इतिहास को हम इसलिये पढें , इसलिए रचें , इसलिए उसकी व्याख्या करें कि वर्तमान को शक्ति मिल सके । लेकिन उसके लिए सत्ता का नहीं लोकसत्ता का इतिहास लिखना होगा । पहले यह तय करना होगा कि सबके साथ रहना है कि सबको सबसे लड़ना है और सबको सबसे लड़ाना भी है। यदि लड़ना ही है लड़ाइयों का इतिहास बना बनाया है ही। मिल कर रहना है तो जनता का इतिहास लिखना होगा। जनता का इतिहास किसने लिखा है ?

जो है वह सत्ता का इतिहास है। सामान्य-मनुष्य अथवा लोकजीवन को किसने खोजा? इतिहास में दायरे खोजने से दायरे ही मिलने थे। सामान्य मनुष्य की सामान्यता दायरों से बाहर है। धर्म, वर्ग, वर्ण, ऊंच नीच, राजा-रंक ऊपर के छिलके हैं,उपाधियां हैं। उनके भीतर जो मनुष्य है,आप यों कहें-मनुष्य के भीतर का मनुष्य।

कोई इतिहास अंतिम नहीं है, इतिहास की व्याख्या हर युग में होती रही है और होती रहेगी। विचारशील मित्र जानते हैं कि केवल फौज और हथियारों से शासन नहीं हो सकता , उसके लिए सैद्धांतिक आवरण अनिवार्य हैं। इतिहास हो या कोई वाद हो, ये सब उसके आयुध हैं।

सोशल फोरम

अनुशासित जापान से वापसी

बहुत ही तेज कदमों से भागते, साफ सुथरे, बिना ज़रूरत के न बोलने वाले अनुशासित जापान से चलकर रात करीब 9 बजे भवाली आ धमका। दिल्ली से बरेली डिब्रूगढ़ राजधानी से आया पर राजधानी जैसी ट्रेन बरेली तक करीब 250 कि मी का सफर 4.30 घंटे में मात्र 35 मिनट देरी से, कमोड की सीट टूटी फूटी, बाथरूम की फर्श में पानी भरा, एसी कूपे का दरवाज़ा ख़राब। लगा अपने असली हिंदुस्तान आ गए। यह तो अच्छा रहा सामने एक पढ़ी लिखी लड़की ने शिकायत दर्ज की, कुछ लोग आए, कुछ जुगाड़ किया । कूलिंग बढ़ाई। राहत मिली। पर बस जुगाड़।

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

थोड़ी देर में एक सफ़ाई वाला क़रीब एक बोरा कूड़ा बुहारता हुआ बग़ल से निकला । लगा जहां जापान में मुझे कहीं कूड़ा नहीं दिखा, हम भारतीय दिन में कई बार एक एक डिब्बे मे कूड़ा सीट के आसपास फेंकते रहते है। गंदगी फैलाना हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है। हमने गंगा मां को गंदा और प्रदूषित कर दिया। लगता है नैतिकता, अनुशासन, साफ़ सफ़ाई की देवी अब हमसे नाराज़ हो गई है ।

राजधानी ट्रेन की हालात मैं पिछले 25-30 वर्षों में वहीं की वहीं देख रहा हूँ । खैर यह कहने में बुरा लगेगा पर सत्यता यही दिखती है कि इस रफ़्तार से हम शायद ही कभी जापान की ट्रेनों की रफ़्तार, उनकी सफ़ाई, उनकी समय की पाबंदी की बराबरी की भी सोच सके।

जापान की प्रत्येक व्यक्ति जीडीपी भारत की तुलना में क़रीब सात गुना ज़्यादा है, मतलब पैसे की सप्लाई ज़्यादा तो चीजों के दाम भी ज़्यादा । भारतीय के लिये इस कारण जापान बहुत महंगा देश। दिल्ली स्टेशन के नंबर एक प्लेटफ़ार्म पर एक जलपान गृह में मशीन से बनी 10 रूपये की काफ़ी जापान की क़रीब चार सौ रूपये कि काफ़ी पर भारी लगी , यह सुखद लगा । मैंने पचास रूपये में गरमागरम छोले चावल का भी सुख लिया । मुझे ढाबों का, छोटे रेस्टोरेंट का गरमागरम भारतीय खाना, फ्रिज किये गए पांच सितारा होटल के भोजन से स्वादिष्ट लगता है। भवाली पहुंचकर करीब 8- 9 दिन बाद रोटी मिली , मज़ा आया ।

-फेसबुक वॉल से

मतदान से ही निकलेगा समस्याओं का समाधान

उत्तराखंड में 19 अप्रैल को मतदान होना है। सरकारें हमेशा से पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के धैर्य की परीक्षा लेती रही हैं। पिछले कुछ वर्षों से पहाड़ की तरफ जाते हुए दूर के गांवों तक सड़कों का जाल बिछा तो दिखता है लेकिन पलायन की ऐसी हवा चली है कि लंबे समय से प्रतीक्षा कर हताश हुए लोग इन जगहों को वीरान छोड़कर शहर की ओर चले गए हैं। कई सीमांत जिलों में शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन के अभाव में लोग पलायन कर गए हैं। जगह-जगह स्कूल और कॉलेज खुल गए हैं मगर पढ़ाने वाले शिक्षक और धूप बारिश से बचाने वाली इमारत नहीं है। आज भी गांव में बीमार या गर्भवती को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए परिवहन की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, कई जगह डोली का सहारा लिया जाता है। पौड़ी, चंपावत, अल्मोड़ा समेत कई जिलों से भारी पलायन हुआ है और यह जनसंख्या पहले से ही हांफते, दम घुटते देहरादून,ऋषिकेश, हल्द्वानी जैसे शहरों के आसपास बस कर रह गई क्योंकि लोगों को लगता था कि इन क्षेत्रों में बच्चों को रोजगार के कुछ अवसर तो जरूर मिलेंगे।

जनता की परेशानियों से संबंधित अधिकतर मुद्दे वही हैं जो स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से उठ रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन जैसी समस्याएं आजादी के बाद भी थी और आज भी पूरी तरह हल नहीं हुई हैं। गौर करने वाली बात यह है कि राजनीतिक पार्टियां अपने चुनावी मुद्दे तो

अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

'कोउ नृप होय, हमें का हानि' इस तरह के विचारों से उद्वेलित होकर आम नागरिक शायद खुद ही लोकतंत्र पर प्रहार करता है।

बना लेती हैं लेकिन इन समस्याओं का समाधान किसी भी पार्टी की प्राथमिकता नहीं होती। नैनीताल, उधम सिंह नगर लोकसभा सीट की बात अगर करें तो यह एक महत्वपूर्ण सीट है जहां पर विकास और समाधान के कई अवसर हैं लेकिन बढ़ती आबादी की मार ने समस्याओं को जस का तस बनाकर रख दिया है। नैनीताल के पहाड़ी क्षेत्र से लेकर भावर और तराई का क्षेत्र मानव और वन्य जीव संघर्ष से लंबे समय से प्रभावित रहा है। आबादी से लगे जंगल क्षेत्र में वन्यजीवों का आतंक है।

बढ़ती आबादी ने पेयजल संकट को बढ़ावा दिया है। भवन निर्माण का लगातार विस्तार हो रहा है जिसके कारण पानी के प्राकृतिक स्रोत सूख रहे हैं। विकास के नाम पर खुले रिसॉर्ट और होटलों के पास अपने ट्यूबवेल हैं जिससे सार्वजनिक जल व्यवस्था लड़खड़ा गई है। शहरों में वर्षों पुरानी पाइपलाइन पड़ी हैं, जिनमें सीवर युक्त गंदा पानी आने की खबरें आए दिन समाचारों में पढ़ते रहते हैं। हल्द्वानी में आईएसबीटी का मुद्दा प्रमुख है। सरकारों की तनातनी के बीच यह मामला कई वर्षों से अधर पर लटका है। हाई कोर्ट नैनीताल से शिफ्ट किया जाना भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। करोड़ों रुपयों की लागत से हल्द्वानी के गोलापार क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम बन कर तैयार हुआ लेकिन खेल गतिविधियां वहां पर भी नहीं के बराबर हैं। इस क्षेत्र में एक लॉ विश्वविद्यालय खोले जाने की भी मांग थी जो शिलान्यास होने के बावजूद खटाई में पड़ा हुआ है। जमरानी बांध का मुद्दा तो वर्षों से लटका हुआ है। स्थायी राजधानी के मामले को ही ले लें, किसी भी दल की रुचि इसमें नहीं है इसीलिए आज तक समाधान नहीं हो सका।

यूं भी चुनाव को लोकतंत्र का उत्सव कहा जाता है। लेकिन आज लोगों में उदासीनता देखने को मिल रही है। 'कोउ नृप होय, हमें का हानि' इस तरह के विचारों से उद्वेलित होकर आम नागरिक शायद खुद ही लोकतंत्र पर प्रहार करता है। शायद जनता की उदासीनता ही कारण है कि चुनाव चाहे प्रदेश के हो या लोकसभा चुनाव, उत्तराखंड का चुनाव प्रतिशत 70 के पार कभी नहीं जाता। विभिन्न गीतों, पोस्ट और बैनरों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने की गतिविधियां चल रही हैं। मतदान का बहिष्कार न कर वोट को अपना हथियार बनाने की बात भी कही जा रही है लेकिन दशकों से आश्वासन झेलती जनता भी समझती है कि वोट को हथियार के रूप में इस्तेमाल करना बहुत ही मुश्किल है। इसीलिए समय समय पर जनता अपने-अपने मसलों को लेकर एक समूह के रूप में सड़क पर उतर आती है और अपनी समस्याओं के समाधान की बात कहती है। ऐसा न होने पर मतदान का बहिष्कार करने की चेतावनी भी देती है। मगर सच्चाई तो यह है कि कुछ लोगों द्वारा चुनाव का बहिष्कार करने से समस्या का समाधान नहीं निकलने वाला। पहले के समय में राजनीतिक पार्टियां कम थी, जनप्रतिनिधियों में भी एक समर्पण की भावना थी। जनता में अपने नेता की एक झलक पाने की इच्छा दिखाई देती थी। नेताओं द्वारा दिए गए भाषणों में गरिमा और वचनबद्धता होती थी। आज की तरह अमर्यादित भाषा का प्रयोग नहीं किया जाता था।

एक समय था जब मतदान को लेकर लोगों में बहुत उत्साह देखा जाता था। बीते तीन-चार दशकों से चुनावी माहौल में भी बहुत अधिक फर्क आया है। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में मतदान का माहौल कुछ ठंडा सा नजर आ रहा है, हालांकि मैदानी क्षेत्र में सरगर्मियां में बढ़ गई हैं। मैदानी क्षेत्रों में महिलाओं में थोड़ा बहुत उदासीनता देखने को मिले लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों को आज भी महिलाओं ने संभाल रखा है और किसी भी प्रत्याशी के भाग्य का निर्णय मुख्यतः वहां की महिलाएं ही करेंगी।

आपका पत्र

हर प्रत्याशी जारी करे संकल्प पत्र

जिस तरह हर राजनीतिक दल अपना चुनावी घोषणा पत्र/ संकल्प पत्र जारी करता है, उसी प्रकार हर प्रत्याशी को भी चुनावी घोषणा पत्र/ संकल्प पत्र जारी करना अनिवार्य होना चाहिए कि वह अपनी लोकसभा क्षेत्र में क्या-क्या सुविधाएं अगले पांच सालों में विकसित करेगा। किन किन समस्याओं को हल करेगा।

भारत में कई संसदीय क्षेत्र ऐसे हैं जहां उचित विकास नहीं हुआ सालों से समस्याएं बरकरार है। हर लोकसभा प्रत्याशी को नामांकन पत्र दाखिल करते समय क्षेत्र के विकास का रोडमैप भी देना चाहिए ताकि जनता आश्वस्त हो कि वह जिसे वोट देंगे वह सांसद उनके क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, की समस्या हल करेगा। जिले में औद्योगिक विकास कैसे होगा। लोकसभा क्षेत्र में पुल कहां-कहां बनवाएगा। मेरा यह भी मानना है। यदि कोई भी सांसद जीतने के बाद अपने चुनावी घोषणा पत्र, संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करने में सफल नहीं होता है तो उसको अगली बार चुनाव लड़ने से वंचित कर दिया जाना चाहिए। मेरा यह भी मानना है एक व्यक्ति को तीन बार से ज्यादा सांसद पद पर आसीन नही रहना चाहिए ताकि युवाओं को भी मौका मिलता रहेगा।

-अनुज अग्रवाल,
सीईओ, बीमा घर

रालोद के लिए नाक का सवाल बना बिजनौर का रणक्षेत्र

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। जाटलैंड की बिजनौर संसदीय सीट पर इस बार मुकाबला कांटे का होने की उम्मीद है। 2014 की मोदी लहर में इस सीट पर भाजपा ने कब्जा तो जमा लिया था लेकिन 2019 के चुनाव में जब सपा और बसपा का गठजोड़ हुआ तो बसपा के मलूक नागर ने भाजपा के उम्मीदवार को पटखनी दे दी थी। भाजपा ने इस बार एनडीए में शामिल राष्ट्रीय लोकदल को यह सीट दी है। पार्टी ने यहां से विधायक चंदन चौहान को मैदान में उतारा है तो सपा ने दीपक सैनी को अपना चेहरा बनाया है। बसपा ने रालोद से आए विजेंद्र सिंह को उम्मीदवार बनाया है। तीनों दलों से दमदार उम्मीदवार होने से यहां त्रिकोणीय संघर्ष के आसार हैं। वैसे तो 2004 और 2009 के चुनाव में इस सीट पर राष्ट्रीय लोकदल काबिज रह चुकी है। अब देखना यह है कि मोदी की गारंटी, राम मंदिर निर्माण से उपजी लहर और केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के दम पर चंदन चौहान जीत दर्ज कर पाते हैं फिर किसानों की नाराजगी का कुछ नुकसान उठाना पड़ता है।

मीरापुर के विधायक हैं चंदन चौहान: भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मीरापुर से विधायक चंदन चौहान को सांसद बनाने में जुट गए हैं। भाजपा अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को यह संदेश दे रही है कि रालोद के निशान को ही कमल का निशान समझें और ताकि चार सौ पार का सपना साकार हो सके। चंदन ने भी यह कोशिश की है कि उनके किसी कदम से भाजपा के कार्यकर्ता नाराज न हों। चंदन के दादा चौधरी नारायण सिंह 1977 में उप मुख्यमंत्री रह चुके हैं। साथ ही उनके पिता संजय चौहान भी विधायक रह चुके हैं।

हर दल को मतदाताओं ने अपनाया: यहां के मतदाताओं ने हर दल को गले लगाया। चाहे वह कांग्रेस हो या जनता पार्टी, बसपा, सपा, कांग्रेस, भाजपा और रालोद। जनता पार्टी सेक्युलर को भी यहां जीत मिल चुकी है।

पहली बार 1991 में यहां भाजपा जीती थी। 1996 के चुनाव में भी कमल खिला था पर 1998 में सपा की ओमवती ने भाजपा से यह सीट छीन ली थी लेकिन जब 1999 में लोकसभा का चुनाव हुआ तो यह सीट पुनः भाजपा के खाते में आ गई। लेकिन 2004- 2009 के चुनाव में यहां के मतदाताओं ने रालोद पर भरोसा जताया।

2014 में मोदी लहर में भाजपा यहां जीती जरूर लेकिन 2019 में सपा- बसपा गठबंधन में बसपा के मलूक नागर ने भाजपा को यहां हरा दिया।

- पिछले चुनाव में इस सीट पर सपा से गठबंधन के चलते बसपा के मलूक नागर बने थे सांसद
- सपा ने इस बार दीपक सैनी को तो बसपा ने रालोद से आए विजेंद्र सिंह को बनाया उम्मीदवार

दो-दो विधानसभा सीटों पर भाजपा- रालोद काबिज

- इस लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से दो- दो विधानसभा सीटों पर रालोद- भाजपा |का कब्जा है। एक सीट पर सपा काबिज है। मुजफ्फरनगर जिले की पुरकाजी और मीरापुर सीट पर रालोद और बिजनौर की बिजनौर सीट पर भाजपा और चांदपुर सीट पर सपा और मेरठ जिले की हस्तिनापुर सीट पर भाजपा का कब्जा है।

रालोद के बागी पर बसपा का दांव

- मेरठ के जलालपुर लावड़ निवासी चौधरी विजेंद्र सिंह इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में जुटे हुए हैं। हाल ही में उन्होंने बसपा की सदस्यता ग्रहण की थी। वह रालोद से त्यागपत्र देकर बसपा में आए थे। रालोद से बगावत के पीछे टिकट न मिलने को कारण बताया गया था।

मीरा कुमार यहां से पहुंची थीं संसद

1984 में कांग्रेस के सांसद गिरधारी लाल का निधन हो गया था। तब इस सीट पर उप चुनाव हुआ और पूर्व प्रधानमंत्री जगजीवन राम की बेटी मीरा कुमार ने यहां से जीत दर्ज की थी। मीरा कुमार ने यहां से लोकदल के उम्मीदवार पूर्व केंद्रीय मंत्री राम विलास पासवान को हराया था। मीरा कुमार कांग्रेस की उम्मीदवार थीं। इस चुनाव में मायावती बतौर निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में थीं। इसी सीट से उनकी सियासी लांचिंग हुई थी। 2014 में पूर्व सांसद एवं फिल्म अभिनेत्री जयापद्रा यहां से राष्ट्रीय लोकदल के टिकट पर मैदान में उतरीं थीं पर चौथे स्थान पर रहीं थीं।

चौधरी विजेंद्र सिंह।

दीपक सैनी।

चंदन चौहान।



2019 का वोट प्रतिशत

बसपा	मलूक नागर	51.21
भाजपा	कुंवर भारतेंद्र	44 .67
कांग्रेस	नसीमुद्दीन	2 .36

बसपा भाजपा कांग्रेस

26% मुस्लिम मतदाता

22 % दलित मतदाता

18 % जाट मतदाता

06% गुर्जर मतदाता

28 % अन्य वोटर

17,33,372 बिजनौर सीट पर कुल मतदाता

सपा को बदलना पड़ा उम्मीदवार

- बिजनौर सीट पर जीत दर्ज करने के लिए सपा ने पहले पूर्व सांसद यशवीर सिंह धोबी को मैदान में उतारा था। यशवीर सिंह 2009 में नगीना सीट से सांसद चुने गए थे। वह नगीना से ही टिकट चाह रहे थे लेकिन बदली परिस्थितियों में पार्टी ने उन्हें बिजनौर के रण में उतारना जरूरी समझा। हालांकि इससे यशवीर सिंह खुद ही असहज महसूस कर रहे थे। पार्टी ने उनके भाव को समझा और टिकट बदलते हुए नूरपुर से विधायक राम अवतार सैनी के बेटे दीपक सैनी को मैदान में उतार दिया। अब दीपक ने इस समर को जीतने के लिए रात दिन एक कर दिया है। युवाओं की टोली के साथ वे लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं और किसानों को यह याद दिलाने की कोशिश कर रहे हैं कि केंद्र और राज्य सरकार ने उनके आंदोलन को किस तरह कुचला। केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर ही किसानों को न्याय मिलेगा। बसपा उम्मीदवार विजेंद्र चौधरी जल्द ही यहां पार्टी प्रमुख मायावती और आकाश आनंद की रैली कराने की तैयारी कर रहे हैं ताकि इस रणक्षेत्र में वे जीत दर्ज कर सकें। रालोद और भाजपा की रणनीति पर भी उनकी गहरी नजर है। इसके लिए वे लगातार रालोद कार्यकर्ताओं के संपर्क में भी हैं।

कमलनाथ के गढ़ में क्या इस बार खिलेगा कमल

मनोज त्रिपाठी

मध्यप्रदेश में पहले चरण के चुनाव में 19 अप्रैल को हाई प्रोफाइल सीट छिंदवाड़ा के साथ सीधी, शहडोल, मंडला, जबलपुर, बालाघाट लोकसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इन आधा दर्जन सीटों में सबसे ज्यादा रोचक मुकाबला छिंदवाड़ा में कांग्रेस के मौजूदा सांसद नकुल नाथ और भाजपा के विवेक बंटी साहू के बीच होगा। इस सीट पर देश भर की निगाह लगी है। छिंदवाड़ा में लगातार कांग्रेस से भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं की लाइन लगी है। दो दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के काफी खास रहे पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। भाजपा ने इस बार छिंदवाड़ा सीट को प्रतिष्ठा से जोड़ लिया था और राज्य की सभी 29 सीटों पर क्लीन स्वीप की बात कही है। 2019 में भाजपा ने 28 सीटें जीती थीं, सिर्फ छिंदवाड़ा में कांग्रेस और कमलनाथ का किला नहीं ढहा पाई थी। भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज पाटिल द्वारा यहां बिछाई गई बिसात पर वर्तमान सीएम मोहन यादव और वरिष्ठ भाजपा नेता कांग्रेस को मात देने में जुटे हैं।

छिंदवाड़ा सीट पर बीते चार दशक से कमलनाथ परिवार का कब्जा है। छिंदवाड़ा में भले ही कांग्रेस से नकुल नाथ लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं पर प्रतिष्ठा उनके पिता पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ की दांव पर लगी है। वर्ष 1971 से 2019 के बीच हुए 14 लोकसभा चुनावों में 13 बार यहां से कांग्रेस जीती है। 1980 से लेकर 2019 तक तो केवल कमलनाथ परिवार का ही दबदबा रहा है। इस सीट पर केवल वर्ष 1993 का उपचुनाव छोड़कर कमलनाथ हमेशा लोकसभा का चुनाव जीतते रहे हैं। 1993 के उपचुनाव में सुंदरलाल पटवा ने उनको पराजित किया था। इस बार कांग्रेस की इस परंपरागत सीट पर जीत हासिल करने के लिए मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के अलावा मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद सिंह पटेल लगातार दौरे कर रहे हैं। इनके मुकाबले कमल नाथ ने अकेले मोर्चा संभाल रखा है। वह लगातार घूम-घूमकर सभी विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे हैं। अपनी सभाओं में यह कहते नहीं थकते हैं कि 'जब मैं छिंदवाड़ा आया था, तब लोगों को इसका नाम पता नहीं था। यह देश का सबसे पिछड़ा इलाका होता था।



16 लाख 40 हजार के आसपास मतदाता हैं यहां

08 लाख 30 हजार पुरुष मतदाता चुनेंगे सांसद

- मध्य प्रदेश की हाई प्रोफाइल छिंदवाड़ा लोकसभा सीट जीतने के लिए भाजपा ने इस बार पूरी ताकत झोंकी
- बीते कुछ समय से यहां बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल, 19 अप्रैल को मतदान
- चार दशक से यहां कमलनाथ परिवार का कब्जा, पिछली बार बेटे नकुलनाथ को जीतने में छूट गया था पसीना

कमलनाथ के सामने दो बार कड़ी चुनौती पेश कर चुके हैं बंटी साहू

- भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू छिंदवाड़ा के युवा व्यवसायी हैं। वह पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन इससे पहले छिंदवाड़ा से दो बार विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। दोनों ही बार उन्हें हार भले मिली हो, पर उन्होंने कमलनाथ के सामने कड़ी चुनौती पेश की थी। 2019 के विधानसभा उपचुनाव में बंटी साहू को कमलनाथ से सिर्फ 35 हजार वोटों से हार मिली थी। पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में कमलनाथ 34 हजार मतों से ही पराजित कर पाए थे।

08 लाख 10 हजार महिला मतदाता

53 हजार से ज्यादा फर्स्ट टाइम वोटर

लोकसभा क्षेत्र की सभी सीटों पर कांग्रेस काबिज

- छिंदवाड़ा जिले में पिछले साल- 2023 के अंत में हुए विधान सभा चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत मिली थी, लेकिन पार्टी छिंदवाड़ा में एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। यहां की सभी सातों विधान सभा सीटें कांग्रेस के खाते में गई थीं। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी यहां की सभी सीटों पर कांग्रेस ने ही जीत दर्ज की थी। पिछले विधानसभा चुनाव में छिंदवाड़ा विधान सभा सीट से कमलनाथ जीते थे। लेकिन माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में कमलनाथ या कांग्रेस के लिए छिंदवाड़ा में मुकाबला आसान नहीं रहने वाला है। इसकी बड़ी वजह लोग यह भी बताते हैं कि नकुलनाथ 2019 में सांसद जरूर चुने गए थे। लेकिन उनकी जीत का आंकड़ा 37 हजार 536 मतों का ही था। नकुलनाथ को 5,87,305, जबकि भाजपा प्रत्याशी नथनशाह कवरेती को 5,49,769 मत मिले थे।

प्राकृतिक सुंदरता से संपन्न अब 'कॉर्न सिटी' की नई पहचान

- मध्य प्रदेश राज्य बनने के साथ ही छिंदवाड़ा जिला भी वर्ष 1956 में अस्तित्व में आया था। क्षेत्रफल की दृष्टि से छिंदवाड़ा पूरे मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा जिला है। घने जंगल, पहाड़, नदियां, प्राचीन किले, कोयले की खदान, संतरों के बाग और हरियाली अगर इसे प्राकृतिक रूप से खूबसूरत बनाती है, तो बीते कुछ वर्षों से मक्का की बढ़िया फसल के कारण छिंदवाड़ा को 'कॉर्न सिटी' के नाम से भी जाना जाता है।

तेवर दिखाए

नई दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज ने शराब घोटाले के आरोपी तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कनाट प्लेस में अनोखे अंदाज में प्रदर्शन करके इस्तीफा मांगा।

शिरडी सीट पर इस बार शिवसेना बनाम शिवसेना की लड़ाई

शिरडी

अमृत विचार। महाराष्ट्र की शिरडी लोकसभा सीट में इस बार शिवसेना बनाम शिवसेना की लड़ाई है। इससे चुनाव दिलचस्प हो गया है। शिरडी लोकसभा क्षेत्र अहमदनगर जिले में आता है। इस संसदीय क्षेत्र में कुल 6 विधानसभा क्षेत्र अकोले, संगमनेर, शिरडी, कोपरगांव, श्रीरामपुर, नेवासा शामिल हैं। यहां पहला संसदीय चुनाव साल 2009 में हुआ। इस सीट पर शिवसेना का दबदबा है।

वर्तमान में यहां से शिवसेना के सदाशिव लोखंडे सांसद हैं। शिवसेना में बगावत के बाद सदाशिव लोखंडे ने शिंदे गुट के साथ जाने का फैसला किया। शिवसेना में फूट के बाद उन्होंने एकनाथ शिंदे को समर्थन देने का फैसला किया था। इसलिए उन्हें दोबारा टिकट दिया गया है। वह पिछले दो बार से लगातार शिव सेना के टिकट पर शिरडी लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुने गए हैं। इससे पहले 2009 के लोकसभा चुनाव में भाऊसाहेब वाकचौरे ने इस सीट से जीत हासिल की थी।

उन्होंने शिवसेना के टिकट पर चुनाव भी लड़ा था। अब शिवसेना में फूट के बाद यहां चुनाव रोचक हो गया है। शिरडी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की स्थापना 2008 में हुई थी। भाऊसाहेब वाकचौरे ने निर्वाचन क्षेत्र की स्थापना के बाद पहला चुनाव 2009 में जीता और सदाशिव लोखंडे ने 2014 और 2019 में लगातार जीत हासिल की है। इससे पहले 2004 तक इस निर्वाचन क्षेत्र (कोपरगांव) पर मुख्य रूप से बालासाहेब विखे पटल का दबदबा था। बालासाहेब विखे पाटिल ने लोकसभा में इस निर्वाचन क्षेत्र का 7 बार प्रतिनिधित्व किया। इनमें से 6 बार वह कांग्रेस से और एक बार शिवसेना से लोकसभा चुनाव जीते। इस सीट पर भाजपा को सिर्फ एक बार जीत मिली है। 1996 के चुनाव में भाजपा के भीमराव बडाडे चुने गए।

विस में महायुति और महाविकास अघाड़ी के पास 3-3 सीटें

इस लोकसभा क्षेत्र की विधान सभा में महायुति के पास तीन सीटें और महाविकास अघाड़ी के पास तीन सीटें हैं। इनमें कांग्रेस के 2 विधायक, एनसीपी अजित पवार गुट के 2 विधायक, बीजेपी का एक विधायक और ठाकरे समर्थक शंकरराव गडाख नेवासी विधायक हैं।

पश्चिम बंगाल में गरजे मोदी | जलपाईगुड़ी में में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीएमसी पर जमकर निशाना साधा और चार सौ पार का नारा दिया

पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की कसम खाई

जलपाईगुड़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल में चार जून के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की कसम खाई और भरोसा दिया कि गरीबों से लूटा गया पैसा उनके पास वापस जायेगा। मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचारियों ने जो पैसे गरीबों से लूटे हैं तथा जो भी संपत्ति और पैसा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जब्त किये हैं, वे गरीबों को लौटाये जाएंगे। गरीबों से लूटा गया पैसा उनके पास वापस आ जाएगा। जो भी संपत्ति और पैसा ईडी ने भ्रष्टाचारियों से जब्त किया है वह सब गरीबों के पास जाएगा। यह 'मोदी की गारंटी' है। एक तरफ मोदी गारंटी देते हैं वहीं इंडिया समूह गालियां देता है। उन्होंने कहा कि वह वर्ष 2047 तक भारत को वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने के लिए रात-दिन कर रहे हैं। विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए, मेरे जीवन का हर पल देश को समर्पित है। जलपाईगुड़ी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार जयंत कुमार रॉय के समर्थन में विजय संकल्प चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा," हम भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए लड़ रहे हैं, लेकिन तृणमूल कांग्रेस, वाम दल और कांग्रेस कथित तौर पर 'भ्रष्टाचारियों को बचाने' का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानंमत्री ने दोहराया, भ्रष्टाचार और विभाजनकारी ताकतों के साथ खेलने के लिए तीनों एक-दूसरे का समर्थन कर रहे हैं। यह चुनाव 2024 केंद्र में एक मजबूत और स्थिर सरकार के बारे में है। चार जून के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी आएगी। उन्होंने उत्तर 24 परगना में संदेशखाली प्रकरण का भी जिक्र किया जहां तृणमूल नेता कथित तौर पर महिलाओं पर अत्याचार करने में शामिल थे और कहा कि अपराधियों को दंडित किया जाएगा और वे अपना शेष जीवन जेल में बिताएंगे।

जबलपुर में रोड शो के दौरान जनता का शीश झुकाकर अभिवादन करते पीएम मोदी।

कांग्रेस की हर सरकार में हुआ घोटाला ही घोटाला : राजनाथ

झुंझुनूं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार जब भी रही, कोई न कोई घोटाला जरूर हुआ है। भ्रष्टाचार के कारण ही कांग्रेस के मंत्रियों को भी जेल की हवा खानी पड़ी। भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी दाग नहीं है। राजनाथ सिंह ने रविवार को झुंझुनूं जिले के पिलानी में भाजपा प्रत्याशी शुभकरण चौधरी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान शौर्य और पराक्रम की धरती है। राणा की शक्ति, मीरा की भक्ति, भामाशाह की संपत्ति ही राजस्थान की धरती है। राजस्थान सहित पूरे देश में एक चुनाव होना चाहिए। अलग-अलग चुनाव से समय और पैसे की बर्बादी होती है। हमारी सरकार वन नेशन वन इलेक्शन का समर्थन करती है। पहले देश में कहीं ना कहीं आतंकी घटना होती रहती थी। जम्मू-कश्मीर में हमेशा आतंकी घटना होती रहती थी। लेकिन अब किसी मां के लाल में दम नहीं जो हमारी तरफ आंख उठा कर देख सके। जब जरूरत पड़ी तो सीमा के इस पार और सीमा के उस पार भी मारेंगे। 2014 से पहले प्रतिवर्ष 600 करोड़ रुपये से अधिक की आयुध सामग्री बाहर से मंगवाई जाती थी। वर्तमान में हम 21 हजार करोड़ रुपये की स्वदेश निर्मित रक्षा सामग्री दूसरे देशों को बेच रहे हैं।

सड़क पर सीएम

बेंगलुरू में नार्थईस्ट सीट से कांग्रेस प्रत्याशी राजीव गौड़ा के समर्थन में सड़क पर चुनाव प्रचार करने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया निकले तो जनता ने हाथ हिलाकर जीत का भरोसा जताया।

हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती	60-70
मसूरी	42-60
बासमती	105
दाल दलहन : काला चना	75
साबुत चना दाल	74-76
मूंग साबुत	118
राजमा	115-130
दाल उड़द	110
साबुत मसूर दाल	72
मसूर दाल	86
उड़द साबुत	120
काबुली चना	100-125
अरहर दाल	145-160
लोबिया/करमानी	108
सोयाबीन	50
मूंगफली	75
मटर (सूखी)	60
मक्का	17

(दाम प्रति किग्रा. में)

अडाणी समूह 2.3 लाख करोड़ रुपये से करेगा ऊर्जा विस्तार

विनिर्माण क्षमता में होगी वृद्धि, पवन ऊर्जा में 1.5 लाख करोड़ का निवेश

खावड़ा/अहमदाबाद, एजेंसी

अडाणी समूह भारत के सबसे महत्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा विस्तार और सौर और पवन विनिर्माण क्षमता वृद्धि में 2030 तक लगभग 2.3 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा।

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि देश की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड गुजरात में कच्छ के खावड़ा में सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा से बिजली पैदा करने की क्षमता को वर्तमान में दो गीगावाट से बढ़ाकर 30 गीगावाट करने के लिए लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी देश में अन्य जगहों पर छह-सात गीगावाट की इसी तरह की परियोजनाओं में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की इकाई अडाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) गुजरात के मुंद्रा में सौर सेल और पवन टरबाइन विनिर्माण क्षमता के विस्तार में करीब 30 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। एजीईएल के पास फिलहाल 10,934 मेगावाट (10.93 गीगावाट) का परिचालन पोर्टफोलियो है। एजीईएल 2030 तक 45 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य रख रही है। इसमें से 30 गीगावाट क्षमता सिर्फ एक स्थान खावड़ा में दुनिया की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना से आएगी।

2026-27 तक 10 गीगावाट करने की योजना: विनीत

एजीईएल के प्रबंध निदेशक विनीत एस जैन ने कहा, अभी खावड़ा में दो गीगावाट क्षमता चालू की है और चालू वित्त वर्ष (2024-25) में चार गीगावाट और उसके बाद हर साल पांच गीगावाट जोड़ने की योजना है। जैन एएनआईएल के भी निदेशक हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का समर्थन करने के साथ-साथ अन्य घरेलू नवीकरणीय कंपनियों और निर्यात बाजार की जरूरतों को पूरा करने के लिए एएनआईएल ने मुंद्रा में अपनी सेल और मॉड्यूल विनिर्माण इकाई को मौजूदा चार गीगावाट से 2026-27 तक 10 गीगावाट करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि एएनआईएल सौर विनिर्माण के अलावा पवन से बिजली पैदा करने वाली पवन चक्कियां बनाने की क्षमता भी साढ़े तीन साल में दोगुनी कर पांच गीगावाट कर रही है।

पायलटों की बात सुनने को तैयार एयरलाइन विस्तारा

नई दिल्ली। टाटा ग्रुप और सिंगापुर एयरलाइंस के मालिकाना हक वाली विमानन कंपनी विस्तारा इस वक्त बड़े संकट से जूझ रही है। दरअसल, विस्तारा के पायलट नए रोस्टरिंग सिस्टम और सैलरी स्ट्रक्चर से नाखुश हैं और अपना विरोध जताने के लिए सिक लीव पर चले गए हैं। इससे विस्तारा कई अहम उड़ानों का संचालन नहीं कर पा रही। उसे बहुत सी फ्लाइट कैंसिल भी करनी पड़ी है।

हालांकि, विस्तारा के सीईओ विनोद कन्नन को उम्मीद है कि यह संकट जल्द सुलझ जाएगा। उन्होंने कहा कि हम पायलटों से चर्चा के बाद मौजूदा रोस्टरिंग सिस्टम की समीक्षा करेंगे। साथ ही, सैलरी स्ट्रक्चर में भी जरूरी बदलाव किए जाएंगे। पायलटों का आरोप है कि नए रोस्टर से उन्हें आराम के लिए पर्याप्त वक्त नहीं मिल पाता, जिससे उनकी निजी जिंदगी भी प्रभावित हो रही है। कन्नन ने कहा कर्मचारियों की संख्या में भी कोई असामान्य उछाल नहीं आया है।

बीते वित्त वर्ष में टाटा स्टील की बिक्री में 6% वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी

- टाटा स्टील ने शेयर बाजार में दी जानकारी में कहा-वाहन और रेलवे खंड में हुई अधिक बढ़ोतरी

टाटा स्टील इंडिया की बिक्री बीते वित्त वर्ष (2023-24) में छह प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.99 करोड़ टन रही है। कंपनी की बिक्री को खुदरा, वाहन और रेलवे खंड में अधिक मांग से बढ़त मिली।

टाटा स्टील ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस दौरान भारत में कंपनी का उत्पादन 1.88 करोड़ टन रहा। बीते वित्त वर्ष में वाहन और विशेष उत्पाद खंड में बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर 29 लाख टन रही थी। समीक्षाधीन अवधि में ब्रांडेड उत्पाद और खुदरा खंड में बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 65 लाख टन रही। औद्योगिक उत्पाद एवं परियोजना खंड में बिक्री छह प्रतिशत बढ़कर 77 लाख टन रही। कंपनी ने कहा कि उपखंडों में इंजीनियरिंग खंड में सबसे ज्यादा वार्षिक बिक्री हुई। बयान के अनुसार, "2023-24 में निजी भवन निर्माण के लिए ई-कॉमर्स मंच टाटा स्टील आशियाना की आमदनी 30 प्रतिशत बढ़कर 2,240 करोड़ रुपये रही। बीते वित्त वर्ष में भारत में कंपनी के कच्चे इस्पात का उत्पादन चार प्रतिशत बढ़कर 2.08 करोड़ टन रहा, जो 2022-23 में 1.98 करोड़ टन था।

सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा देश का विदेशी मुद्रा भंडार

मुंबई, एजेंसी। बीते सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब बढ़कर 645.6 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर ताजा आंकड़े जारी कर ये जानकारी दी है। इन आंकड़ों के अनुसार भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार छठे सप्ताह शानदार बढ़ोतरी देखने को मिली है। आरबीआई ने बताया है कि 29 मार्च को खत्म हुए सप्ताह में यह बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अब विदेशी मुद्रा भंडार अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।

इससे पहले के आरबीआई के आंकड़े

इससे पहले पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा कोष 140 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 642.631 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया था। यह जानकारी शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दी गई। इससे पहले विदेशी मुद्रा भंडार का सर्वोच्च स्तर 2021 में देखा गया था। उस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार 642.453 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि 29 मार्च को खत्म हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा संपत्ति 2.354 बिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 570.618 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है।

वित्त वर्ष में मानसून से रबी की फसल अच्छी होने का अनुमान

नई दिल्ली। फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) सेक्टर को उम्मीद है कि मौजूदा वित्त वर्ष यानी 2024-25 में उसकी बिक्री में उछाल दिख सकता है। दरअसल, इस बार अच्छे मानसून के साथ रबी की फसल भी अच्छी होने का अनुमान है।

इससे ग्रामीण उपभोक्ताओं के हाथ में बढ़िया रकम आएगी और वे एफएमसीजी उत्पादों पर खर्च बढ़ा सकते हैं। वित्त वर्ष 2023-24 की आखिरी तिमाही यानी जनवरी से मार्च के दौरान एफएमसीजी सेक्टर में थोड़ी सुस्ती दिखी। फिर भी इंडस्ट्री को उम्मीद है कि सेक्टर की वैल्यू में मिड से हाई सिंगल डिजिट यानी 5 से 9 प्रतिशत के बीच ग्रोथ आ सकती है। खासकर, इनपुट कॉस्ट में बड़ी कमी से मुनाफा भी बढ़ने की उम्मीद है। रूरल डिमांड पिछली कई तिमाहियों से सुस्त पड़ी थी। लेकिन, जनवरी से मार्च के दौरान इसने रफ्तार पकड़ी है।

मुफ्त बिजली देने पर फंस जाएंगे पंजाब जैसे राज्य

नई दिल्ली। पूर्व बिजली मंत्री आरके सिंह ने मुफ्त बिजली देने के लिए उधार लेने वाले पंजाब जैसे राज्यों को कर्ज के जाल में फंसने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ऐसी लोकलुभावन योजनाएं तभी ठीक हैं, जब किसी राज्य के पास पर्याप्त धन हो। उन्होंने कहा, 'अगर कोई राज्य किसी भी श्रेणी के लोगों को मुफ्त बिजली देना चाहता है, तो वह ऐसा कर सकता है, लेकिन उन्हें इसके लिए भुगतान करना होगा।' दूसरी चीज की तरह बिजली उत्पादन में लागत आती है और अगर कोई राज्य इसे उपभोक्ताओं के एक वर्ग को मुफ्त में देता है तो यह भी सोचना चाहिए कि उत्पादन संयंत्र को भुगतान भी करना होगा।

एक वर्ष में 13 प्रतिशत बढ़ा भारत का कोयला आयात

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का कोयला आयात फरवरी में 13 प्रतिशत बढ़कर 2.16 करोड़ टन हो गया। ऑनलाइन मार्केटप्लेस 'एमजंक्शन' के अनुसार कुछ खरीदारों ने गर्मियों से पहले स्टॉक करने के लिए नए सौदे किए, जिससे निर्यात बढ़ा।

इससे पहले 2023 के समान महीने में कोयला आयात 1.91 करोड़ टन था। एमजंक्शन के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में कोयला आयात, फरवरी 2023 के 1.91 करोड़ टन के मुकाबले 13 प्रतिशत अधिक है। कुल आयात में गैर-कोकिंग कोयला का आयात बढ़कर 1.37 करोड़ टन हो गया, जो फरवरी, 2023 में 1.16 करोड़ टन था।

मार्केटप्लेस के अनुसार, कोयला आयात बीते वित्त वर्ष की अप्रैल से फरवरी तक की अवधि में बढ़कर 24.42 करोड़ टन रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 22.79 करोड़ टन था। बीते वित्त वर्ष में अप्रैल से फरवरी तक गैर-कोकिंग कोयला का आयात 16.06 करोड़ टन रहा था, जबकि 2022-23 में यह 14.85 करोड़ टन था। बीते वित्त वर्ष की अप्रैल-फरवरी अवधि के दौरान कोकिंग कोयले का आयात 5.18 करोड़ टन था, जबकि 2022-23 की इसी अवधि में यह 5.05 करोड़ टन था।

वित्त वर्ष में चार करोड़ टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपनी निजी खदानों से चार करोड़ टन कोयला उत्पादन लक्ष्य रखा है। कंपनी ने रविवार को कहा कि महत्वाकांक्षी लक्ष्य एनटीपीसी को निजी कोयला खदानों से उत्पादन में सालाना आधार पर 17 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने में मदद करेगा। इसमें कहा गया कि यह वित्त वर्ष 2024-25 में निजी खदानों के माध्यम से कोयले की लगभग 15 प्रतिशत जरूरत पूरी करेगी, जिससे बिजली कंपनी के लिए ईंधन सुरक्षा मजबूत हो। कंपनी ने 31 मार्च, 2024 के अंत में 3.41 करोड़ टन का कोयला बिक्री की है, और उत्पादन 3.43 करोड़ टन था। कोयला उत्पादन में निरंतर वृद्धि हासिल करने के लिए एनटीपीसी ने कई रणनीतियों और प्रौद्योगिकियों को लागू किया है।

एक नजर

महाराष्ट्र के गढ़चिरोली में महिला नक्सली समेत तीन गिरफ्तार

गडचिरोली। महाराष्ट्र के गढ़चिरोली जिले में सुरक्षा बलों पर कई हमलों में शामिल दो महिला नक्सली और एक जन-मिलिशिया कमांडर को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया है कि ये गिरफ्तारियां लोकसभा चुनाव से पहले हुई हैं। गढ़चिरोली, विदर्भ क्षेत्र का एक हिस्सा है, जहां चुनाव के शुरूआती दो चरणों में 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को 10 सीटों पर मतदान होना है। गढ़चिरोली के पुलिस अधीक्षक के अनुसार, दो महिला नक्सली काजल उर्फ सिंधु गावड़े (28) और गीता उर्फ सुकली कोरचा (31) जिले में सुरक्षा बलों की गतिविधियों पर नजर रख रही हैं। राज्य पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है।

हैदराबाद में अचानक बंदूक चलने से एक पुलिसकर्मी की मौत

हैदराबाद। हैदराबाद में रविवार को 49 वर्षीय पुलिसकर्मी की बंदूक से कथित रूप से अचानक गोली चल गई, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पुलिसकर्मी हुसैनीआलम थाना क्षेत्र की एक चौकी पर तैनात था और उसकी पहचान तेलंगाना राज्य विशेष पुलिस के सशस्त्र रिजर्व उपनिरीक्षक के रूप में हुई है। मृतक पुलिसकर्मी नगरकुरनूल जिले का रहने वाला था। पुलिस ने बताया कि जब वह अपने बगल में एसएलआर बंदूकों को लेकर सो रहा था, तभी अचानक गोलियां उसके गले में धंस गईं। जहां उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन चिकित्सकों ने बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच चल रही है।

राष्ट्रीय

करोड़ों नौकरियां देने की गारंटी युवाओं के दिलों में एक बुरे सपने की तरह: खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी



कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) द्वारा थोपी गई बेरोजगारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2 करोड़ नौकरियां देने की गारंटी हमारे युवाओं के दिलों में एक बुरे सपने की तरह गूंजती है।

खरगे ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारत के प्रमुख संस्थानों -आईआईटी और आईआईएम का अगर मामला लें, तो 12 आईआईटी में हमारे लगभग 30 प्रतिशत छात्रों को नियमित प्लेसमेंट नहीं मिल रहा है। 21 आईआईएम में से केवल 20 प्रतिशत ही अबतक ग्रीष्मकालीन प्लेसमेंट पूरा कर सके हैं। खरगे ने आगे लिखा, "यदि आईआईटी और आईआईएम में यही स्थिति है तो कोई कल्पना कर सकता है कि बीजेपी ने देशभर में हमारे युवाओं का भविष्य कैसे बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार के तहत युवा बेरोजगारी की दर 2014 के बाद से तीन गुना हो गई है।

आईएलओ की हालिया भारत रोजगार रिपोर्ट से पता चला है कि हर साल भारत लगभग 70-80 लाख युवाओं को श्रम बल में जोड़ता है, लेकिन 2012 और 2019 के बीच रोजगार के मामले में लगभग 0.01 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। कांग्रेस नेता ने कहा, 2 करोड़ नौकरियां देने की 'मोदी की गारंटी' हमारे युवाओं के दिल और दिमाग में एक बुरे सपने के रूप में गूंजती है!

उन्होंने कहा, "25 वर्ष से कम उम्र के किसी भी डिप्लोमा या डिग्री धारक को अब रोजगार मांगने का कानूनी अधिकार होगा और उसे प्रति वर्ष कम से कम 1 लाख रुपये का भुगतान किया जाएगा।

सत्य की होगी जीत, कांग्रेस के साथ खड़ी हिमाचल की जनता: प्रियंका

शिमला। हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव एक साथ होने जा रहे हैं। चुनाव होने से पहले कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने हिमाचल सरकार पर विश्वास जताया। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य के लोग पार्टी का समर्थन करेंगे और प्रदेश में सच्चाई की ही जीत होगी। कांग्रेस महासचिव ने विपक्ष पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा पैसे और एजेंसियों का उपयोग करके सत्ता में आना चाहती है। ऐसा करना लोकतंत्र नष्ट करने के सामान है। वहीं कांग्रेस का संकल्प सच्चाई, साहस और धैर्य के साथ लोगों के लिए अथक प्रयास करने का है। प्रियंका गांधी ने एक्स लिखा है कि, 'मैंने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के सभी नेताओं से मुलाकात की। मुझे उनकी एकता, कड़ी मेहनत, मजबूती से चुनाव लड़ने के साहस और लोगों के प्रति उनके समर्पण पर गर्व है।' कांग्रेस महासचिव ने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि जनता हमारा समर्थन करेगी और सच्चाई की जीत होगी। बता दें हिमाचल प्रदेश में छह विधानसभा सीटों पर एक जून को उपचुनाव और लोकसभा चुनाव एक साथ होंगे। हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर, मंडी, शिमला और कांगड़ा चार लोकसभा सीटें हैं। 2019 में भाजपा ने चारों सीटें जीतकर अपने नाम की थी। लेकिन बाद में पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह ने मौजूदा सांसद राम स्वरूप शर्मा की मृत्यु के बाद 2021 में आवश्यक उपचुनाव में मंडी को भाजपा से छीन लिया। कांग्रेस के मुताबिक प्रियंका गांधी ने हिमाचल प्रदेश में लोगों के जनादेश की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अफसर 22 भाषाओं में गांव-गांव देंगे कानून की जानकारी

नई दिल्ली। ग्रामीण आबादी आज भी कानूनी अधिकारों और समझ से अछूती है। इसे कानूनी समझदार बनाने के लिए केंद्र सरकार ने पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसके पहले चरण में 2.50 लाख ग्राम पंचायतों में हर घर तक कानूनी सलाह, मदद और साक्षरता पहुंचाई जाएगी।

कानून के जानकार 22 भाषाओं में ग्रामीणों को अगले एक साल तक न्याय उपलब्ध कराएंगे। विधिक एवं न्याय मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि पूर्व की सरकारों में निःशुल्क कानूनी सलाह एवं मदद के लिए टेली लॉ एवं अन्य योजनाएं शुरू हुई थीं, लेकिन उनसे ग्रामीण आबादी सक्षम नहीं हो पाई, इसलिए केंद्र सरकार सबको न्याय और हर घर न्याय के नाम से नया प्रोजेक्ट लाई है। देश में 460 न्याय सहायक नियुक्त, इनमें कई वकील इस प्रोजेक्ट के लिए मंत्रालय ने 460 न्याय सहायक नियुक्त किए हैं। ये सभी वकील हैं और इन्हें विशेष यूनिक आईडी दी गई है। इन्हें मानदेय भी मिलेगा। ये लोग हर ग्राम पंचायत में जाकर लोगों की कानूनी मदद करेंगे।

पार्टी को अपेक्षित परिणाम नहीं मिलते हैं, तो पीछे हट जाएं राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रशांत किशोर ने कहा- किसी और को कांग्रेस का नेतृत्व करने दें

राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने सुझाव दिया है कि अगर कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में अपेक्षित परिणाम नहीं मिले तो राहुल गांधी को कदम पीछे खींचने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए अपनी पार्टी चला रहे हैं और पिछले 10 वर्षों में काम करने में असमर्थता के बावजूद वह न तो अलग हट सकते हैं और न ही किसी और को कांग्रेस का नेतृत्व करने दे सकते हैं।

किशोर ने कहा, मेरे अनुसार यह भी अलोकतांत्रिक है। किशोर ने कहा, जब आप पिछले 10 साल से एक ही काम कर रहे हैं और उसमें कोई सफलता नहीं मिली है, तो ब्रेक लेने में कोई बुराई नहीं है... आपको इसे किसी और को पांच साल के लिए करने देना चाहिए।" अपने पति राजीव गांधी की हत्या के बाद राजनीति से दूर रहने और 1991 में पीवी नरसिम्हा राव को कार्यभार संभालने के सोनिया गांधी के फैसले को याद करते हुए उन्होंने कहा, आपकी मां ने भी ऐसा ही किया था। उन्होंने कहा, दुनिया भर में अच्छे नेताओं की एक प्रमुख विशेषता यह है कि वे जानते हैं कि उनके पास क्या कमी है और सक्रिय रूप से उन कमियों को भरने के लिए तत्पर रहते हैं।

किशोर ने कहा, राहुल गांधी को ऐसा लगता है कि वह सब कुछ जानते हैं। अगर आप मदद की जरूरत को नहीं पहचानते तो कोई भी आपकी मदद नहीं कर सकता। उनका मानना है कि उन्हें किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत है जो उन्हें जो सही लगता है उसे क्रियान्वित कर सके। यह संभव नहीं है। 2019 के चुनावों में पार्टी की हार के बाद कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के गांधी के फैसले का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि वायनाड सांसद ने तब लिखा था कि वह पीछे हट जाएंगे और किसी और को काम करने देंगे।

गुलजार लाल चौक ...

श्रीनगर : ईद-उल-फितर त्योहार के नजदीक आते ही कश्मीर घाटी में मुस्लिम समुदाय के लोग खरीदारी में जुट गए हैं। लोगों की भारी भीड़ बाजारों में उमड़ पड़ी है, जिसके चलते वहां नई रौनक लौट आई है। राज्य में ईद मनाई जानी है और इसको लेकर घाटी के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। सभी बाजार सजे हुए हैं और बड़ी संख्या में लोग खरीदारी में जुटे हुए हैं। रविवार को घंटा घर लाल चौक बाजार गुलजार रहा, खरीदारी के लिए भारी उमड़ी। ● एजेंसी

सिगरेट जलाने के लिए माचिस नहीं देने पर की युवक की हत्या

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के तिमारपुर इलाके में एक शख्स की हत्या का चौंकाने वाला मामला सामने आया। पुलिस के मुताबिक, सिगरेट जलाने के लिए माचिस नहीं देने पर दो किशोरों ने युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी किशोरों को पकड़ लिया गया है। शनिवार को तिमारपुर पुलिस थाना में चाकूबाजी की घटना की जानकारी मिली थी। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) एम. के. मीणा ने बताया कि मौके एक ऑटोरिक्शा के अंदर और उसके आसपास खून फैला हुआ है। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एमके मीणा ने बताया कि दो किशोरों की पहचान की गई जिन्हें रविवार को पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है। डीसीपी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

सुविधा पोर्टल आयोग ने पार्टियों और उम्मीदवारों को समान अवसर के लिए 44 हजार से अधिक अनुरोधों को दी मंजूरी

प्रचार गतिविधियों के लिए मिले 73 हजार आवेदन

नई दिल्ली, एजेंसी

चुनाव आयोग ने रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से उसके सुविधा पोर्टल पर विभिन्न प्रचार गतिविधियों के लिए अनुमति के लिए 73 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए।

आयोग ने कहा कि पार्टियों और उम्मीदवारों द्वारा जमा किए गए आवेदनों में रैली मैदान बुक करने, अस्थाई पार्टी कार्यालय खोलने और वीडियो प्रचार वैन संचालित करने के अनुरोध शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि पार्टियों और उम्मीदवारों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए 44,600 से अधिक अनुरोधों को मंजूरी दे दी गई है। आयोग द्वारा जारी आंकड़ों से पता चलता है कि प्राप्त कुल अनुरोधों में से लगभग 11,200 या 15 फीसदी को अस्वीकार कर दिया गया। 10,819 आवेदन रद्द कर दिए गए थे। सबसे जयादा अनुरोध तमिलनाडु से प्राप्त हुए। इसके बाद बंगाल का स्थान रहा।

सुविधा पोर्टल ने उम्मीदवारों और पार्टियों द्वारा अनुमतियां और सुविधाएं प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर दिया है। सुविधा पोर्टल ने उम्मीदवारों और पार्टियों द्वारा अनुमति और सुविधाएं प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया है। इसके जरिए रैलियों के आयोजन, हेलीकॉप्टर, वाहन परमिट और पर्चे वितरित करने की अनुमति ली जा सकती है।

दलों ने ऑनलाइन एड में 1.38 करोड़ खर्च किए

निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की तारीखों की घोषणा के पहले सप्ताह (17 से 23 मार्च) में फेसबुक और इंस्टाग्राम पेज पर विभिन्न दलों ने 1.38 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 32 लाख रुपए भाजपा ने खर्च किए। 14 लाख रुपए विज्ञापन के साथ तृणमूल कांग्रेस दूसरे नंबर पर रही।

कांग्रेस ने 5 लाख रु के विज्ञापन दिए। शीर्ष 20 फेसबुक व मेटा विज्ञापनदाताओं के पेज का विश्लेषण करने पर यह बात सामने आई है। शीर्ष 20 में से 7 पेज भाजपा समिर्थत है। भाजपा समर्थित पेज पर 85 लाख का एड भाजपा समर्थित पेज राजनीतिक विज्ञापन देने में सबसे आगे हैं। पार्टी को प्रमोट करने वाले पेज ने 85 लाख रुपए के विज्ञापन दिए। सबसे ज्यादा मीम एक्सप्रेस ने 28.1 लाख, मुद्दे की बात ने 20.2 लाख और सीधा चश्मा ने 9.5 लाख के विज्ञापन दिए। फरवरी 2019 से फरवरी 2023 के बीच, भाजपा ने फेसबुक विज्ञापनों पर 33 करोड़ रुपए खर्च किए। यह उस पूरे पैसे का लगभग 10 प्रतिशत है जो सभी विज्ञापनदाताओं ने भारत में फेसबुक विज्ञापन पर खर्च किया है। वहीं कांग्रेस ने 10.58 करोड़, तृणमूल कांग्रेस ने 8.04 करोड़ और डीएमके ने 4.31 करोड़ खर्च किए। भाजपा आधिकारिक पेज ने सबसे अधिक 10.27 करोड़ रुपए खर्च किए।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	05	316
साई सुदर्शन (जीटी)	05	191
रियान पराग (आरआर)	04	185

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
युजवेंद्र चहल (आरआर)	04	08
मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके)	03	07
गेराल्ड कोएत्जे (एमआई)	04	07

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
राजस्थान रॉयल्स	04	04	00	00	08	+1.120
कोलकाता नाइट राइडर्स	03	03	00	00	06	+2.518
लखनऊ सुपर जायंट्स	04	03	01	00	06	+0.775
चेन्नई सुपरकिंग्स	04	02	02	00	04	+0.517
सनराइजर्स हैदराबाद	04	02	02	00	04	+0.409
पंजाब किंग्स	04	02	02	00	04	-0.220
गुजरात टाइटंस	05	02	03	00	04	-0.797
मुंबई इंडियंस	04	01	03	00	02	-0.704
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	05	01	04	00	02	-0.843
दिल्ली कैपिटल्स	05	01	04	00	02	-1.370

खेल डायरी

कैंडिडेट्स शतरंज: प्रज्ञानानंदा ने विदित को हराया

टोरंटो। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में हमवतन विदित गुजराती को हराया। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही भाई-बहन की पहली जोड़ी के लिए यह अच्छा दिन रहा जब प्रज्ञानानंदा की बड़ी बहन आर वैशाली ने भी बुल्गारिया की नुर्गयुल सेलिमोवा को हराकर पहली जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में डी गुकेश रूस के इयान नेपोमनियाची के मजबूत डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे जबकि फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने शीर्ष वरीय अमेरिका के फाबियानो करूआना से ड्रॉ खेला।

भारतीय टीम दूसरे हॉकी टेस्ट में 2-4 से हारी

पर्थ। भारतीय पुरुष हॉकी टीम पिछले मैच की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने के बावजूद रविवार को यहां पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में आस्ट्रेलिया से 2-4 से पराजित हो गयी। भारत को शनिवार को पहले टेस्ट में 1-5 से हार का सामना करना पड़ा था। मेहमान टीम ने मैच के पहले और दूसरे क्वार्टर में मजबूत प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ बराबरी का खेल दिखाया। बल्कि पहले हाफ तक भारतीय टीम 2-1 से आगे चल रही थी, लेकिन तीसरे क्वार्टर में मेजबान टीम ने तीन गोल कर लगातार दूसरी जीत हासिल की।

त्वेसा संयुक्त 16वें, रिद्धिमा संयुक्त 30वें स्थान पर

केम्पटन पार्क (दक्षिण अफ्रीका)। प्रतिभावान भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक यहां सनशाइन लेडीज टूर पर एब्सा लेडीज आमंत्रण टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 16वें स्थान पर रहीं जबकि उनकी हमवतन रिद्धिमा दिलावरी ने संयुक्त रूप से 30वां स्थान हासिल किया। पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका में खिताब जीतने वाली त्वेसा ने 72, 72 और 74 के स्कोर से कुल दो ओवर 218 का स्कोर बनाया। उन्होंने अंतिम दौर में तीन बर्डी की लेकिन तीन बोगी और एक डबल बोगी भी कर गईं। रिद्धिमा ने 74, 73 और 75 से छह ओवर का कुल स्कोर बनाया। कसांद्रा एलेक्जेंडर ने शनिवार को छह अंडर 66 के शानदार प्रदर्शन से कुल 12 अंडर के स्कोर से चार शॉट के अंतर से खिताब जीता। स्पेन की हेरेंग ली भी अंतिम दौर में 66 के स्कोर से कुल आठ अंडर के स्कोर से दूसरे स्थान पर रहीं।

पाक की टी20 टीम के कोच होंगे यूसुफ और रज्जाक

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस महीने के अंत में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला के लिए चयन समिति के सदस्यों मोहम्मद यूसुफ और अब्दुल रज्जाक को क्रमश: अंतरिम मुख्य कोच और सहायक कोच नियुक्त करने का फैसला किया है। यह फैसला तब किया गया जब लंबी अवधि की भूमिका के लिए विदेशी कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी के साथ बातचीत जारी है। बोर्ड के एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा कि गिलेस्पी के साथ बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है क्योंकि वह लाल गेंद के प्रारूप के मुख्य कोच के रूप में कार्यभार संभालने के लिए सहमत हो गए हैं। कर्स्टन के साथ चर्चा को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है क्योंकि वह इंडियन प्रीमियर लीग में व्यस्त हैं।

एथलेटिक बिलबाओ ने कोपा डेल रे खिताब जीता

सेविले। एथलेटिक बिलबाओ ने पेनल्टी शूट आउट में मालोर्का को 4-2 से हराकर चार दशक बाद कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। बिलबाओ को मालोर्का के खिलाफ जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन टीम को खिताब जीतने के लिए काफी पसीना बहाना पड़ा। बिलबाओ की ओर से पेनल्टी शूट आउट में राउल गार्सिया, इकेर मूनियन, माइकल वेस्गा और एलेजांद्रो बेरेनगुएर ने गोल किए। एथलेटिक बिलबाओ के गोलकीपर जुलेन अगिरेजाबला ने मैनुएल मोर्लानेस के शॉट को रोका जबकि मालोर्का के नेमांजा रादोनजिक ने शॉट बाहर मारा। इससे पहले नियमित और अतिरिक्त समय के बाद फाइनल मुकाबला 1-1 से बराबर रहा। डेनी रोड्रिग्ज ने मालोर्का को 21वें मिनट में आगे किया लेकिन ओइहान सांचे ने 50वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। एथलेटिक बिलबाओ का यह 23वां कोपा डेल रे खिताब है।

केकेआर के खिलाफ घरेलू हालात का फायदा उठाना चाहेंगे सुपरकिंग्स

चेन्नई, एजेंसी

गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम लगातार दो शिकस्त के बाद सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में जीत के साथ वापसी करने के इरादे से उतरेगी तो उसे अपने शीर्ष क्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। लगातार दो हार के बावजूद सुपरकिंग्स की टीम पर दबाव नहीं होगा लेकिन प्रबंधन टीम की कमजोरियों का हल निकालने की कोशिश करेगा।

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और प्रतिभावान रचिन रविंद्र को अपने खेल में सुधार करते हुए सुपरकिंग्स को पावर प्ले में अच्छी शुरुआत दिलानी होगी। गायकवाड़ 118.91 के स्ट्राइक रेट से ही रन बना पाए हैं जबकि रविंद्र पिछले दो मैचों में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे हैं। मौजूदा टूर्नामेंट में सुपरकिंग्स के सबसे सफल बल्लेबाज शिवम दुबे हैं जिन्होंने 160.86 के स्ट्राइक रेट से 148 रन बनाए हैं। यह देखना होगा कि युवा समीर रिज्वी की टीम में वापसी होती है या नहीं। बीस साल के इस युवा बल्लेबाज ने अपने पहले मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ छह गेंद में 14 रन बनाए थे लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खाता खोलने में नाकाम रहने के बाद उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले से बाहर कर दिया गया। तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान और मथीसा पथिराना विभिन्न कारणों से टीम के पिछले मैच में नहीं खेल पाए, जिससे सुपरकिंग्स के गेंदबाजी विभाग की कमजोरियां उजागर हुईं। अगर ये नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच से भी बाहर रहते हैं तो सुपरकिंग्स को उनकी भरपाई करने के लिए कुछ अलग सोचना होगा। अगर ये दोनों बाहर रहते हैं तो तेज गेंदबाजी विभाग में दीपक चाहर, तुषार देशपांडे और मुकेश चौधरी जबकि स्पिन विभाग में मोईन अली, रविंद्र जडेजा और महेश तीक्षणा के कंधों पर जिम्मेदारी होगी। नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स अब तक टूर्नामेंट में अजेय रहे हैं और दोनों टीमों को बल्ले से निडर प्रदर्शन का फायदा मिला है। सुनील नारायण से पारी का आगाज कराना केकेआर के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रहा है। मौजूदा सत्र में केकेआर के सबसे सफल बल्लेबाज नारायण को जल्दी पवेलियन भेजना सुपरकिंग्स के गेंदबाजों के लिए बड़ी चुनौती होगी। फिल सॉल्ट ने भी पारी का आगाज करते हुए नारायण का अच्छा साथ दिया है। मध्य क्रम में कप्तान श्रेयस अय्यर और रमनदीप सिंह को अधिक निरंतरता दिखानी होगी।

चेन्नई सुपरकिंग्स : महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी। **कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकि हुसैन और मुजीब उर रहमान। **समय :** मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

स्टोइनिस और यश ठाकुर चमके एलएसजी की लगातार तीसरी जीत

लखनऊ के मार्कस स्टोइनिस ने 58 रन और यश ठाकुर ने पांच विकेट झटके

लखनऊ, एजेंसी

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस (58 रन) के अर्धशतक के बाद यश ठाकुर (30 रन देकर पांच विकेट) और अन्य गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में गुजरात टाइटंस को 33 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। एलएसजी ने स्टोइनिस के अर्धशतक के बाद निकोलस पूरन की नाबाद 32 रन की पारी से पांच विकेट पर 163 रन का स्कोर बनाकर गेंदबाजों की बदौलत इस छोटे से लक्ष्य का बचाव भी किया।

गुजरात टाइटंस ने शुभमन गिल (19 रन) और साई सुदर्शन (31 रन) के बीच पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़कर अच्छी शुरूआत करायी लेकिन लगातार विकेट गंवाने से टीम 18.5 ओवर में 130 रन पर सिमट गयी। इन दोनों के अलावा राहुल तेवतिया ने 30 रन बनाये। एलएसजी के लिए यश ठाकुर ने 3.5 ओवर में एक मेडन से 30 रन देकर पांच विकेट अपने नाम किये जबकि क्रुणाल पंड्या ने चार ओवर में महज 11 रन देकर तीन विकेट झटके। रवि बिश्नोई ने दो ओवर में आठ रन देकर अपनी ही गेंद पर एक शानदार कैच लपककर एक विकेट हासिल किया।

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी एलएसजी की टीम ने स्टोइनिस (43 गेंद) के इस आईपीएल चरण के पहले अर्धशतक और उनकी कप्तान केएल राहुल (31 गेंद में 33 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 62 गेंद में 73 रन की साझेदारी की मदद से यह स्कोर खड़ा किया। जिसमें अंत में पूरन ने 22 गेंद में नाबाद 32 रन बनाये। गुजरात टाइटंस के लिए उमेश यादव और दर्शन नालकंडे ने दो-दो विकेट झटके। राशिद खान को एक विकेट मिला। उमेश यादव (22 रन देकर दो विकेट) के पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर फॉर्म में चल रहे क्विंटन डिकॉक ने स्क्वायर लेग पर बाउंड्री जड़ दी लेकिन एक गेंद बाद यह बल्लेबाज पवेलियन पहुंच गया। डिकॉक उनकी गेंद पर बल्ला छुआकर थर्ड मैन पर नूर अहमद को कैच देकर पवेलियन लौटे जो टीम के लिए बड़ा विकेट था। उमेश के अगले ओवर की पहली गेंद पर देवदत्त पडीक्कल ने चौका लगाया लेकिन इस गेंदबाज ने अगली ही गेंद पर बदला चुकता करते हुए उन्हें बल्ला छुआने के लिए ललचाया और विजय शंकर ने स्लिप में कैच लपकने में गलती नहीं की। इससे तीन ओवर में टीम का स्कोर दो विकेट पर 18 रन था। राहुल ने संयम से खेलते हुए स्पेंसर जॉनसन पर तीन आकर्षक चौके जड़े जिससे चौथे ओवर में 13 रन जुड़े। राहुल को स्टोइनिस के रूप में अच्छा जोड़ीदार मिला।

यश ठाकुर

लखनऊ 163/5 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 05

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
क्विंटन डिकॉक का नूर अहमद बो यादव	06	04	0/1
केएल राहुल का तेवतिया बो नालकंडे	33	31	3/0
देवदत्त पडीक्कल का वी शंकर बो यादव	07	07	1/0
मार्कस स्टोइनिस का शरथ बो नालकंडे	58	43	4/2
निकोलस पूरन नाबाद	32	22	0/3
आयुष बदोनी का यादव बो राशिद	20	11	3/0
क्रुणाल पंड्या नाबाद	02	02	0/0

गेंदबाजी : उमेश यादव 3-0-22-2, स्पेंसर जॉनसन 4-0-32-0, राशिद खान 4-0-28-1, मोहित शर्मा 3-0-34-0, नूर अहमद 4-0-22-0, दर्शन नालकंडे 2-0-21-2

गुजरात 130/10 — 18.5 ओवर, अतिरिक्त : 12

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
साई सुदर्शन का बिश्नोई बो पंड्या	31	23	4/0
शुभमन गिल बो यश ठाकुर	19	21	2/0
केन विलियमसन का एवं बो बिश्नोई	01	05	0/0
बीआर शरथ का बदोनी बो पंड्या	02	05	0/0
विजय शंकर का राहुल बो यश ठाकुर	17	17	0/1
दर्शन नालकंडे का यश ठाकुर बो पंड्या	12	11	0/1
राहुल तेवतिया का पूरन बो यश ठाकुर	30	25	2/2
राशिद खान का सब बो यश ठाकुर	00	03	0/0
उमेश यादव का डिकॉक बो नवीन उल हक	02	04	0/0
स्पेंसर जॉनसन नाबाद	00	01	0/0
नूर अहमद का डिकॉक बो यश ठाकुर	04	02	1/0

गेंदबाजी : मणिमारन सिद्धार्थ 4-0-29-0, नवीन उल हक 4-0-37-1, मयंक यादव 1-0-13-0, यश ठाकुर 3.5-1-30-5, क्रुणाल पंड्या 4-0-11-3, रवि बिश्नोई 2-0-8-1

मैच में आखिरकार नहीं हुई हार्दिक पंड्या की हूटिंग

मुंबई, एजेंसी। मुंबई इंडियंस के कप्तान की रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान वानखेडे स्टेडियम के दर्शकों ने किसी तरह की हूटिंग नहीं की। यह मुकाबला रिलायंस फाउंडेशन के लिए ईएसए दिवस पर खेला जा रहा है, जिससे स्टैंड पर कई गैर सरकारी संगठनों के लगभग 18,000 बच्चे मौजूद थे। पंड्या को पिछले तीन मैच में दर्शकों की हूटिंग का सामना करना पड़ा था। भारत के पूर्व कप्तान और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने रविवार के मैच से एक दिन पहले कहा था कि दर्शकों को पंड्या की हूटिंग नहीं करनी चाहिए क्योंकि अगर उन्हें कप्तान के तौर पर टीम में शामिल किया गया है तो यह उनकी गलती नहीं है। गांगुली ने शनिवार को वानखेड़े स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के ट्रेनिंग सत्र के दौरान कहा, ''मुझे नहीं लगता कि उन्हें हार्दिक पंड्या की हूटिंग करनी चाहिए। यह सही नहीं है।''



टिम डेविड — रोमारियो शेफर्ड

मुंबई इंडियंस की पहली जीत

मुम्बई, एजेंसी

- दिल्ली कैपिटल्स को 29 रनों से हराया, रोहित शर्मा ने 49 और ईशान किशन ने बनाए 42 रन

सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा 49 रन, ईशान किशन 42 रन तथा आखिरी ओवरों में टिम डेविड के नाबाद 45 रन और रोमारियो शेफर्ड की नाबाद 39 रनों की तूफानी परियों के बाद गेराल्ड कोएत्जी के चार विकेटों की बदौलत मुंबई इंडियंस ने रविवार इंडियन प्रीमियर लीग के 20वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 29 रनों से हराते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की।

235 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स ने चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर 10 रन का विकेट गवां दिया। उसके बाद पृथ्वी शॉ ने अभिषेक पोरेल के साथ दूसरे विकेट लिये 88 रन जोड़ते हुए टीम को मुकाबले में बनाये रखा। पृथ्वी ने 40 गेंदों में आठ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 66 रनों की पारी खेली। अभिषेक पोरेल 31 गेंदों में 41 रन बनाकर आउट हुये। ट्रिस्टन स्टब्स 25 गेंदों में तीन चौके और सात छक्के लगाते हुए 71 रनों की पारी खेली। दिल्ली की टीम निर्धारत 20 ओवर में आठ विकेट पर 205 रन ही बना सकी।

वानखेड़े स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। रोहित शर्मा ने 27 गेंदों में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 49 रनों की पारी खेली। चोट के बाद ठीक होकर टीम में आये सूर्यकुमार यादव अपना खाता भी नहीं खोल सके और पवेलियन लौट गये। कप्तान हार्दिक पांड्या ने 33 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 39 रन बनाये। इशान किशन ने 23 गेंदों में चार चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 42 रन बनाये। तिलक वर्मा छह रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद टिम डेविड नाबाद ने 21 गेंदों में दो चौक और चार छक्कों की मदद से नाबाद 45 रन बना डाले। रोमारियो शेफर्ड आखरी ने 10 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के लगाते हुए तूफानी अंदाज में 39 रन ठोके हुए टीम का स्कोर निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 234 रन पहुंचा दिया है।

मुंबई 234/5 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 14

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
रोहित शर्मा बो पटेल	49	27	6/3
ईशान किशन का एवं बो पटेल	42	23	4/2
सूर्यकुमार का सब (फ्रेजर) बो नोर्किया	00	02	0/0
हार्दिक का सब (फ्रेजर) बो नोर्किया	39	33	3/1
तिलक वर्मा का पटेल बो अहमद	06	05	1/0
टिम डेविड नाबाद	45	21	2/4
रोमारियो शेफर्ड नाबाद	39	10	3/4

गेंदबाजी : खलील अहमद 4-0-39-1, ईशांत शर्मा 3-0-40-0, झाय रिचर्डसन 4-0-40-0, अक्षर पटेल 4-0-35-2, ललित यादव 1-0-15-0, एनरिच नोर्किया 4-0-65-2

दिल्ली 205/8 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 03

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
पृथ्वी शॉ बो बुमराह	66	40	8/3
डेविड वॉर्नर का पंड्या बो शेफर्ड	10	08	1/1
अभिषेक पोरेल का डेविड बो बुमराह	41	31	5/0
ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद	71	25	3/7
ऋषभ पंत का पंड्या बो कोएत्जी	01	03	0/0
अक्षर पटेल रन आउट	08	07	1/0
ललित यादव का ईशान बो कोएत्जी	03	04	0/0
कुमार कुशाग्र का तिलक वर्मा बो कोएत्जी	00	01	0/0
झाय रिचर्डसन का शर्मा बो कोएत्जी	02	02	0/0

गेंदबाजी : कोएत्जे 4-0-34-4, जसप्रीत बुमराह 4-0-22-2, आकाश मधवाल 4-0-45-0, रोमारियो शेफर्ड 4-0-54-1, मोहम्मद नबी 2-0-17-0, पीयूष चावला 2-0-32-0

बॉलीवुड हलचल

वेबसीरीज हीरामंडी: द डायमंड बाजार से फरदीन खान का पहला लुक रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता फरदीन खान की आने वाली वेब सीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार से उनका पहला लुक रिलीज हो गया है। संजय लीला भंसाली की हीरामंडी : द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी : द डायमंड बाजार में फरदीन खान भी अहम भूमिका में नजर आयेंगे। फरदीन खान लंबे अरसे के बाद बतौर अभिनेता वापसी कर रहे हैं। फरदीन खान, हीरामंडी द डायमंड बाजार में वली मोहम्मद के रोल में नजर आएंगे। फरदीन खान के पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में नेटफ्लिक्स इंडिया ने लिखा, प्यार और कर्तव्य के बवंडर संघर्ष में फंसे वली मोहम्मद अपनी शाही जिम्मेदारियों के साथ अपने दिल की इच्छा को समेटने का प्रयास कर रहे हैं। शेखर सुमन भी हीरामंडी : द डायमंड बाजार में नजर आयेंगे। उनके पहले लुक को शेयर करते हुए लिखा गया, मल्लिकाजान के चरणों में अपनी निष्ठा रखते हुए जुल्फिकार और उसकी चमकदार महत्वाकांक्षा के बीच केवल एक चीज खड़ी है - हीरामंडी। हीरामंडी : द डायमंड बाज़ार वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, 'हीरामंडी' 'कोठों' में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है।

कंगना ने फिल्म इमरजेंसी बनाने की वजह बतायी

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन से प्रेरित फिल्म इमरजेंसी बनाने की वजह बतायी है। इस फिल्म में कंगना, इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आयेंगी। कंगना रनौत ने कहा, जैसा कि मैंने हमेशा कहा है, चाहे वह इंदिरा गांधी हों या कोई अन्य महिला, मेरे मन में महिलाओं के लिए बहुत सहानुभूति है। मैं इस बात का दिखावा नहीं कर सकती और मेरे दिल में महिलाओं के लिए सम्मान भी है, इसलिए मैंने उनके लिए बहुत काम किया है। मैंने इंदिरा गांधी के पूरे जीवन पर आधारित एक फिल्म बनाई है और जब आप एक कलाकार होते हैं तो हर चीज प्रेरणा का काम करती है। उन्हीं भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मैंने वह फिल्म बनाई।'' इसलिए, जब यह सामने आएगा तो मुझे लगता है कि हर किसी को यह पसंद आएगा। उन्हें इसे एक मनोरंजक फिल्म के रूप में देखना चाहिए।'' कंगना ने कहा, हमारे संविधान के साथ जो घटनाएं घटीं, उन घटनाओं के पीछे क्या कारण हैं, उन कारणों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जिससे भविष्य में हमारे संविधान के साथ कोई छेड़छाड़ न हो। एक नेता की विश्वसनीयता, गहरी छिपी सुरक्षा, असुरक्षा, ताकत या कमजोरी, सभी कारकों पर विचार किया जाना चाहिए। कंगना रनौत द्वारा लिखित और निर्देशित, ''इमरजेंसी'' में अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाख नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। जी स्टूडियोज़ और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित इस फिल्म का संगीत संचित बल्हारा द्वारा दिया गया है। पटकथा और संवाद रितेश शाह द्वारा दिए गए हैं। ''इमरजेंसी'' 14 जून 2024 को सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज होने वाली है।

संजय लीला भंसाली की फिल्म में काम करना चाहती हैं नोरा फतेही

मुंबई, मुंबई। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री नोरा फतेही, फिल्मकार संजय लीला भंसाली की फिल्म में काम करना चाहती हैं। मोरक्को की रहने वाली नोरा फतेही हिंदी फिल्मों की काफी शौकीन थी। नोरा फतेही ने कहा, भारत में काम करने का ख्याल संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास को देखकर ही आया था। यदि मैं किसी दिन संजय लीला भंसाली की फिल्म की अभिनेत्री बनी तो वह मेरे करियर का टर्निंग प्वाइंट होगा। मैं चाहती हूं कि वह मुझमें यकीन करें कि मैं उनकी फिल्म की अभिनेत्री बन सकती हूं। कलाकार को बस एक मौका और वह इंसान चाहिए होता है, जो आप पर भरोसा करे। नोरा फतेही ने कहा, मैंने काफी डांस किया है, लेकिन भारतीय क्लासिकल डांस को इसलिए अभी तक नहीं छुआ, क्योंकि मैं चाहती थी कि जब मैं वह नृत्य करूं तो सबसे बेस्ट लगूं और भव्य तरीके से उसे शूट किया जाए। ऐसा केवल संजय लीला भंसाली ही कर सकते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

प्रथम त्रि-सेवा सम्मेलन का उद्देश्य एकीकरण, पहल और सुधार लाना

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान आज करेंगे परिवर्तन चिंतन सम्मेलन की अध्यक्षता

भारतीय सेना के तीनों अंगों के बीच संयुक्तता और एकीकरण प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए, पहल और सुधार लाने के उद्देश्य से पहला त्रि-सेवा सम्मेलन सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने रविवार को बताया कि 'परिवर्तन चिंतन' नाम से आयोजित होने वाले इस एक दिवसीय सम्मेलन की अध्यक्षता प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि आठ अप्रैल 2024 को आयोजित होने वाला 'परिवर्तन चिंतन' एक अग्रणी त्रि-सेवा सम्मेलन है, जिसका उद्देश्य संयुक्तता एवं एकीकरण के प्रयासों को आगे बढ़ाने के वास्ते नवीन एवं अद्यतन विचार, पहल व सुधार को सृजित करना है। बयान में कहा गया कि भारतीय सशस्त्र बलों ने भविष्य के युद्धों के लिए तैयार रहने के अपने प्रयासों के क्रम में एक बड़े परिवर्तनकारी बदलाव की शुरुआत की है। संयुक्तता एवं एकीकरण को बढ़ावा देने के लिये पहल की जा रही है और त्रि-सेवा बहुआयामी (मल्टी डोमेन) संचालन को संभव बनाने के लिए संरचनाओं को संशोधित किया जा रहा है। बयान में कहा गया कि यह चिंतन सभी त्रि-सेवा संस्थानों, सैन्य कार्य विभाग, मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ और तीनों सेवाओं के प्रमुखों का पहला सम्मेलन होगा, जिसमें विभिन्न सेवा वर्ग के अधिकारी अपनी विविधतापूर्ण समझ तथा अनुभव के आधार पर वांछित 'संयुक्तता एवं एकीकरण' के अंतिम लक्ष्य को तेजी से हासिल करने के उपायों के बारे में सुझाव देंगे।

इंडोनेशिया के पापुआ में मारे गए दो विद्रोही

जयापुरा। इंडोनेशिया के अशांत पापुआ क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी सोने की खदानों में से एक के निकट सुरक्षा बलों और विद्रोही समूह के बीच गोलीबारी में दो अलगाववादी मारे गए।

पुलिस ने रविवार को यह बताया कि मध्य पापुआ प्रांत के खनन शहर तेम्बागापुरा के निकट विगत गुरुवार को फ्री पापुआ मूवमेंट से जुड़े विद्रोहियों और पुलिस एवं सैन्य बलों के बीच हुई झड़प में समूह के दो क्षेत्रीय कमांडर अबुबकर कोगोया और डेमियानस मागे मारे गए। पुलिस ने बताया कि ये दोनों समूह की सैन्य शाखा, वेस्ट पापुआ लिबरेशन आर्मी से जुड़े हुए थे। संयुक्त सुरक्षा बल के प्रमुख फैजल रमादानी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने दोनों कमांडर के पास से उनके पहचान पत्र बरामद किए। उन्होंने कहा कि गोलीबारी में कई अन्य विद्रोही घायल हो गए। उन्होंने बताया कि हालांकि घायल विद्रोही जंगल में भागने में सफल रहे। समूह के प्रवक्ता से अभी इस संबंध में प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है।

बेहतर अर्थव्यवस्था को डिजिटलीकरण अहम : डेनिस

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- यूएनजीए अध्यक्ष ने भारत में डिजिटलीकरण और बुनियादी ढांचे में निवेश की सराहना की

संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने भारत के डिजिटलीकरण कार्यक्रम की सराहना की है, जिससे वित्तीय समावेशन और गरीबी कम करने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि इससे देश को तुलनात्मक लाभ मिला है और इसके सबक को वैश्विक समुदाय के साथ साझा किया जा सकता है। भारत में तकनीक और निवेश देखकर मैंहैरान हूं।

संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 78वें सत्र के अध्यक्ष फ्रांसिस ने यहां एक विशेष साक्षात्कार में बताया कि सबसे पहले मैं यह कहना चाहता हूं कि जब से मैं भारत से लौटा हूं, उसके बाद जब भी मैं भारत के बारे में सोचता हूं, मुझे अतुल्य भारत याद आता है। मैं पूरी गंभीरता से कहा रहा हूं...और जब मैं वहां था, तब मैंने इसे महसूस किया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मैं जिस विशिष्ट उदाहरण का उल्लेख कर सकता हूं, वह है भारत में डिजिटलीकरण का उपयोग। उन्होंने देश के पर्यटन वाक्य अतुल्य भारत का जिक्र किया। फ्रांसिस इस साल 22-26 जनवरी तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर थे। इस दौरान उन्होंने नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक की और जयपुर तथा मुंबई की यात्रा भी की।

उन्होंने गरीबी को कम करने तथा सिर्फ एक हैंडसेट और डिजिटलीकरण मॉडल के उपयोग से लाखों लोगों को औपचारिक आर्थिक प्रणाली में लाने के लिए भारत के डिजिटलीकरण कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा किया कि डिजिटलीकरण महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह लागत को कम करता है, अर्थव्यवस्थाओं को अधिक कुशल बनाता है और सेवाओं को सस्ता बनाता है। फ्रांसिस ने कहा कि इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद मिल रही है। इस क्षेत्र में भारत को स्पष्ट रूप से तुलनात्मक लाभ है और इसमें ऐसे सबक हैं जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ साझा किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी भारत यात्रा के दौरान वह देश भर में बुनियादी ढांचे के विकास में किए जा रहे निवेश के स्तर से प्रभावित हुए।

एक नजर

लद्दाख में बर्फबारी के बीच फंसे 80 लोगों को सेना ने बचाया

लेह। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में लेह और श्योक नदी घाटी के बीच 17,688 फुट ऊंचे चांग ला दर्रे में बर्फबारी के बीच फंसे कम से कम 80 लोगों को बचा लिया गया है, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। भारतीय सेना की लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी (14वीं) कोर ने कहा कि आधी रात को चलाए गए इस बचाव अभियान को त्रिशूल प्रभाग के सैनिकों ने अंजाम दिया। सेना की फायर एंड फ्यूरी (14वीं) कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि त्रिशूल प्रभाग के सैनिकों ने चांग ला के ऊंचे बर्फीले स्थानों पर यातायात अवरोध को दूर करने के लिए आपातकालीन स्थिति में तुरंत कार्रवाई की और रात में दो घंटे तक लगातार काम किया तथा बर्फबारी के बीच फंसी महिलाओं और बच्चों सहित लगभग 80 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। सेना ने इस बचाव अभियान की कुछ तस्वीरें और एक वीडियो भी साझा की है।

चीन के दक्षिणी गुआंग्डोंग में आई बाढ़, 800 लोगों को सुरक्षित निकाला

बीजिंग। चीन के दक्षिणी गुआंग्डोंग प्रांत के किंगयुआन जिले के यिंगदे काउंटी में बाढ़ के कारण खतरे में फंसे 832 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। सरकारी चाइना सेंट्रल टेलीविजन ब्रॉडकास्टर ने रविवार को यह जानकारी दी। ब्रॉडकास्टर ने बताया कि आज सुबह तक यिंगडे स्टेशन पर पानी का स्तर 30 .07 मीटर (98 .6 फुट) तक पहुंच गया और खतरे के गंभीर निशान को पार कर गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि जलाशयों के किनारे स्थित घरों और व्यावसायिक इमारतों में पानी भर गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकारियों ने हालांकि संबंधित निकायों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्कूलों और उद्यमों के संचालन को निलंबित करने का निर्देश नहीं दिया है।

रूस सरकार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संघीय आपात स्थिति घोषित की

मॉस्को। रूस सरकार ने ओरेनबर्ग क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों में रविवार को संघीय आपात स्थिति घोषित कर दी। सरकारी मीडिया ने यह खबर दी है। स्थानीय सरकार के अनुसार, उराल नदी का जलस्तर बढ़ने से आई बाढ़ के चलते 885 बच्चों समेत चार हजार से अधिक लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' ने बताया कि दो हजार और घरों में पानी घुस गया है, जिसके साथ ही क्षेत्र में ऐसे घरों की संख्या बढ़कर करीब 6,300 हो गई है। रूस के आपात स्थिति मंत्री एलेक्जेंडर कुरेनकोव बचाव अभियान की निगरानी करने के लिए रविवार को बुरी तरह प्रभावित शहरों में से एक ओर्स्क पहुंचे। आरआईए नोवोस्ती के अनुसार मंत्री ने कहा, मैं ओरेनबर्ग क्षेत्र के हालात को आपात स्थिति के रूप में वर्गीकृत करने और एक संघीय स्तरीय प्रतिक्रिया का प्रस्ताव रखता हूं।

चीन के शिनजियांग में 5.4 तीव्रता से आए भूकंप के झटके

बीजिंग। उत्तर पश्चिमी चीन के शिनजियांग उइगुर स्वायत्त क्षेत्र के बाइचेंग काउंटी में रविवार को मध्यम दर्जे के भूकंप के झटके महसूस किए गए। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) के अनुसार (बीजिंग समयानुसार) रविवार शाम 4 :46 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5 .4 आंकी गई। सीईएनसी द्वारा जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भूकंप का केंद्र 41 .94 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 82 .14 डिग्री पूर्वी देशांतर पर जमीन से 17 किमी की गहराई में स्थित था। भूकंप से जानमाल के नुकसान की फिलहाल कोई सूचना नहीं है।

रिहाई वार्ता से पूर्व गाजा से मिला किसान का शव, नेतन्याहू बोले- हम नहीं झुकेंगे

जब तक इजराइली बंधक रिहा नहीं होते तब तक युद्धविराम पर सहमति नहीं

काहिरा, एजेंसी

इजराइल की सेना ने शनिवार को कहा कि उसने गाजा में बंधक बनाए गए 47 वर्षीय किसान का शव बरामद किया है। हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजराइल के किसी नागरिक का शव ऐसे वक्त में बरामद किया गया है जब वार्ताकार इजराइल और हमास के बीच छह माह से जारी युद्ध को रोकने तथा शेष बंधकों को रिहा कराने के लिए रविवार देर शाम दूसरे दौर की बातचीत की तैयारी कर रहे हैं। वहीं, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसको लेकर मांग की है कि वह युद्धविराम पर तब तक सहमत नहीं होंगे जब तक गाजा में इजरायली बंधकों को रिहा नहीं कर दिया जाता।

इजराइल की सेना ने कहा कि उसे एलाद कात्जिर का शव मिला है और माना जाता है कि उसकी हत्या जनवरी में 'इस्लामी जिहाद' के चरमपंथियों ने की थी। हमास ने सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल में घुस गए थे और उनके हमले में 1,200 से अधिक लोग मारे गए थे। हमास ने इस हमले के बाद इजराइल के कम से कम 250 लोगों को बंधक बना लिया था। किसान कात्जिर को सीमावर्ती नीर ओज से अगवा किया गया था। इस शव के मिलने से इजराइल की सरकार पर बंधकों को मुक्त कराने के लिए समझौता करने का दबाव बढ़ गया है। हजारों लोग तेल अवीव में एकत्र हुए और उन्होंने बंधकों को रिहा कराने के लिए शीघ्र कोई समझौता करने और ध्यावधि चुनाव कराने की मांग की। अब तक कम से कम 36 बंधकों के मारे जाने की पुष्टि हो चुकी है, जबकि बंधक बनाए गए कुल लोगों में से आधों को रिहा कर दिया गया है।

कात्जिर की बहन कार्मित ने एक बयान में कहा कि अगर वक्त पर कोई समझौता हो जाता तो उन्हें बचाया जा सकता था। हमारा नेतृत्व कायर है और राजनीतिक विचारों से प्रेरित है, इसीलिए कोई समझौता नहीं हुआ।

हमास आतंकवादी समूह द्वारा गाजा पट्टी में बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई के लिए सड़कों पर आए लोग। प्रधानमंत्री नेतन्याहू सरकार के खिलाफ भी किया विरोध प्रदर्शन। ● एजेंसी

कुछ फिलिस्तीनियों को गाजा जाने दे इजराइल : अमेरिका

वाशिंगटन। दक्षिणी गाजा शहर राफा में आगामी इजरायली सैन्य अभियान की चिंताओं के बीच, बिडेन प्रशासन कुछ विस्थापित गाजा नागरिकों को एन्क्लेव के उत्तरी हिस्से में लौटने की अनुमति देने के लिए इजरायल पर दबाव बना रहा है। शनिवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ हाल ही में आधे घंटे की बातचीत में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने इस मुद्दे पर काम करने की मांग की। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति ने इजरायली नेता से एन्क्लेव में तत्काल युद्धविराम के लिए सहमति व्यक्त करने के साथ-साथ वार्ता करने वाली टीमों को इस मामले पर एक समझौते तक पहुंचने की अनुमति देने का भी आह्वान किया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने गाजा में नागरिकों के खतरे को समाप्त करने और सहायता कर्मियों की सुरक्षा के जोखिमों को कम करने के लिए तत्काल कदम उठाने पर भी बल दिया।

इजराइल और हमास के संघर्ष को रोका जाए : सुनक

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने गाजा में जारी इजराइल-हमास संघर्ष को मासूम बच्चों की खातिर मानवीय आधार पर रोके जाने के आह्वान को दोहराया। ब्रिटेन ने रविवार को गाजा के लिए समुद्री सहायता गलियारा स्थापित करने के लिए सैन्य और नागरिक सहायता के एक नए पैकेज की घोषणा की। विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय ने पूर्वी भूमध्य सागर में एक शाही नौसेना के पोत की तैनाती की घोषणा की और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाई जाने वाली सहायता को बढ़ाने के मकसद से 97 लाख पाउंड देने की प्रतिबद्धता जताई। ब्रिटिश प्रधानमंत्री सुनक ने कहा कि आज सात अक्टूबर के आतंकवादी हमले के छह महीने पूरे हो गए हैं जो इजराइल के इतिहास में सबसे भयावह हमला था और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यहूदियों की सबसे बड़ी जनहानि थी।

आतंकी हमले में छह सुरक्षाकर्मी समेत 12 आतंकवादी मारे गए

क्वेटा, एजेंसी

- पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकवादी और सुरक्षा बलों में संघर्ष

पाकिस्तान के अशांत क्षेत्र खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में पिछले दो दिन में हुई आतंकवादी घटनाओं और सुरक्षा अभियानों में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सहित छह सुरक्षाकर्मी और 12 आतंकवादी मारे गए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

पाकिस्तान सशस्त्र बलों की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि बलूचिस्तान प्रांत में दो घटनाओं में चार आतंकवादी मारे गए हैं। आईएसपीआर ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में स्थित डेरा इस्माइल खान जिले में कुलाची तहसील के कोट सुल्तान इलाके में सुरक्षाबलों द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान आठ आंतकवादी मारे गए। उसने कहा कि सुरक्षाबलों ने मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के लक्की मारवात में शुक्रवार की रात दो हमलों में एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) और दो पुलिसकर्मी मारे गए जबकि एक कांस्टेबल घायल हो गया।

अधिकारियों ने कहा कि डीएसपी ने ईद-उल-फितर के त्योहार से पहले सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के लिए अन्य पुलिसकर्मियों के साथ पेशावर-कराची राजमार्ग पर एक अस्थायी चौकी स्थापित की थी। सूत्रों के अनुसार जब वे चौकी से वापस लौट रहे थे तो मंजीवाला चौक के निकट आतंकवादियों ने पुलिस के वाहन पर गोलीबारी की, जिसमें डीएसपी और कांस्टेबल नसीम गुल की मौत हो गई। समाचार पत्र 'डॉन' के मुताबिक, शुक्रवार की रात सरा दरगा इलाके में एक और हमला हुआ, जिसमें अज्ञात हमलावरों ने कांस्टेबल सनामत खान पर गोलीबारी की, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शनिवार को बाजौर जिले की मामुंड तहसील में विस्फोट होने से एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। वहीं, शनिवार रात टैंक जिले में मियां लाल पुलिस चौकी के निकट अज्ञात लोगों ने एक हेड कांस्टेबल की हत्या कर दी। इस बीच प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने लक्की मारवत में पुलिसकर्मियों पर हुए हमले की कड़ी निंदा की।

सैन्य प्रतिष्ठान के संपर्क में हैं हमारे कुछ नेता : इमरान खान

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि उनकी पार्टी के कुछ नेता शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान के संपर्क में हैं। उन्होंने अपनी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पर कार्रवाई के बीच किसी से भी वार्ता करने की इच्छा व्यक्त की है।

'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, खान ने यह टिप्पणी शनिवार को अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान की। खान ने कहा कि वह देश के लिए किसी से भी बातचीत करने को तैयार हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान ने कहा कि यदि वह सेना के पूर्व प्रमुख कमर जावेद बाजवा के साथ बातचीत कर सकते हैं, तो वह देश के किसी भी व्यक्ति से मुलाकात कर सकते हैं। खान ने बाजवा पर अप्रैल 2022 में उनकी सरकार को गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आरोप लगाया था। खान ने कहा कि उनकी पार्टी के कुछ नेता बातचीत के लिए अभी भी (सैन्य) प्रतिष्ठान के संपर्क में हैं।

ग्रीस के जंगल में 2024 में लगी पहली बड़ी आग, तीन घायल

एथेंस। दक्षिणी ग्रीस के क्रेते द्वीप के जंगलों में इस वर्ष लगी पहली बड़ी आग में तीन लोग घायल हो गए। यह जानकारी अग्निशामक अधिकारियों ने दी। आग द्वीप के दक्षिणपूर्वी हिस्से में इरापेट्रा सिटी के बाहरी क्षेत्र के एक जंगली इलाके में लगी।

सूत्रों के अनुसार, आग की लपटों पर काबू पाने के लिए 169 अग्निशामकों को तैनात किया गया। इसके लिए पानी की बौछार करने वाले चार हेलीकॉप्टरों का भी उपयोग किया गया। एक बुजुर्ग व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती किया गया, जबकि पास की बस्ती में रहने वाली एक महिला और एक दमकलकर्मी मामूली रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने एहतियात के तौर पर आपातकालीन अलर्ट जारी कर चार गांवों के लगभग 300 निवासियों को अपने घरों को खाली करने के लिए कहा। जलवायु संकट एवं नागरिक सुरक्षा मंत्रालय के अनुसार, शनिवार को पूरे देश में कुल 71 जंगल में आग लगी। उच्च तापमान, जलवायु परिवर्तन से जुड़ी हीटवेव और आगजनी के कारण ग्रीस में प्रत्येक वर्ष गर्मियों में कई जंगलों में आग लग जाती है।

हैं तैयार हम...

भारतीय वायु सेना सरहद पर बखूबी अपना कर्तव्य निभाती है साथ ही देश में आपात स्थिति आने पर सेना किस तरह सुरक्षा कर सकती है इसके लिए सेना को रिर्हसल की जरूरत पड़ती ही है। जिसके चलते रविवार को भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमान सुखोई 30 एमकेआई को लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर उन्नाव में उतारा गया। ● एजेंसी

तकनीक से बदलाव भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र बोले- मौसम के पूर्वानुमान को बेहतर बनाने के लिए एआई का उपयोग कर रहा है आईएमडी

अगले पांच वर्षों में एआई बदलेगा मौसम पूर्वानुमान की कहानी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि भारत के मौसम वैज्ञानिकों ने मौसम पूर्वानुमान को और अधिक सटीक बनाने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) एवं 'मशीन लर्निंग' का इस्तेमाल शुरू कर दिया है।

यहां बातचीत में महापात्र ने कहा कि अगले कुछ वर्षों में उभरती प्रौद्योगिकियां संख्यात्मक मौसम पूर्वानुमान मॉडल की भी पूरक होंगी, जिनका फिलहाल मौसम का पूर्वानुमान जताने के लिए व्यापक तौर पर इस्तेमाल किया जाता है।

उन्होंने कहा कि मौसम विभाग पंचायत स्तर या 10 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में मौसम का पूर्वानुमान लगाने के लिए अवलोकन प्रणाली बढ़ा रहा है। महापात्र ने कहा कि आईएमडी ने 39 डॉपलर मौसम रडार का एक नेटवर्क तैनात किया है, जो देश के 85 प्रतिशत भू-भाग को कवर करता है और प्रमुख शहरों के लिए प्रति घंटे का पूर्वानुमान बताता है। आईएमडी प्रमुख ने कहा कि हमने कृत्रिम मेधा का उपयोग सीमित तरीके से करना शुरू कर दिया है, लेकिन अगले पांच वर्षों के भीतर एआई हमारे मॉडल और तकनीकों में काफी सुधार करेगा।

महापात्र ने कहा कि आईएमडी ने 1901 से देश के मौसम रिकॉर्ड को डिजिटल कर दिया है और इसके जरिए विश्लेषण कर मौसम के मिजाज के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए कृत्रिम मेधा का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा मॉडल डेटा विज्ञान मॉडल है जो मौसम संबंधित घटना की भौतिकी में नहीं जाते हैं, बल्कि जानकारी उपलब्ध कराने के लिए पिछले डेटा का उपयोग करते हैं, जिसका इस्तेमाल बेहतर पूर्वानुमान लगाने के लिए किया जा सकता है। महापात्र ने कहा कि कृत्रिम मेधा का उपयोग करने के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और आईएमडी में विशेषज्ञ समूह गठित किए गए हैं। आईएमडी प्रमुख के मुताबिक, पूर्वानुमान की सटीकता में सुधार के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और संख्यात्मक पूर्वानुमान मॉडल दोनों एक दूसरे के पूरक होंगे और दोनों साथ मिलकर काम करेंगे और कोई भी दूसरे की जगह नहीं ले सकता। स्थानीय स्तर पर मौसम का पूर्वानुमान उपलब्ध कराने की जरूरत पर महापात्र ने विशिष्ट खतरों के लिए ग्राम-स्तरीय पूर्वानुमान देने में आईएमडी की चुनौतियों को स्वीकार किया।

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य पंचायत या ग्रामीण स्तर पर पूर्वानुमान प्रदान करना है... कृषि, स्वास्थ्य, शहरी नियोजन, जल विज्ञान और पर्यावरण में क्षेत्र-विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए मौसम की जानकारी उपलब्ध कराना है। आईएमडी प्रमुख ने आसानी से सूचना उपलब्ध होने वाले युग में डेटा के आधार पर निर्णय लेने के महत्व पर जोर दिया। महापात्र ने कहा कि एआई और 'मशीन लर्निंग' को शामिल करने से हम मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए पिछले डेटा का उपयोग कर पाते हैं और पारंपरिक भौतिकी-आधारित मॉडलों पर निर्भर रहे बिना पूर्वानुमान सटीकता में सुधार कर पाते हैं।

समुदायों को प्रभावित कर रहा है बदलता मौसम

मशीन लर्निंग (एमएल) एआई और कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है, जो डेटा के उपयोग पर केंद्रित है। मौसम के पूर्वानुमान पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के बारे में आईएमडी प्रमुख ने भीषण गर्मी की वजह से मध्य स्तर पर संवहनी बादलों के छाने जैसी मौसम संबंधी घटनाओं का उल्लेख किया, जो स्थानीय समुदायों को प्रभावित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इससे निपटने के लिए आईएमडी ने डॉपलर मौसम रडार तैनात किए हैं, जो देश के 85 प्रतिशत हिस्से को कवर करते हैं। महापात्र ने कहा कि 350 मीटर प्रति पिक्सेल के रिजॉल्यूशन वाला यह उन्नत रडार डेटा संवहनी बादलों का पता लगाने में सक्षम है जिससे भारी वर्षा और चक्रवात जैसी चरम घटनाओं को लेकर पूर्वानुमान की सटीकता काफी बढ़ जाती है।

अग्निबाण उप-कक्षीय रॉकेट का प्रक्षेपण तीसरी बार रोका

नई दिल्ली, एजेंसी

चेन्नई स्थित अंतरिक्ष स्टार्ट-अप अग्निकुल कॉसमॉस ने रविवार को कुछ तकनीकी वजहों का हवाला देते हुए उड़ान भरने से लगभग 92 सेकंड पहले अपने अग्निबाण उप-कक्षीय रॉकेट के प्रक्षेपण को रोक दिया। इस रॉकेट को पहली उड़ान भरनी थी।

मार्च 2022 के बाद से यह रविवार को अग्निबाण 'सब-ऑर्बिटल टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर' की परीक्षण उड़ान का तीसरा प्रयास था। इस रॉकेट की परीक्षण उड़ान पहली बार श्रीहरिकोटा में इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में 'अग्निकुल लॉन्च पैड' पर आयोजित होने वाली थी। शनिवार सुबह 7:45 बजे परीक्षण उड़ान का दूसरा प्रयास भी सफल नहीं हो सका। अग्निकुल ने कहा कि अग्निबाण रॉकेट को रविवार सुबह 5:30 बजे प्रक्षेपित किया जाना था, लेकिन इसे साढ़े सात बजे तक के लिए टाल दिया गया। इसने कहा कि बाद में निर्धारित समय से 92 सेकंड पहले रॉकेट की प्रक्षेपण उड़ान रोक दी गई। कंपनी के अनुसार, अग्निबाण दो चरणों वाला एक प्रक्षेपण यान है जो 300 किलोग्राम तक का पेलोड कक्षा में लगभग 700 किमी तक ले जा सकता है।